




# तरुण छत्तीसगढ़

e-Paper- tarunchhattisgarhkorba.com
कोरबा एवं रायपुर से एक साथ प्रकाशित डाक पंजीयन क्रमांक- जी2-112/सी.जी/बीएलपी/003/2024-2026

वर्ष 37 अंक 111 | कोरबा, मंगलवार, दिनांक 20 जनवरी 2026 डाक 21 जनवरी 2026 | पृष्ठ : 8 मूल्य 2.00 रुपए



सुनालिया ज्वेलर्स
हीरा, स्वर्ण, हॉलमार्क ज्वेलरी, रजत, राशि नग के विक्रेता
मो. 94255-32524,94241-43922
पावर हाउस रोड, कोरबा



**विविधा**
कर्तव्य पथ पर गणतंत्र दिवस की रिहर्सल के दौरान सेंट्रल रिजर्व पुलिस फोर्स और सशस्त्र सीमा बल के जवानों ने मोटरसाइकिल फॉर्मेशन बनाया।



**देश-विदेश**
ईरान संकट ने बढ़ाई दिल्ली के थोक बाजारों की चिंता, 4,000 करोड़ रुपये के कारोबार प्रभावित



**फीचर पेज**
तैमोर पिंगला अभ्यारण्य की रौनक बढ़ाई बाघों ने




# नितिन नवीन बने बीजेपी के सबसे युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष, मोदी-शाह के सामने हुई ताजपोशी





**नईदिल्ली 20 जनवरी [एजेंसी]।**

भारतीय जनता पार्टी के नेता नितिन नवीन ने निर्विरोध जीत दर्ज करके बीजेपी की कमान संभाल ली है। नितिन नवीन बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष बन चुके हैं। आज सुबह दिल्ली के कई मंदिरों में माथा टेकने के बाद नितिन नवीन ने बीजेपी मुख्यालय का रुख किया। नितिन नवीन ने अपना पदभार ग्रहण कर लिया है। नई दिल्ली स्थित बीजेपी के मुख्यालय में वरिष्ठ नेताओं का जमावड़ा लगा है। नितिन नवीन की ताजपोशी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से लेकर गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्र राजनाथ सिंह समेत कई राज्यों के मुख्यमंत्री भी शामिल हैं। गृह मंत्री अमित शाह, पूर्व अध्यक्ष जेपी नड्डा और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह बीजेपी मुख्यालय पहुंच चुके हैं। इसके अलावा उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, राजस्थान के सीएम भजनलाल शर्मा, विदेश मंत्री एस.जयशंकर, केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी भी बीजेपी मुख्यालय पर मौजूद हैं। पीएम मोदी नितिन नवीन के साथ मंच पर पहुंचे हैं। पूर्व अध्यक्ष जेपी नड्डा, अमित शाह, राजनाथ सिंह, नितिन गडकरी और शिवराज सिंह चौहान भी मंच पर मौजूद हैं। बीजेपी राष्ट्रीय अध्यक्ष का पदग्रहण करने से पहले नितिन नवीन भी बीजेपी मुख्यालय पहुंच चुके हैं। उनकी ताजपोशी से पहले कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह देखने को मिल रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी बीजेपी मुख्यालय पहुंच चुके हैं। नितिन नवीन ने फूलों के साथ पीएम मोदी का स्वागत किया है। नितिन नवीन बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष का पदभार ग्रहण कर चुके हैं। नितिन नवीन की ताजपोशी में बीजेपी नेता रमेश बिधूड़ी भी पहुंचे हैं, जहां उन्होंने राहुल गांधी पर निशाना साधा है। रमेश बिधूड़ी ने कहा, ये साफ संदेश है कि पार्टी का कोई भी कार्यकर्ता शीर्ष पद तक पहुंच सकता है। बीजेपी में 45 साल का कार्यकर्ता राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने जा रहा है। यही है असली लोकतंत्र। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नवनिर्वाचित राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन को बीजेपी मुख्यालय में सम्मानित किया। पीएम मोदी ने नितिन नवीन के गले में फूलों की माला पहनाकर उनका अभिवादन किया। बीजेपी के राष्ट्रीय रिटर्निंग अधिकारी के.लक्ष्मण ने नितिन नवीन को निर्वाचन पत्र सौंपते हुए औपचारिक रूप से राष्ट्रीय अध्यक्ष घोषत कर दिया है।

बीजेपी के पूर्व अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा, आप (नितिन नवीन) बीजेपी के 12वें राष्ट्रीय अध्यक्ष बन चुके हैं। आपको मेरी तरफ से ढेर सारी शुभकामनाएं। उनकी राजनीतिक उपलब्धियों के साथ-साथ उनकी संपत्ति और वित्तीय स्थिति भी चर्चा में है।

बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के लिए दायर चुनावी हलफनामे के अनुसार, नितिन नवीन और उनके परिवार की कुल संपत्ति 3.08 करोड़ रुपये है। इसमें चल और अचल दोनों तरह की संपत्तियां शामिल हैं। पांच बार विधायक रह चुके नितिन नवीन की संपत्ति अन्य बड़े नेताओं की तुलना में संतुलित मानी जा रही है। हलफनामे के मुताबिक, नितिन नवीन और उनके परिवार के पास कुल 1.60 करोड़ रुपये की चल संपत्ति है। वहीं, अचल संपत्ति यानी जमीन-जायदाद की कीमत करीब 1.47 करोड़ रुपये आंकी गई है। इसके साथ ही उन पर बैंकों और वित्तीय संस्थानों का लगभग 56.6 लाख रुपये का कर्ज भी दर्ज है।

# कर्नाटक के डीजीपी रामचंद्र राव निलंबित, कथित अश्लील वीडियो वायरल होने के बाद गिरी गाज




**बंगलूरू, 20 जनवरी [एजेंसी]।**

कर्नाटक पुलिस के शीर्ष अधिकारी रामचंद्र राव पर गाज गिरी है। अश्लील वीडियो वायरल होने के बाद राज्यपाल थावरचंद गहलोत के आदेश पर रामचंद्र राव को निलंबित कर दिया गया है। राज्य सरकार की तरफ से जारी आदेश के मुताबिक 1993 बैच के कर्नाटक कैडर के आईपीएस अधिकारी रामचंद्र राव को आपत्तिजनक वीडियो के वायरल होने के बाद तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। राज्य में मुख्यमंत्री सिद्धारमैया की सरकार ने निलंबन की जो कार्रवाई की है, इसके संबंध में जारी सरकारी आदेश के मुताबिक पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) डॉ. के रामचंद्र राव, कर्नाटक पुलिस की नागरिक अधिकार प्रवर्तन शाखा के महानिदेशक का पदभार संभाल रहे थे। राज्य सरकार के इस शीर्ष पुलिस अधिकारी के निलंबन का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। इस मामले में अब तक सामने आई मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक राव ने मुख्यमंत्री सिद्धारमैया और गृह मंत्री जी परमेश्वर से मुलाकात का प्रयास भी किया। हालांकि, दोनों लोगों से राव की मुलाकात नहीं हो सकी। निलंबित डीजीपी राव अभिनेत्री रान्या राव के पिता भी हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक उन्होंने वायरल वीडियो विवाद पर कहा, सोशल मीडिया पर फैलाई जा रही क्लिप फर्जी है और उन्हें इसके श्रोत के बारे में कोई जानकारी नहीं है। बता दें कि महिलाओं के साथ आपत्तिजनक स्थिति में देखे गए राव की क्लिप वायरल होने के बाद राज्य में राजनीतिक के साथ-साथ प्रशासनिक तूफान भी खड़ा होने की आशंका है। निलंबित किए जाने के बाद पुलिस महानिदेशक राव ने कहा, वायरल वीडियो आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) का इस्तेमाल कर बनाया गया है। इसका मकसद प्रतिष्ठा धूमिल करना है। उन्होंने कहा, कुछ लोग छवि खराब करने के साथ-साथ पेशेवर रूप से भी नुकसान पहुंचाने की साजिश कर रहे हैं। इस मामले के तूल पकड़ने के बाद राज्य की विपक्षी राजनीतिक पार्टी- भाजपा ने सरकार को कटघरे में खड़ा किया।

## बिटुमिन कारोबारी की फर्म पर जीएसटी का छापा पेट्रोलियम उत्पादों की खरीद-बिक्री में मिली गड़बड़ी

**हाथरस।** राज्य जीएसटी की टीम ने सोमवार को शहर की बिटुमिन कारोबारी के यहां छापा मारा।



आगरा रोड स्थित चूना वाला बल्क कैरियर नामक फर्म पर जांच पड़ताल की। दो बजे से शुरू हुई कार्रवाई रात तक जारी रही। टीम ने बिटुमिन, पेट्रोलियम पदार्थ से संबंधित दस्तावेजों को देखा। शहर में आगरा रोड पर बस स्टैंड के नाम चूना वाला बल्क कैरियर नाम से फर्म है। यहां सोमवार दोपहर राज्य जीएसटी की विशेष अनुसंधान शाखा मथुरा की टीम के अधिकारी पहुंचे। इस परिसर में संचालित बिटुमिन (तारकोल) के अलावा कई प्रकार के पेट्रोलियम उत्पाद से सम्बंधित दस्तावेजों की जांच की गई। टीम के अधिकारियों ने फर्म स्वामी से दस्तावेज देखे। टैक्स के संबंध में भी दस्तावेजों से जानकारी खंगाली।

# चंडीगढ़ पुलिस पर सीबीआई का शिकंजा, दो बड़े मामलों में इंस्पेक्टर सेखों और रामरत्न समेत कई पुलिसकर्मी आरोपी



**चंडीगढ़, 20 जनवरी [एजेंसी]।**

सीबीआई ने चंडीगढ़ पुलिस से जुड़े दो बड़े मामलों में सोमवार को सीबीआई की ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट कोर्ट में चार्जशीट दाखिल कर दी। एक मामला नामी डॉक्टर के अपहरण का है जिसमें इंस्पेक्टर हरिंदर सेखों समेत क्राइम ब्रांच के कई पुलिसकर्मी आरोपित हैं। वहीं, दूसरा मामला सबूतों से छेड़छाड़ का है, जिसमें इंस्पेक्टर रामरत्न शर्मा और एसआइ सत्यवान शामिल हैं। अपहरण के मामले में पिछले साल एफआईआर दर्ज हुई थी, जबकि सबूतों से छेड़छाड़ का मामला अप्रैल 2024 में दर्ज हुआ था। पिछले साल सीबीआई ने इंस्पेक्टर हरिंदर सिंह सेखों समेत सात पुलिसकर्मियों के खिलाफ आइपीसी की धारा 365 और 34 के तहत केस दर्ज किया था। करीब एक साल चली जांच के बाद सीबीआई ने सोमवार को चार्जशीट दाखिल कर दी। पिछले साल जिन पर केस दर्ज हुआ था उनमें क्राइम ब्रांच के पूर्व इंस्पेक्टर हरिंदर सिंह सेखों, सब-इंस्पेक्टर सुरेश कुमार, असिस्टेंट सब-इंस्पेक्टर अजमेर सिंह उर्फ अमितोज सिंह, हेड कॉन्स्टेबल अनिल कुमार, कॉन्स्टेबल विकास हुड्डा, कॉन्स्टेबल सुभाष और कॉन्स्टेबल नीरज कुमार के नाम थे। वहीं, सूत्रों से पता चला है कि चार्जशीट में कुछ और पुलिसकर्मियों के नाम भी शामिल जोड़े गए हैं। इनके खिलाफ सेक्टर-21 निवासी डेंटिस्ट डा.मोहित धवन ने शिकायत दी थी।

## राष्ट्रगान को नहीं मिला सम्मान, नाराज होकर विधानसभा से बाहर निकले तमिलनाडु के राज्यपाल

**नई दिल्ली।** तमिलनाडु सरकार और राज्यपाल आर एन रवि के बीच एक बार फिर नोंक-झोंक की खबरें सामने आ रही हैं। आर एन रवि विधानसभा सत्र को बीच में छोड़कर बाहर चले गए। उन्होंने तमिल एंथम के बाद राष्ट्रगान बजाने की मांग की थी, जिसे स्पीकर अप्पावु ने मानने से इनकार कर दिया। ऐसे में आर एन रवि सदन को संबोधित किए बिना ही कार्रवाई का बहिष्कार कर दिया। राज्यपाल ने तीसरी बार सदन का बहिष्कार किया है। इससे पहले उन्होंने 2024 और



2025 में भी भाषण नहीं दिया था। तमिलनाडु लोकभवन ने प्रेस रिलीज जारी करते हुए इस पूरे मामले की जानकारी दी है। तमिलनाडु विधानसभा में राज्यपाल आर एन रवि ने कहा, ÷मुझे बहुत दुख है कि राष्ट्रीय गान को सम्मान नहीं दिया जा रहा है। ये दुर्भाग्य है कि संबोधन में बाधा पड़ी है। मैं अपनी जिम्मेदारियों से भलीभांति अवगत हूं। मगर, राष्ट्रीय गान को पूरा सम्मान मिलना चाहिए। राज्यपाल की मांग पर प्रतिक्रिया देते हुए तमिलनाडु के स्पीकर अप्पावु ने कहा, विधानसभा में सिर्फ विधायकों को अपने विचार साझा करने की अनुमति होती है। कोई और अपने विचार नहीं थोप सकता है। सरकार ने राज्यपाल के संबोधन की तैयारी कर रखी थी। हालांकि, राज्यपाल आर एन रवि का कहना है, मेरा माइक बंद कर दिया गया और मुझे बोलने नहीं दिया गया। इससे मुझे अपमानित महसूस हुआ है।

## मकान के अंदर गोली लगे मिले परिवार के 5 लोगों के शव

**सहारनपुर।** सरसावा के कौशिक विहार कॉलोनी में बंद मकान के अंदर मंगलवार सुबह एक ही परिवार के पांच लोगों के शव मिले हैं। एसपी देहात पुलिस टीम के साथ पहुंचे और जांच की। प्राथमिक जांच में मामला सुसाइड का माना जा रहा है। मौके पर पुलिस को मकान के अंदर ताले लगे मिले। शव पर गोली के निशान है। मृतकों में बुजुर्ग महिला, पति, पत्नी और उनके दो बच्चे है। मृतकों में अशोक, उनकी पत्नी अंजिता, मां विद्यावती और दो बेटे कार्तिक व देव हैं। इनके शरीर पर गोली के निशान हैं। पास में तीन तमंचे पड़े मिले हैं। अशोक तहसील कर्मचारी (अमीन) थे।

# डेनमार्क पर कब्जे के लिए वॉर मोड में ट्रंप! ग्रीनलैंड में लड़ाकू विमानों की तैनाती का ऐलान

**नईदिल्ली 20 जनवरी [एजेंसी]।**

ग्रीनलैंड पर ट्रंप के बयान ने पूरी दुनिया की टेंशन बढ़ा दी है। खासकर यूरोपिय देशों में बेचैनी का माहौल है। ट्रंप लगातार ग्रीनलैंड पर कब्जा करने की धमकी दे रहे हैं। इसी बीच अमेरिका ने ग्रीनलैंड में स्थित पिटुफ्फिक अंतरिक्ष बेस पर उत्तरी अमेरिकी एयरोस्पेस डिफेंस कमांड का लड़ाकू विमान तैनात करने का फैसला किया है। NORAD ने बताया कि ग्रीनलैंड में अमेरिका की दीर्घकालिक योजनाबद्ध गतिविधियों को पूरा करने के लिए एयरक्राफ्ट की तैनाती की गई है। अमेरिका का दावा है कि ग्रीनलैंड और डेनमार्क से संपर्क




करने के बाद ये एक्शन लिया गया है। NORAD ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ङ्ग पर पोस्ट शेयर करते हुए कहा, NORAD का एयरक्राफ्ट जल्द ही ग्रीनलैंड स्थित पिटुफ्फिक स्पेस बेस पर पहुंच जाएगा। ये एयरक्राफ्ट ग्रीनलैंड में पहले से तैनात अमेरिका और कनाडा के एयरक्राफ्ट बेड़े में शामिल होगा। ये NORAD की दीर्घकालिक योजनाबद्ध गतिविधियों का समर्थन करेगा। इससे अमेरिका और कनाडा के बीच रक्षा सहयोग में मजबूती आएगी। ग्रीनलैंड में मौजूद डेनमार्क समेत सभी सहयोगी सेनाओं से कूटनीतिक मंजूरी के बाद ही ये गतिविधियां प्लान की गई हैं। ग्रीनलैंड की सरकार को भी इसकी सूचना दे दी गई है। हाल ही में डेनमार्क की सेना ने भी ग्रीनलैंड पर बहुराष्ट्रवादी सैन्य अभ्यास किया था। इस अभ्यास के लिए जर्मनी, स्वीडन, फ्रांस, नॉर्वे, नीदरलैंड और फिनलैंड ने भी अपनी सेनाएं भेजी थीं। डेनमार्क ने अमेरिकी सेना को भी अभ्यास में शामिल होने का निमंत्रण भेजा था।

# वेनेज़ुएला और ईरान के बाद अब ग्रीनलैंड पर ट्रंप की नजर, दुनिया में बढ़ती बेचैनी

**नईदिल्ली 20 जनवरी [एजेंसी]।**

अमेरिका एक बार फिर वैश्विक राजनीति में हलचल बढ़ाने के केंद्र में आ गया है। वेनेजुएला में हस्तक्षेप और ईरान के खिलाफ आक्रामक रुख के बाद अब राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ग्रीनलैंड को लेकर ऐसे संकेत दिए हैं, जिसने यूरोप समेत पूरी दुनिया की चिंता बढ़ा दी है। ट्रंप ने साफ तौर पर कहा है कि ग्रीनलैंड पर अमेरिका का अधिकार होना चाहिए। यह बयान ऐसे समय में आया है जब वेनेजुएला को लेकर अमेरिकी कार्रवाइयों की अंतरराष्ट्रीय स्तर पर तीखी चर्चा अभी थमी भी नहीं थी। ग्रीनलैंड डेनमार्क का स्वायत्तशासी क्षेत्र है और दुनिया का सबसे बड़ा द्वीप भी। इसका क्षेत्रफल भारत के



लगभग 70 प्रतिशत के बराबर बताया जाता है। यहां तेल, गैस और दुर्लभ खनिजों के बड़े भंडार होने की संभावना है। जलवायु परिवर्तन के कारण बर्फ तेजी से पिघल रही है, जिससे इन संसाधनों के दोहन की संभावनाएं बढ़ गई हैं। विशेषज्ञों के मुताबिक यही कारण है कि ग्रीनलैंड अब महाशक्तियों के लिए रणनीतिक लक्ष्य बनता जा रहा है।

ट्रंप का तर्क है कि ग्रीनलैंड पर रूस और चीन की नजर है, इसलिए अमेरिका को पहले से कदम उठाना चाहिए। इसी बीच खबर है कि नाटो में शामिल कुछ यूरोपीय देशों ने अपने सैनिकों को ग्रीनलैंड भेजने की तैयारी शुरू कर दी है। डेनमार्क के नेताओं ने भी स्पष्ट कर दिया है कि वे किसी भी कीमत पर ग्रीनलैंड को अमेरिका का हिस्सा नहीं बनने देंगे। हालांकि ट्रंप ने डेनमार्क की ऐतिहासिक दावेदारी पर तंज कसते हुए कहा कि सिर्फ पांच सौ साल पहले किसी नौका के वहां पहुंचने से वह क्षेत्र किसी का नहीं हो जाता।

## गृहमंत्री विजय शर्मा के बंगले के सामने CAF कैंडिडेट्स का हंगामा

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ आर्म्स फोर्ड के लिए 2018 में 1786 पदों पर भर्ती निकाली गई थी। इनमें लगभग 417 कैंडिडेट वेटिंग लिस्ट में थे। जिन्हें 7 साल बाद भी नौकरी नहीं मिल पाई है। जबकि CAF में 3 हजार से ज्यादा पोस्ट खाली है। इनमें से कुछ उम्मीद हारकर दूसरा करियर ऑप्शन देख चुके हैं। कुछ 7 साल से लगातार दफ्तरों और मंत्री बंगलों के चक्कर काट रहे हैं। पिछले एक महीने से परिवार-बच्चों सहित तूता धरना स्थल पर बैठे हैं। चौथी बार पर गृहमंत्री सदन अपनी मांग लेकर पहुंचे। इस दौरान कैंडिडेट्स और पुलिस के अधिकारियों के बीच तीखी नोंक-झोंक हो गई। बता दें कैंडिडेट्स ने गृहमंत्री विजय शर्मा का बंग्ला घेर रखा है। मुलाकात और चर्चा की मांग पर कैंडिडेट्स अड़े हुए हैं। कैंडिडेट्स को हटाने पुलिस पहुंची हुई है। कैंडिडेट्स का आरोप है कि पुलिस महिलाओं और बच्चों पर जोर आजमाइश कर रही है। इस बात को लेकर विवाद उपजा हुआ है। कैंडिडेट्स का साफ कहना है कि वो गृहमंत्री से मुलाकात किए बिना नहीं जाएंगे। बता दें दो मुलाकात में गृह मंत्री विजय शर्मा से कैंडिडेट्स को आश्वासन मिला था। तीसरी बार कैंडिडेट्स से गृहमंत्री की मुलाकात नहीं हो पाई थी।


स्किन केयर व कास्मेटोलाजी क्लिनिक
चर्म, गुप्त, कुष्ठ रोग विशेषज्ञ एवं सैक्स सलाहकार
डॉ.आर.के.अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.FDS
(Lond.)F.i.a.m.s.(Ind.)
Mob.9424170010
-: परामर्श का समय :-
सुबह 10.30 से 1.30
(शाम को बंद)
डॉ.शशि अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.(U.K)
Mob.9826389894
सुविधायें:- गंजापन, मस्से हटाना, दाद खाज खुजली, एक्जीमा, एलर्जी, सड़े नाखून, कुष्ठ रोग, काले दाग, मुंहासे, बाल झड़ना, सेक्स की कमी, शीघ्र पतन, धात, मानसिक रोगों का मशीनों व अत्याधुनिक दवाओं द्वारा शीघ्र ईलाज, फोटोथेरेपी, इलेक्ट्रीशिकेशन, क्रायोसर्जरी, सायकोथेरेपी का ईलाज।
मो. 9203907928,9826389894 (क्लीनिक)
विशेष : बुधवार को 20 मरीजों का फीस माफ...
पता : एचआईजी -4 नेहरू नगर, रिकाण्डो रोड घोड़ा चौक, बुधवारी बाजार के पास, कोरबा


# 'कैसे बन गए शंकराचार्य 24 घंटे में दें जवाब' अविमुक्तेश्वरानंद को माघ मेला प्राधिकरण का नोटिस

**प्रयागराज, 20 जनवरी [एजेंसी]।**



माघ मेला में मौनी अमावस्या के स्नान पर्व पर स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद की शोभायात्रा पर रोक के बाद पनपे विवाद में एक नया मोड़ आ गया है। माघ मेला प्राधिकरण ने स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद को नोटिस भेजकर जवाब मांगा है कि सुप्रीम कोर्ट की रोक के बावजूद उन्होंने अपने नाम के आगे 'शंकराचार्य' क्यों लगाया है।

मेला प्राधिकरण ने नोटिस में सुप्रीम कोर्ट में विचाराधीन सिविल अपील का उल्लेख करते हुए कहा कि अभी तक इस संदर्भ में कोई आदेश पारित नहीं हुआ है, ऐसे में कोई भी धर्माचार्य ज्योतिष्पीठ के शंकराचार्य के रूप में पट्टाभिषेकित नहीं हो सकता। बावजूद इसके स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने मेला क्षेत्र में लगे शिविर के बोर्ड पर अपने नाम के आगे 'शंकराचार्य' अंकित किया है। प्राधिकरण ने स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद को 24 घंटे के भीतर इसमें सुधार करने को कहा है साथ ही इसका कारण भी बताने को कहा है। माघ मेला में मौनी अमावस्या स्नान पर्व पर संगम में शोभायात्रा के साथ स्नान करने जा रहे जगदुरु स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद को रोके जाने का विवाद गहरा गया है। स्वयं के अपमान और अपने शिष्यों के साथ पुलिस की अभद्रता से आहत वह मेला प्रशासन के खिलाफ धरने पर बैठे हैं।

मौनी अमावस्या महापर्व के महास्नान पर रविवार को स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद के डुबकी न लगाने के प्रकरण में सोमवार दोपहर को स्वामी ने मीडिया से बात की तो पुलिस-प्रशासन के उच्चाधिकारियों ने भी अपना पक्ष रखा। मंडलायुक्त सौम्या अग्रवाल ने स्पष्ट किया कि उन्हें स्नान करने से नहीं रोका गया, बल्कि आग्रह किया गया। आपत्ति तो सिर्फ पहिया लगी पालकी पर थी, जिस पर सवार होकर संगम नोज तक जाना चाहते थे। उस समय संगम नोज पर स्नानार्थियों की भारी भीड़ थी और पहिया लगी पालकी पर सवार होकर वह घाट तक जाते तो भगदड़ अथवा कोई भी अनहोनी की घटना होने की आशंका थी।

माघ मेला के प्रमुख स्नान पर्व मौनी अमावस्या के अवसर पर अपने शिविर से पहिया लगी पालकी से शिष्यों संग संगम को स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती की शोभायात्रा को पुलिस ने रोक दिया था। इसे लेकर आक्रोशित शिष्यों ने झड़प की थी। पुलिस ने कुछ शिष्यों को पकड़ लिया था, स्वामी से दुर्व्यवहार व पिटाई का आरोप है। पुलिस की कार्यप्रणाली से क्षुब्ध होकर स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती त्रिवेणी मार्ग स्थित अपने शिविर के गेट के सामने धरने पर बैठ गए थे। वहीं शिष्यों पर बैरिकेडिंग तोड़ने का आरोप है। पुलिस ने उनके शिष्य प्रतक्षचैतन्य मुकुंदानंद गिरि सहित कई लोगों को हिरासत में ले लिया था।

## छत्तीसगढ़ शासन एवं एसबीआई के समन्वय से पुलिस सैलरी पैकेज योजना अंतर्गत किया जा रहा बीमा सहायता प्रदान

**कोरबा ।** छत्तीसगढ़ शासन एवं भारतीय स्टेट बैंक के साथ समन्वय स्थापित कर जिला पुलिस कोरबा में कार्यरत समस्त पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को पुलिस सैलरी पैकेज योजना का लाभ प्रदान किया जा रहा है। इस योजना के अंतर्गत पुलिस कर्मियों को सड़क दुर्घटना बीमा, आकस्मिक मृत्यु बीमा जैसी महत्वपूर्ण सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं, जिससे उनके तथा उनके परिवारजनों की सामाजिक एवं आर्थिक सुरक्षा सुनिश्चित हो सके।

इसी कड़ी में, पुलिस अधीक्षक कार्यालय में पदस्थ आरक्षक कृष्ण कुमार खड़िया एवं आरक्षक सुरेन्द्र लहरे के आकस्मिक निधन के पश्चात उनके परिजनों को पुलिस सैलरी पैकेज योजना के अंतर्गत 10,00,000/- (दस लाख रुपये) की बीमा राशि प्रदान की गई। उक्त बीमा राशि का वितरण कोरबा जिला पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी, भारतीय स्टेट बैंक के मुख्य प्रबंधक मृत्युंजय वर्मा एवं रामेश्वर कुमार, मुख्य प्रबंधक, आईटीआई शाखा कोरबा की गरिमामयी उपस्थिति में किया गया।

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी ने कहा कि पुलिस कर्मी समाज की सुरक्षा के लिए कठिन एवं चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हैं। पुलिस सैलरी पैकेज योजना उनके परिवारजनों को सामाजिक एवं आर्थिक सुरक्षा प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। कोरबा जिला पुलिस भारतीय स्टेट बैंक के सहयोग से अपने पुलिस कर्मियों एवं उनके परिजनों को हर संभव सहायता प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

## उप निरीक्षक पर लगे गंभीर आरोप- पुलिस अधीक्षक ने लिया संज्ञान

**कोरबा।** कोरबा जिलान्तर्गत छेड़छाड़ के गंभीर आरोप में कटघोरा थाना में पदस्थ उप निरीक्षक पर एफआईआर दर्ज कर ली गयी हैं। जानकारी के अनुसार पीड़ित महिला की शिकायत के बाद कोरबा जिला पुलिस अधीक्षक सिद्दार्थ तिवारी ने उप निरीक्षक को तत्काल निलंबित कर दिया हैं। प्रार्थी महिला ने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा हैं की अवैध मादक द्रव्य पदार्थ के बिक्री मामले में उसके पति को जेल भेजने के बाद उप निरीक्षक उसे परेशान करता था। साथ ही फोन कर लगातार अश्लील बातें करने और दबाव बनाने का भी गंभीर आरोपलगाया हैं। प्रार्थी महिला ने आगे और ज्यादा गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि 18 जनवरी दिन रविवार को उसके द्वारा घर पहुंचकर जबरन छेड़छाड़ की गयी। प्रार्थी पीड़िता ने थाना पहुंचकर थाना प्रभारी को उक्त पूरी घटना बताई। पुलिस ने जांच शुरू कर दी हैं।



## झोराघाट में जुटे लांबा समर्थन

**कोरबा ।** जिले के वरिष्ठ भाजपा नेता व पूर्व महापौर जोगेश लाम्बा के द्वारा हर साल की तरह इस बार भी 18 जनवरी दिन-रविवार को झोराघाट (छुरी) में वनभोज का शानदार आयोजन किया गया।

कार्यक्रम सुबह 10 बजे से दोपहर 2:30 बजे तक रखा गया था, जिसमें भाजपा जिला अध्यक्ष गोपाल मोदी, पूर्व जिला अध्यक्ष मनोज शर्मा एवं पूर्व सभापति अशोक चावलानी समेत बड़ी संख्या में भाजपा के पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल हुए । यहां सैकड़ों की तादाद में शामिल श्री लांबा के शुभचिंतकों और समर्थकों को किसी तरह की असुविधा न हो इस बात का पूरा ख्याल रखा गया । स्थानीय कलाकारों के द्वारा प्रस्तुत मधुर गीत संगीत कार्यक्रम का सबने लुत्फ उठाया। बता दें कि हरियाली, पहाड़ों और शांत वातावरण के बीच हसदेव तट में आयोजित यह वन-भोज कार्यक्रम सहभागियों को रोजमर्रा की भागदौड़ से दूर प्रकृति के सान्निध्य में सुकून और आत्मीयता का अनुभव कराता है।

## प्लेसमेन्ट केंप का आयोजन कल

**कोरबा ।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र, कोरबा में प्लेसमेन्ट केंप का आयोजन 21 जनवरी को प्रात: 11 बजे किया जा रहा है। प्लेसमेंट के माध्यम नियोजक परिश्रम रिसोर्स प्राईवेट लिमिटेड गुरूग्राम, हरियाणा, एवं पेरेन्नियल टेक्नोलॉजी प्राईवेट लिमिटेड बावधान, पुणे द्वारा विभिन्न पदों पर भर्ती की जाएगी ।रिक्तियों का विवरण इस प्रकार है - मीटर इंस्टालर - 80 पद, डी.जी.ऑपरेटर - 10 पद, डीवाटरिंग - 10 पद शामिल है। शैक्षणिक योग्यता आई.टी.आई डीजल मैकेनिक, आई.टी.आई. इलेक्ट्रिशियन, आई.टी.आई. (सभी ट्रेड) एवं नॉन आई.टी.आई. शामिल है। आयुसीमा- 18-40 वर्ष तक एवं वेतनमान रूपये - 15,000 से 20,000 तक, नियोजक द्वारा निर्धारित किया गया है। उक्त रिक्त पद कोरबा एवं एस.ई.सी.एल बिलासपुर (छ0ग0) के लिए है। इच्छुक आवेदक (केवल पुरूष) उक्त तिथि को सुबह 11.00 बजे से 2.00 बजे तक उपस्थित होकर अपने योग्यतानुसार रोजगार के अवसर प्राप्त कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए रोजगार कार्यालय के दूरभाष नं. - 07759-222069 में संपर्क किया जा सकता है। एवं रोजगार कार्यालय के टेलीग्राम ग्रुप- से जुड़ सकते हैं।

## जनदर्शन में डीएम ने सुनीं नागरिकों की समस्याएं, अधिकारियों को दिए त्वरित कार्रवाई के निर्देश

**कोरबा ।** जिला कार्यालय में आयोजित कलेक्टर जनदर्शन में कलेक्टर श्री कुणाल दुदावत ने जिले के दूरस्थ वनांचल एवं शहरी क्षेत्रों से आए आम नागरिकों की समस्याओं को गंभीरता से सुना। उन्होंने प्राप्त आवेदनों पर संबंधित अधिकारियों को नियमानुसार एवं समय-सीमा में निराकरण के निर्देश दिए।आवेदकों ने एक एक कर अपने आवेदन कलेक्टर के समक्ष प्रस्तुत किया एवं अपनी समस्याएं बताई। जनदर्शन में नकिया पंचायत के पहाड़ी कोरवा ग्रामीणों द्वारा सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत राशन वितरण में लापरवाही की शिकायत प्रस्तुत की गई। कलेक्टर श्री दुदावत ने प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए खाद्य अधिकारी को तत्काल जांच कराने तथा दो दिवस के भीतर सभी हितग्राहियों को खाद्यान्न वितरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि उचित मूल्य की राशन दुकानों से समय पर हितग्राहियों को खाद्यान्न वितरण सुनिश्चित हो, खाद्य निरीक्षक फील्ड पर इसका मॉनिटरिंग करें, साथ ही इस प्रकार की शिकायत पर त्वरित कार्रवाही करते हुए उपभोक्ताओं को समय पर खाद्यान्न वितरण सुनिश्चित किया जाएं ।करतला तहसील के ग्राम भंवरखोल की निवासी भारती ने आवेदन प्रस्तुत कर बताया कि उसके पिता श्याम लाल कंवर के नाम से स्वीकृत प्रधानमंत्री आवास योजना की राशि आवेदन के दौरान खाता क्रमांक की गलत प्रविष्टि के कारण किसी अन्य व्यक्ति के खाते में अंतरित हो गई है। आवेदिका द्वारा राशि वापस दिलाने का आग्रह किया गया। कलेक्टर श्री दुदावत ने प्रकरण के सम्बंध में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं संबंधित अधिकारियों को तत्काल जांच कर नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई करते हुए हितग्राही को राशि वापस दिलाने के निर्देश दिए।

### आयोजन के संबंध में जिला पंचायत सभाकक्ष में बैठक आयोजित

# शासकीय मिनी माता कन्या महाविद्यालय कोरबा में जिला स्तरीय राष्ट्रीय मतदाता दिवस समारोह का आयोजन 25 जनवरी को

**कोरबा ।** भारत निर्वाचन आयोग एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छ0ग0 रायपुर के निर्देशानुसार 25 जनवरी 2026 को 16 वॉं राष्ट्रीय मतदाता दिवस पूरे देश, राज्य जिला स्तर, अनुविभाग स्तर, के साथ प्रत्येक मतदान केन्द्रों में राष्ट्रीय मतदाता दिवस का आयोजन किया जायेगा। इस अनुक्रम में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कुणाल दुदावत के मार्गदर्शन में 25 जनवरी 2026 को शासकीय मिनी माता कन्या महाविद्यालय कोरबा में प्रात: 11.00 बजे राष्ट्रीय मतदाता दिवस जिला स्तरीय समारोह आयोजित किया जायेगा ।

जिला स्तरीय राष्ट्रीय मतदाता दिवस समारोह के सफल आयोजन के सबंध में श्री दिनेश कुमार नाग,मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत कोरबा की अध्यक्षता में आज 19 जनवरी को जिला पंचायत कोरबा के सभाकक्ष में जिला स्तरीय बैठक आयोजित की गई ।

बैठक में उपस्थित सीईओ जिला पंचायत श्री नाग ने जिले में राष्ट्रीय मतदाता दिवस का आयोजन समस्त ग्राम पंचायतों, समस्त मतदान केन्द्रों, समस्त शासकीय /अशासकीय महाविद्यालयों, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों में 25 जनवरी रविवार को आयोजित किये जाने के निर्देश सर्व विभाग प्रमुखों, प्राचार्यों,स्वीप नोडल अधिकारियों को दिये ।बैठक में उपस्थित श्री माधुरी सोम ठाकुर,संयुक्त कलेक्टर एवं उप जिला



निर्वाचन अधिकारी ने राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर नवीन युवा मतदाताओं को बैज लगाकर सम्मानित करने तथा प्रत्येक मतदान केन्द्रों में राष्ट्रीय मतदाता दिवस कार्यक्रम आयोजित कर फोटोग्राफ्स एवं शार्ट विडियो प्रेषित करने के निर्देश दिये ।इस अवसर पर सतीश प्रकाश सिंह सहायक जिला स्वीप नोडल अधिकारी कोरबा ने भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दिये गये निर्देशानुसार जिले में राष्ट्रीय मतदाता दिवस के सफल आयोजन हेतु आयोग द्वारा प्रेषित 16 वां का थीम '' मेरा भारत मेरा वोट'' है । जिसके टैगलाईन के संबंध में विस्तार से जानकारी दी । श्री सिंह ने उपस्थित अधिकारियों /सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमो के अधिकारियों एवं शासकीय/अशासकीय महाविद्यालयों के प्राचार्यों, स्वीप नोडल अधिकारियें से दिनांक 20.01.2026 से 24.01.2026 तक विशेष गहन पुनरीक्षण एस आई आर के समुचित प्रचार प्रसार एवं जनजागरूकता हेतु विशेष शिविर का आयोजन तथा नुक्कड नाटक का मंचन, कला जत्था का प्रदर्शन , गीत संगीत कार्यक्रम आदि के द्वारा मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने के लिए निर्देशित किये। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कुणाल दुदावत के मार्गदर्शन में कोरबा जिले में निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित थीम के राष्ट्रीय मतदाता दिवस कार्यक्रम का आयोजन 25 जनवरी रविवार को जिला स्तरीय राष्ट्रीय मतदाता दिवस समारोह के आयोजन सहित, समस्त ग्राम पंचायतों, समस्त शासकीय कार्यालयो, समस्त मतदान केन्द्रों,समस्त आंगनबाडी, समस्त शासकीय शैक्षणिक संस्थानों, महाविद्यालयों, विद्यालयों,समस्त सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों ) औद्योगिक इकाईयों, में किया जायेगा। राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर मतदान केन्द्र स्तर पर समस्त बी एल ओ अपने मतदान केन्द्र क्षेत्र में मतदाता दिवस का आयोजन करेगें। मतदान केन्द्र क्षेत्र में पंजीकृत नवीन मतदाताओं को नये मतदाता बनने पर ईपिक कार्ड प्रदान करने नये मतदाताओं को ईपिक के साथ आयोग द्वारा निर्धारित आकृति एवं रंग अनुसार निर्मित बैज जिस पर मतदाता बनने पर हमें है गर्व, वोट देने को हम है तैयार नारा लिखा /मुद्रित हुआ बैज प्रदान किया जायेगा।

## 12 फरवरी की राष्ट्रव्यापी हड़ताल को सफल बनाने एसईसीएल में संयुक्त आंदोलन का ऐलान

**कोरबा ।** केंद्र सरकार द्वारा लागू श्रम संहिताओं को वापस लेने की मांग को लेकर प्रस्तावित 12 फरवरी की राष्ट्रव्यापी 1 दिवसीय हड़ताल को सफल बनाने के लिए साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एसईसीएल) में चारों केंद्रीय श्रमिक संगठनों ने संयुक्त आंदोलन का ऐलान कर दिया है। जानकारी के अनुसार इस संबंध में बैकुंठपुर क्षेत्र अंतर्गत एचएमएस, एटक, इंटक और सीटू से संबद्ध केंद्रीय अध्यक्षों एवं महामंत्रियों की संयुक्त बैठक आयोजित की गई। बैठक में 09 जनवरी को दिल्ली में आयोजित संयुक्त कन्वेंशन में लिए गए निर्णयों को लागू करने पर सहमति बनी।बैठक में निर्णय लिया गया कि 25 जनवरी से 11 फरवरी तक एसईसीएल की सभी खदान इकाइयों एवं क्षेत्रीय मुख्यालयों में संयुक्त रूप से गेट मीटिंग, आमसभा, रैली, वॉल राइटिंग और माइक प्रचार जैसे आंदोलनात्मक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसके साथ ही 25 जनवरी से 31 जनवरी के बीच सभी इकाइयों और क्षेत्रों में संयुक्त बैठकें कर 1 दिवसीय हड़ताल को लेकर रणनीति तैयार की जाएगी। इन बैठकों की सूचना एवं छायाचित्र केंद्रीय संगठनों को भेजे जाएंगे। संयुक्त कार्यक्रम के तहत 06 फरवरी को सभी क्षेत्रीय मुख्यालयों में संयुक्त प्रदर्शन किया जाएगा। वहीं 08 फरवरी को सोहागपुर क्षेत्र के जमुना-कोतमा, सोहागपुर, जोहिला एवं हसदेव क्षेत्रों की संयुक्त आमसभा आयोजित होगी। 09 फरवरी को बैकुंठपुर क्षेत्र में भटगांव, बैकुंठपुर, चिरमिरी एवं बिश्रामपुर क्षेत्रों की आमसभा होगी। 10 फरवरी को दीपका क्षेत्र में रायगढ़, कोरबा, कोरबा केंद्रीय कर्मशाला, कुसमुण्डा, गेवरा, गेवरा केंद्रीय कर्मशाला एवं दीपका क्षेत्रों की संयुक्त आमसभा आयोजित की जाएगी। इसके बाद 11 फरवरी 2026 को एसईसीएल मुख्यालय में आमसभा का आयोजन किया जाएगा। बैठक में श्रमिक नेताओं ने कहा कि श्रम संहिताएं श्रमिक विरोधी हैं और इन्हें तत्काल वापस लिया जाना चाहिए। उन्होंने एसईसीएल के सभी कर्मचारियों से आह्वान किया कि वे 12 फरवरी की राष्ट्रव्यापी हड़ताल को पूर्ण समर्थन देकर ऐतिहासिक रूप से सफल बनाएं। बैठक में नत्थूलाल पाण्डेय (एचएमएस), अजय विश्वकर्मा (एटक), गोपाल नारायण सिंह (इंटक) एवं व्ही.एम. मनोहर (सीटू) की ओर से संयुक्त रूप से यह अपील जारी की गई हैं।

## पूर्व मंत्री अग्रवाल की पहल से स्याहीमुड़ी-रामनगर मार्ग खुला :ग्रामीणों को मिली बड़ी राहत

**जमनीपाली ।** कोरबा पश्चिम दर्री स्थित एचटीपीपी (सीएसईबी) प्रबंधन द्वारा कुछ कारणों से कॉलोनी से होकर स्याहिमुड़ी-रामनगर को जोड़ने वाले महत?वपूर्ण मार्ग को मलबा डालकर बंद कर दिया गया था जिससे स्याहीमुड़ी रामनगर, राजीव नगर, डाड़पारा आदि ग्रामों के ग्रामीणों को दैनिक आवागमन में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था। इस समस्या को लेकर क्षेत्र के नागरिकों ने पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल से संपर्क कर अपनी रोजमर्रा की परेशानियों से अवगत कराया।

ग्रामीणों की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए आज जयसिंह अग्रवाल वरिष्ठ पार्टी नेताओं के साथ मौके पर पहुंचे और स्थिति का प्रत्यक्ष निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने ग्रामीणों को हो रही व्यावहारिक कठिनाइयों को समझा तथा एचटीपीपी प्रबंधन के साथ चर्चा कर आम जनता की सुविधा के लिए कम से कम 6 फीट चौड़ा मार्ग खोलने की मांग को मजबूती से रखा ताकि स?थानीय लोगों की आवाजाही पुन: सुचारू रूप से बहाल हो सके । श्री अग्रवाल के सकारात्मक पहल के परिणामस्वरूप मुख्य अभियंता हेमंत सिंह एवं अतिरिक्त मुख्य अभियंता राजेश पांडेय ने आम जनता की सुविधा को ध्यान में रखते हुए मार्ग खोलने पर सहमति प्रदान की है। इस निर्णय से स्याहिमुड़ी एवं आसपास के क्षेत्र के लोगों को बड़ी राहत मिलेगी। क्षेत्रवासियों ने जयसिंह के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे वास्तव में आम जनता के सेवक हैं, जो जनसमस्याओं को प्राथमिकता के साथ उठाकर उनका



समाधान कराते हैं और हर परिस्थिति में आम जनता के साथ खड़े रहते है । उनके सतत प्रयासों से अब आम नागरिकों को राहत और सुगमता का अनुभव होगा। इस मौके पर जयसिंह अग्रवाल के साथ कांग्रेस पार्टी के कोरबा शहर जिलाध्यक्ष मुकेश राठौर, प्रदेश कांग्रेस सचिव विकास सिंह, ब्लाक अध्यक्ष पालूराम साहू, राजेंद्र तिवारी, युवा जिलाध्यक्ष राकेश पंकज, नेता प्रतिपक्ष कृपाराम साहू, पार्षद सुखसागर निर्मलकर, रवि चंदेल, पूर्व पार्षद मस्तुल सिंह कंवर, रोपा तिर्की, अघन बाई कंवर, जिला उपाध्यक्ष राजेन्द्र सिंह ठाकुर, वरिष्ठ कांग्रेस नेता सुधीर जैन, रेखा त्रिपाठी, आशीष अग्रवाल, सुरेन्द्र यादव, देवीदयाल तिवारी, संगीता श्रीवास, डॉ.डी आर नेताम, शशि साहु, जाकिर खान, सत्येन्द्र सिंह ठाकुर, विवेक श्रीवास, सफर अली, वर्धन मारिया, सर्यकांत महंत, मनीष अग्रवाल, राहुल अग्रवाल, डोरी लाल राठौर, संतराम, सीमा कुर्रे, सुरेश राठौर, प्रदीप भारिया, गाडिरया जी, ईरशाद अली, ज्योति याहु, मनोज यादव, गौतम साहु, जोध सिंह, तिरीथ राम सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे ।

## अवधूत भगवान राम के अनन्य दिवस पर सर्वेश्वरी समूह ने जरूरतमंदों को बांटे कंबल

**बालकोनगर।** बालकोनगर स्थित श्री सर्वेश्वरी समूह शाखा ने अवधूत भगवान राम के अनन्य दिवस पर शासकीय चिकित्सालय कोरबा के प्रसूति वार्ड में जरूरतमंदों को कंबल और शॉल वितरित किए। कोरबा के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एस.एन. केसरी एवं उनके स्टाफ के साथ बालकोनगर अवधूत आश्रम की संरक्षक इंदु शर्मा एवं पी.एन शर्मा, पदाधिकारी सत्येंद्र दुबे, के.एल शर्मा, आर.के. त्रिवेदी, संतोष शांडिल्य, सुधा शर्मा, नीलम सिंह, कुसुम शर्मा, हेमलता शांडिल्य, वेदिका सिंह आदि ने कंबल वितरण कार्यक्रम में उत्कृष्ट भागीदारी की। इस अवसर पर चिकित्सालय के अधिकारियों और स्टाफ ने श्री सर्वेश्वरी समूह द्वारा संचालित मानव कल्याण के 19 सूत्रीय कार्यक्रमों की प्रशंसा की।अनन्य दिवस के अवसर पर आश्रम परिसर में श्रमदान, गुरु पूजन, सफलयोनी पाठ और विचार गोष्ठी आयोजित हुई। इस अवसर पर शाखा मंत्री श्री संतोष शांडिल्य ने बताया कि श्री सर्वेश्वरी समूह के स्वयंसेवकों ने आश्रम परिसर के अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में जाकर जरूरतमंदों को कंबल वितरित किए। अनन्य दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए श्री शांडिल्य ने बताया कि अवधूत भगवान राम को साधना के दौरान अनेक लोगों से तिरस्कार मिला। कई दिन बिना अन्न-जल के उन्हें गुजारना पड़ा। इसी क्रम में माघ कृष्ण चतुर्दशी के दिन उन्हें एक वृद्धा स्त्री के द्वारा अन्न दिए जाने पर



आध्यत्मिक ज्ञान की अनुभूति हुई। उसके बाद कभी भी उन्हें जीवन में किसी भी भौतिक वस्तु की कमी नहीं हुई। वृद्धा स्त्री को अवधूत भगवान राम ने मां अन्नपूर्णा का अवतार मानते हुए समाज से मिलने वाली सभी भौतिक वस्तुओं को समाज कल्याण के लिए अर्पित कर दिए। इसलिए प्रति वर्ष माघ कृष्ण चतुर्दशी को अनन्य दिवस के तौर पर मनाया जाता है। श्री शांडिल्य ने बताया कि अनन्य दिवस देश भर में समस्त सर्वेश्वरी समूह शाखाओं में धूमधाम से आयोजित किया जाता है।

## कलेक्टर की अध्यक्षता में श्रम, कौशल विकास व उद्योग विभाग की योजनाओं की हुई समीक्षा

**कोरबा।** कलेक्टर श्री कुणाल दुदावत ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में श्रम विभाग, कौशल विकास और उद्योग विभाग की योजनाओं की समीक्षा की। बैठक में अधिकारियों से इस वर्ष की कार्ययोजनाओं की जानकारी ली गई और लक्ष्य के अनुरूप विभागीय उपलब्धियों में वृद्धि के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

कलेक्टर श्री दुदावत ने श्रम विभाग अंतर्गत नौनिहाल छात्रवृत्ति, मेधावी छात्र योजना, श्रमिक आवास योजना, अटल उत्कृष्ट योजना सहित अन्य योजनाओं की प्रगति का अवलोकन किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि पंजीकृत श्रमिकों और उनके बच्चों को प्राथमिकता के साथ लाभ पहुंचाया जाए। साथ ही, 'श्रमेव जयते' पोर्टल पर सभी प्रविष्टियां समयबद्ध तरीके से दर्ज करने के निर्देश दिए। लाईवलीहुड कॉलेज अंतर्गत अंतर्गत कलेक्टर ने विश्वकर्मा योजना में चिन्हांकित हितग्राहियों को कौशल प्रशिक्षण देकर रोजगार से जोड़ने के निर्देश दिए गए। उन्होंने युवाओं का सोलर पैनल इंस्टॉलेशन, कमर्शियल ड्राइवर, मोबाइल रिपेयरिंग, स्मार्ट मीटर इंस्टॉलेशन जैसे रोजगारोन्मुखी कोर्स में प्रशिक्षण प्रदान कर कौशल उन्नयन पर विशेष ध्यान देने को कहा। साथ ही विभाग की इंडस्ट्रीज पार्टनर्स से समन्वय स्थापित कर उनकी आवश्यकता के अनुसार ट्रेड्स में युवाओं को प्रशिक्षित करने, आजीविका से जुड़े सतत एवं दीर्घकालिक परिणाम सुनिश्चित करने तथा प्रशिक्षित मानव संसाधन तैयार करने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने इस हेतु एक व्यवस्थित और दीर्घकालीन कार्ययोजना तैयार कर कार्य करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने उद्योग विभाग की योजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने नई औद्योगिक नीति के तहत अधिक से अधिक युवाओं को स्वरोजगार और उद्यमिता से जोड़ने और स्थानीय रोजगार के अवसर बढ़ाना के निर्देश अधिकारियों को दिए। साथ ही स्वरोजगार और उद्यमिता योजनाओं के तहत लाभार्थियों को बैंक ऋण, सब्सिडी प्रदान करने में सहयोग प्रदान करने की बात कही।

## निगम के विभिन्न वार्ड के लोगों को मिली विकास कार्यों की सौगात

**कोरबा।** नगर पालिक निगम कोरबा के पं. रविशंकर शुक्ल नगर जोन अंतर्गत आने वाले विभिन्न वार्डों के लिए आज 3 करोड़ 20 लाख रुपये की लागत से किए जाने वाले विकास कार्यों की सौगात जनता को मिली। प्रदेश के उद्योग, वाणिज्य, श्रम, आबकारी एवं सार्वजनिक उपक्रम मंत्री लखनलाल देवांगन के मुख्य आतिथ्य एवं महापौर संजू देवी राजपूत की अध्यक्षता में अलग-अलग स्थानों पर आयोजित भूमिपूजन कार्यक्रमों के दौरान इन सभी महत्वपूर्ण विकास कार्यों का शुभारंभ किया गया।भूमिपूजन अवसर पर उद्योग मंत्री और महापौर ने संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी कार्य शीघ्र प्रारंभ किए जाएं, निर्माण कार्यों में गुणवत्ता से कोई समझौता न हो तथा निर्धारित समय-सीमा में कार्य पूर्ण किया जाए, ताकि आमजन को जल्द से जल्द इनका लाभ मिल सके।नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा वार्ड क्रमांक 34 अंतर्गत दादर रोड कलवर्ट से मानिकपुर मुक्तिधाम तक लगभग 1 करोड़ 84 लाख रुपये की लागत से कलवर्ट एवं नाला निर्माण कार्य कराया जाएगा, जिससे क्षेत्र में जल निकासी की वर्षों पुरानी समस्या का स्थायी समाधान होगा।इसी प्रकार पं. रविशंकर शुक्ल नगर जोन अंतर्गत 6 शासकीय स्कूलों में 36 लाख रुपये की लागत से किचन शेड निर्माण तथा 12 शासकीय



स्कूलों में 60 लाख रुपये की लागत से बालक-बालिका शौचालय निर्माण कराया जाएगा। इन कार्यों से विद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थियों को स्वच्छ, सुरक्षित एवं सुविधाजनक वातावरण उपलब्ध होगा।नगर निगम द्वारा वार्ड क्रमांक 33 मानिकपुर डिपरापारा में 25 लाख रुपये की लागत से सड़क निर्माण कार्य तथा वार्ड क्रमांक 26 अंतर्गत विनय सिंह के घर से जैतखाभ के सामने तक, एवं दादर मेन रोड से कुम्हार घर के पास कलवर्ट तक कृष्णानगर की आंतरिक गलियों का 15 लाख रुपये की लागत से निर्माण कार्य भी कराया जाएगा। इन कार्यों से क्षेत्रवासियों को बेहतर आवागमन सुविधा मिलेगी और क्षेत्र के समग्र विकास को गति मिलेगी।विद्यालयों की दशा में ऐतिहासिक सुधार : लखनलाल देवांगनइस अवसर पर उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में प्रदेश का सर्वांगीण विकास तेजी से हो रहा है। उन्होंने कहा कि शिक्षा के मंदिर कहे जाने वाले विद्यालयों की स्थिति में ऐतिहासिक सुधार लाया जा रहा है। पूर्व में शौचालयों के अभाव या जर्जर अवस्था के कारण विद्यार्थियों और शिक्षकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता था, लेकिन पिछले दो वर्षों में इस दिशा में व्यापक कार्य हुए हैं।उन्होंने बताया कि स्कूलों में स्वच्छ और आधुनिक शौचालय, साइकिल स्टैंड, किचन शेड, अतिरिक्त कक्ष, नए भवन, जर्जर भवनों का नवीनीकरण और बाउंड्रीवाल निर्माण जैसे कार्य बड़े पैमाने पर कराए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आशीर्वाद छत्तीसगढ़ के विकास को निरंतर मिल रहा है और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय तथा नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव के सहयोग से कोरबा के विकास के लिए धन की कोई कमी नहीं है। जनता की आवश्यकता के अनुरूप लगातार विकास कार्य कराए जा रहे हैं।जनता का भरोसा कभी नहीं टूटेगा : संजू देवी राजपूतमहापौर संजू देवी राजपूत ने अपने उद्बोधन में कहा कि कोरबा की जनता ने लखनलाल देवांगन को विधायक और उन्हें महापौर चुनकर जो भरोसा जताया है, वह कभी टूटने नहीं दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि उद्योग मंत्री के मार्गदर्शन में निगम क्षेत्र में निरंतर विकास कार्य किए जा रहे हैं और आगे भी यह सिलसिला जारी रहेगा।

## डडसेना कलार समाज विकास समिति का युवक युवती परिचय एवं वार्षिक सम्मेलन संपन्न

**कटघोरा बिलासपुर ।** अशोक नगर चाटीडीह में डडसेना कलार विकास समिति द्वारा युवक युवती एवं वार्षिक सम्मेलन संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में . सुशांत शुक्ला विधायक बेलतरा एवं अध्यक्षता अशोक जायसवाल अध्यक्ष डडसेना कलार समिति समाज बिलासपुर, विशिष्ट अतिथि के रूप में मनोज राय प्रदेश अध्यक्ष है है कलचुरी समाज, दिनेश जायसवाल - सचिव डडसेना कलार समिति , राम गोपाल डिक्सेना - अध्यक्ष कलचुरी जायसवाल समवर्गी महासभा कोरबा ,बृजमोहन डिक्सेना - अध्यक्ष क्षेत्रीय डडसेना कलार समाज पाली कटघोरा, देवनारायण - अध्यक्ष डडसेना कलार समाज सोथी, प्यारेलाल जायसवाल अध्यक्ष डडसेना कलार समाज विजयपुर, श्रीमती कमला पटेल वार्ड क्रमांक 58 बिलासपुर उपस्थित रहे।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सुशांत शुक्ला विधायक ने समाज के लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि आजकल समाज में दूरियां बढ़ती जा रही है परंतु सामाजिक सम्मेलन में एक दूसरे से करीब आते जा रहे हैं । कलार देश के सभी राज्यों में निवास कर रहे हैं जैसे यूपी, बिहार उड़ीसा, झारखंड ,मध्य प्रदेश ,छत्तीसगढ़ , तमिल नाडु,केरल, मद्रास ,जम्मू कश्मीर पश्चिम बंगाल गुजरात यहां तक की अन्य देशों में भी श्रीलंका पाकिस्तान ,अमेरिका में निवास कर रहे हैं ।सभी देशों में कलार समाज के लोग निवास कर रहे हैं। जो अलग-अलग तो है परंतु सभी भगवान सहस्त्रबाहु के वंशज है। कार्यक्रम के बहाने सभी एक होते जा रहे



हैं। आपसी रिश्ता मजबूत हो रहे हैअशोक जायसवाल अध्यक्ष बिलासपुर ने कहा कि नव युवक युवती एवं वार्षिक सम्मेलन है जिसमें छत्तीसगढ़ के अलावा अन्य प्रांत के सभी समाज के लोग उपस्थित हुए हैं ।लगभग 200 से अधिक युवक युवती अपने माता-पिता के साथ उपस्थित हैं। और परिचय दे चुके हैं। हमारा मुख्य उद्देश्य है कि समाज को एकता बनाए रखना। रामगोपाल डिक्सेना ने कहा कि समाज में बैठक तो ले रहे हैं परंतु राष्ट्रीय स्तर पर अधिक हो रहा है जमीनी स्तर पर भी हम सभी लोगों को ध्यान देना चाहिए। मनोज राय- अध्यक्ष है है कलचुरी समाज ने कहा कि डडसेना कलार समाज का परिचय सम्मेलन संपन्न हो रहा है। जिसमें सभी जिले एवं प्रदेश के सामाजिक लोग उपस्थित हैं। अलग-अलग संगठन के वर्ग के लोग भी उपस्थित हैं। रूपेंद्र जायसवाल* ने भी समाज को संबोधित करते हुए कहा कि सम्मेलन में किसान, वकील ,पत्रकार युवा युवती एवं सभी लोग उपस्थित हुए हैं । मायाराम जायसवाल ने कहा कि सामाजिक सम्मेलन में 200 से अधिक युवक युवती उपस्थित हुए हैं ,अगले वर्ष सामाजिक स्तर में विवाह संपन्न कराने की तैयारी की जाएगी ।राजकुमार जायसवाल- कार्यक्रम संचालक ने कहा कि छत्तीसगढ़ के सभी सामाजिक लोगो के सहयोग और मार्गदर्शन से कार्यक्रम आयोजित किया गया है ,सभी लोगों को संगठित करने के लिए यह एक अनूठा पहल है । कार्यक्रम के पूर्व सभी मंचस्थ अतिथियों द्वारा भगवान सहस्त्रबाहु की पूजा अर्चना किया गया। समिति के सदस्यों द्वारा सभी अतिथियों को टीका रोली लगाकर फूल माला से स्वागत किया गया ।इसके बाद समाज के समिति द्वारा कुछ कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें की डांस ,रंगोली,चित्रकला, कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम स्पर्धा प्रथम द्वितीय एवं तिथि पुरस्कार से नवाजा गया गीत में अनुष्का जायसवाल , काव्य जायसवाल , श्रेया जयसवालरंगोली में निधि जायसवाल ,डाली जायसवाल ,मानसी जायसवाल एवं चित्रकला में प्रांजल जायसवाल, लिया एवं मनीष जायसवाल , डांस में शिवानी जायसवाल ,निधि जायसवाल ,अनुष्का जायसवाल प्रथम ,द्वितीय एवं तृतीय स्थान रहे ।कार्यक्रम में संचालन राजकुमार जायसवाल/मायाराम जयसवाल एवं आभार अशोक जायसवाल ने किया ।कार्यक्रम में महिला मंडल अध्यक्ष अंजु - लक्ष्मी जायसवाल एवं अध्यक्ष अशोक - शीला जायसवाल एवं अन्य पदाधिकारी सचिवमायाराम - अनीता जयसवाल,नैनी जायसवाल, दाऊ लाल - ममता जायसवाल,सविता जैसवाल,बसंत - लक्ष्मी जयसवाल,राजकुमार - नंदनी जायसवाल, लक्ष्मी जयसवाल, सुशील - ईशा, आरती,रवींद्रसंजय - अर्चना जायसवाल,दुर्गेश - पुनीता जायसवाल , दीपक - सत्य भामा जायसवाल,राजकुमार - शीतला जायसवालके अलावा गोरे,सुशील ,शिव ,रामावतार, कमला, रंभा,कलावती,पुनीता,सविता, वर्षा,सविता, राधिका, मंजू,गायत्री,गेसवारी, शशि,पुष्पा,दिनेश कौशिक,बद्री जायसवाल, ओम प्रकाश डिक्सेना, शिवशंकर जायसवाल, देव लाल, कीर्ति,बेदराम जायसवाल,शेखर जयसवाल, उमा जायसवाल, लेखनी जायसवाल,कोमल ,सुषमा जयसवाल उपस्थित रही।

### पत्रकार जायसवाल को किया सम्मानित



पत्रकारिता के क्षेत्र में शिवशंकर जायसवाल पत्रकार को डडसेना कलार समाज समिति बिलासपुर द्वारा एक मोमेंटो देकर उसे सम्मानित किया गया।और कहां की देश के सभी राज्यों में उपस्थिति देकर समाज के समाचार को अपने अखबार में अच्छे स्थान देकर प्रकाशित करता है।

# प्लांट के सुरक्षा कर्मियों पर हमला के बाद असुरक्षा की बढ़ी भावना





**जांजगीर-चांपा।** जिले के ग्राम मुड़पार में निर्माणाधीन श्याम एथेनॉल एंड स्पिरिट्स प्रा. लि. प्लांट परिसर में करीब 15 अवैध कब्जाधारियों ने सुरक्षाकर्मियों पर हमला कर दिया।

लाठी-डंडों से हुए इस हमले में चार सुरक्षाकर्मी घायल हो गए, जिनमें से एक की हालत गंभीर बताई जा रही है। मामला नैला उप थाना क्षेत्र का है। थाने में दर्ज रिपोर्ट के अनुसार, यह घटना रविवार (18 जनवरी) रात लगभग 10 बजे हुई।

हमले का मुख्य कारण प्लांट की उस भूमि पर वर्चस्व स्थापित करना बताया जा रहा है, जिस पर आरोपी अपना दावा करते हुए अवैध कब्जा किए हुए हैं।

हमलावरों की यह पूरी करतूत प्लांट के मुख्य द्वार पर लगे सीसीटीवी कैमरों में रिकॉर्ड हो गई है। फुटेज में हमलावर बेखौफ होकर सुरक्षाकर्मियों पर वार करते दिख रहे हैं।भास्कर पटेल, मोझा पटेल, मानकी पटेल सहित 10-12 अन्य लोग अवैध हथियारों और लाठी-डंडों से लैस होकर प्लांट के गेट पर पहुंचे। उन्होंने पहले गाली-गलौज की और फिर जबरन भीतर घुसकर ड्यूटी पर तैनात सुरक्षाकर्मियों को बेरहमी से पीटना शुरू कर दिया।

वारदात के बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज को साक्ष्य के तौर पर जब्त कर लिया है। पीड़ितों के बयान और मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 115(2), 126(2), 296, 351(2), 351(3), 189, 190, 191 के तहत मामला दर्ज किया गया है। जांच के बाद इसमें और गंभीर धाराएं जोड़ी जा सकती हैं। मुड़पार क्षेत्र में सरकारी और औद्योगिक भूमि पर अवैध कब्जे की शिकायतें लंबे समय से मिल रही हैं। 18 जनवरी रात की घटना इसी दबंगई के कारण हुई है। पुलिस ने बताया कि आरोपियों की पहचान हो चुकी है और उनकी गिरफ्तारी के प्रयास जारी हैं, जल्द ही उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## मसनिया कला में हुआ विशाल हिन्दू सम्मेलन



**सक्ती।** शासकीय हाईस्कूल प्रांगण, मसनिया कला में विशाल हिन्दू सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य सनातन संस्कृति के संरक्षण, हिन्दू समाज की एकता और संगठन को मजबूत करना था। इस अवसर पर क्षेत्र के संत-महात्मा, समाजसेवी और प्रबुद्धजन उपस्थित रहे। प्रमुख अतिथियों में सांसद कमलेश जांगड़े, भागवताचार्य बलभद्र प्रसाद शुक्ला, समाजसेवी अरविंद कुमार यादव, सरपंच जयंत जांगड़े, उपसरपंच सविता सुनिल शुक्ला सहित कुलदीप जायसवाल, जयप्रकाश डनसेना, धीरज गोस्वामी, टिकम पटेल, गनपत पटेल, राजू जायसवाल, गोपाल जायसवाल, हेमलाल जायसवाल और अशोक थवाईत शामिल थे।

## अनियंत्रित कार घठोली चौक के पास पलटी, चालक घायल

**जांजगीर।** चांपा थाना क्षेत्र के ओवरब्रिज के पास एक कार अनियंत्रित होकर खेत में पलट गई। हादसे में कार के परखच्चे उड़ गए हैं। कार में कितने लोग सवार थे, यह अभी तक स्पष्ट नहीं हो सका है। लेकिन चालक को चोट आई है। घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। रायगढ़ जिले का पासिंग नंबर वाली कार घठोली चौक की ओर से चांपा की ओर जा रही थी। इसी दौरान ओवरब्रिज के पास कार अचानक अनियंत्रित हो गई और सड़क किनारे खेत में पलट गई।

## लर्निंग लाइसेंसः कैंप में आज व कल

**जांजगीर।** सड़क सुरक्षा माह 2026 के तहत जिला पुलिस जांजगीर और जिला परिवहन विभाग जांजगीर-चांपा संयुक्त रूप से एचएसआरपी व लर्निंग लाइसेंस कैंप का आयोजन कर रहे हैं। कैंप का आयोजन 20 जनवरी को सुबह 10.00 से शाम 5.00 बजे तक थाना शिवरीनारायण क्षेत्र, मेला ग्राउंड व 21 जनवरी को थाना पामगढ़ परिसर में किया जाएगा। इस कैंप में लर्निंग लाइसेंस के लिए आवेदन कर सकते हैं।

## ब्याज का लालच देकर ठगी करने वाला गिरफ्तार



**जांजगीर।** बिलासपुर, जांजगीर, कोरबा और आसपास के जिलों में शेयर मार्केट व रियल एस्टेट के नाम पर लोगों को 15% मासिक ब्याज का लालच देकर ठगी करने वाला फरार आरोपी प्रमोद कुमार वैष्णव को गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपी द्वारा कुल मिलाकर लगभग 30 करोड़ की ठगी करने की बात सामने आई है।

कामता निवासी महेंद्र कुमार कश्यप ने अकलतरा थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई। बताया था कि जून 2024 में उसकी जान-पहचान का व्यक्ति जवाहर नगर निवासी प्रमोद कुमार वैष्णव से हुई। उससे मिला और खुद को रियल एस्टेट व शेयर मार्केट का कारोबारी बताकर हर माह 15% मुनाफा देने का लालच दिया।

भरोसा दिलाने के लिए आरोपी ने अपने नाम से इकरारनामा और एचडीएफसी बैंक का 10,00,000 का चेक दिया।

कुछ समय बाद आरोपी का मोबाइल बंद आना शुरू हो गया और वह घर से भी फरार हो गया। पूछताछ में पता चला कि आरोपी ने कौशल प्रसाद कश्यप से 10,00,000 और हीरा लाल कश्यप से 5,00,000 भी ठगे थे। सभी को आरोपी ने चेक और इकरारनामा दिए थे। लोगों से पूछताछ करने पर यह भी पता चला कि आरोपी ने 10 से 15 अन्य लोगों से भी लाखों-करोड़ों रुपए की ठगी की है। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की, जिसमें आरोपी ने कोरबा, जांजगीर-चांपा और बिलासपुर जिलों में लगभग 30 करोड़ की ठगी करने की बात सामने आई। आरोपियों के अन्य साथी वर्तमान में फरार बताए जा रहे हैं और उनकी तलाश जारी है।

दो कार व एक बाइक जब्त जानकारी जुटा रही पुलिस पुलिस ने आरोपी के पास से दो बार व बेटे के नाम पर लिए यामाहा बाइक को जब्त किया है। पुलिस द्वारा अन्य अर्जित संपत्तियों, भूमि एवं मकान संबंधी जानकारी जुटाई जा रही है।

## टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता में एफसीसी टीम विजेता

**जांजगीर।** ग्राम पंचायत भैंसदा में आयोजित टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता में आसपास के क्षेत्र की 32 टीमें भागी हुईं। प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला भैंसदा और एफ.सी.सी. पेंड्री (जांजगीर) के बीच खेला गया। फाइनल मैच में भैंसदा की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 10 ओवरों में 76 रन बनाए।

लक्ष्य का पीछा करने उतरी एफसीसी पेंड्री (जांजगीर) की टीम 8 ओवरों में 5 विकेट खोकर 5 विकेट से विजयी रही। विजेता टीम एफसीसी पेंड्री (जांजगीर) के कप्तान सागर कश्यप को प्रथम पुरस्कार 15,001 और ट्रॉफी ग्राम के त्रिवेणी राजू कश्यप (जनपद सदस्य) द्वारा प्रदान की गई। उपविजेता टीम भैंसदा के कप्तान प्रफुल्ल को 8,001 और ट्रॉफी राजेश सिंह द्वारा प्रदान की गई। मैन ऑफ द सीरीज का पुरस्कार 1,501 और ट्रॉफी भैंसदा टीम के ऑलराउंडर हिरेंद्र को प्रदान किया गया। फाइनल मुकाबले में पेंड्री टीम के हेमंत यादव ने ऑलराउंड प्रदर्शन करते हुए मैन ऑफ द मैच का खिताब जीता।

## लोगों की सुरक्षा के लिए किये जा रहे आवश्यक उपाय



**जांजगीर।** साल 2025 में सड़क हादसों में बढ़ोतरी हुई है और इस साल भी जिले में सड़क हादसे लगातार हो रहे हैं। जिले में 6 ऐसे ब्लैक स्पॉट (दुर्घटनाग्रस्त क्षेत्र) चिन्हित किए गए हैं, जहां दुर्घटनाओं में लोगों की जान जा रही है।

अब लोगों की सुरक्षा के लिए इन स्थानों पर आवश्यक उपाय किए जाएंगे। ब्लैक स्पॉट पर निर्माण एजेंसी को मार्गों में प्रकाश व्यवस्था दुरुस्त करने, स्पीड ब्रेकर का निर्माण/सुधार, संकेतक बोर्ड लगाने, सड़क पर सफेद मार्किंग करने, पेड़-पौधों की कटाई एवं छंटाई करने, कैट आई एवं ब्लिंकर लगाने तथा सड़क शोल्डर की मरम्मत करने के निर्देश दिए गए हैं। चिन्हित ब्लैक स्पॉट और दुर्घटनाजन्य क्षेत्रों का संयुक्त निरीक्षण किया गया। अधिकारियों ने निरीक्षण के दौरान संबंधित निर्माण एजेंसी को दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु आवश्यक इंजीनियरिंग सुधार कार्य तत्काल करने के निर्देश दिए।

बता दें कि साल 2024 की तुलना में 2025 में सड़क हादसों में मौत की संख्या में 6 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। 30 दिसंबर 2025 तक जिले में 511 सड़क हादसे हुए, जिनमें 239 लोगों की जान गई। वहीं 436 लोग घायल हुए हैं। इसके मुकाबले 2024 में जिले में 466 सड़क हादसे दर्ज किए गए थे।

इन चौक-चौराहों पर सुधार कार्य कराया जाएगा अमरताल मोड़ (पानी टंकी के पास), अकलतरा मोड़ (पामगढ़), मुड़पार चौक (जांजगीर), आज़ाद चौक (बनारी), हथनेवरा चौक, तालदेवरी मोड़ (बिर्रा) सहित अन्य दुर्घटनाजन्य क्षेत्रों जैसे आरसमेटा चौक, मुलमुला चौक और खोखरा से पामगढ़ रोड तक टीम द्वारा अवलोकन किया गया। यहां सुधार होगा।

## अग्रवाल सेवा समिति के अध्यक्ष का चुनाव, 62 मतों से जीते राकेश

**बाराद्वार।** बाराद्वार की अग्रवाल सेवा समिति में सोमवार को अध्यक्ष पद के लिए चुनाव शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। इस चुनाव में राकेश बंसल ने 62 मतों के अंतर से जीत दर्ज की। अध्यक्ष पद के लिए कुल दो उम्मीदवार मैदान में थे। राकेश बंसल और पवन मोदी। सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक स्थानीय अग्रसेन भवन में मतदान हुआ, जिसमें 438 मतदाताओं में से 393 लोगों ने हिस्सा लिया। वोटों की गिनती दोपहर 3ः30 बजे शुरू हुई और 4 बजे तक परिणाम घोषित कर दिया गया। राकेश बंसल को 227 वोट मिले, जबकि पवन मोदी को 165 वोट और 1 वोट रिजेक्ट हुआ। परिणाम आने के बाद समर्थकों ने खुशियां मनाई और मिठाइयां बांटी। नवनिर्वाचित अध्यक्ष ने अग्रसेन भवन में महाराजा अग्रसेन जी की मूर्ति के सामने पूजा अर्चना की और बुजुर्गों से आशीर्वाद प्राप्त किया।

## रामकुटी मंदिर में श्री मानस यज्ञ शुरू

**अकलतरा** नगर के रामसागर तालाब के पास स्थित रामकुटी मंदिर प्रांगण में श्री मानस यज्ञ एवं श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ भव्य कलश यात्रा के साथ हुआ। कलश यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया और पूरे क्षेत्र को धर्ममय वातावरण से भर दिया। विधि-विधान और मंत्रोच्चार के साथ शुरू हुई यात्रा में भगवान श्रीकृष्ण की झांकी, बैंड-बाजे, ढोल-नगाड़े और भजन-कीर्तन का आयोजन हुआ।

## राजमिस्त्री प्रशिक्षण से सशक्त हो रहीं ग्रामीण महिलाएं



**जांजगीर-चांपा।** महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना अंतर्गत प्रोजेक्ट उन्नति के माध्यम से मनरेगा के हितग्राहियों को राजमिस्त्री कार्य का व्यावसायिक प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। इस पहल का उद्देश्य निर्माण कार्यों की गुणवत्ता, तकनीकी मजबूती एवं समयबद्ध पूर्णता सुनिश्चित करना है। जनपद पंचायत अकलतरा की ग्राम पंचायत कटघरी में यह प्रशिक्षण कार्यक्रम स्टेट बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी), जांजगीर द्वारा संचालित किया जा रहा है। प्रशिक्षण प्रारंभ होने से पूर्व हितग्राहियों की काउंसलिंग कर उनकी रुचि एवं योग्यता के आधार पर चयन किया गया। 6 जनवरी से प्रारंभ हुए 30 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में कुल 35 हितग्राही भाग ले रहे हैं। प्रशिक्षण के दौरान प्रधानमंत्री आवास निर्माण को गुणवत्तापूर्ण, टिकाऊ एवं तकनीकी मानकों के अनुरूप करने संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की जा रही है। विशेष रूप से इस प्रशिक्षण में 28 महिला हितग्राही आगे बढ़कर राजमिस्त्री का प्रशिक्षण प्राप्त कर रही हैं, जो महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक प्रेरणादायक पहल है। प्रशिक्षण अवधि के दौरान प्रशिक्षार्थियों को मनरेगा अंतर्गत 261 रुपए प्रति दिवस की दर से मजदूरी का भुगतान किया जाएगा।

मास्टर ट्रेनर द्वारा आवास निर्माण में प्रयुक्त सामग्री के उचित अनुपात, निर्माण कार्य की समय-सीमा, संरचनात्मक मजबूती, आवश्यक सावधानियों एवं अन्य तकनीकी पहलुओं की विस्तृत जानकारी दी जा रही है। प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे ग्रामीण हितग्राहियों ने बताया कि इस पहल से उनमें आत्मनिर्भरता की भावना विकसित हो रही है। वे न केवल अपने आवासों का निर्माण बेहतर ढंग से कर सकेंगे, बल्कि अन्य ग्रामीणों को भी गुणवत्तापूर्ण एवं सुरक्षित आवास निर्माण के लिए प्रेरित करेंगे।

## सक्ती में आबकारी विभाग की कार्रवाई 24 लीटर महुआ शराब जब्त, तीन गिरफ्तार

**सक्ती।** जिले में आबकारी विभाग ने अवैध महुआ शराब के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। टीम ने गत 17 जनवरी 2026 को जाजंग, कुरदा और सकरेली खुर्द में छापेमारी की गई। इस दौरान कुल 24 लीटर महुआ शराब जब्त की गई और तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया।जाजंग थाना सक्ती के वार्ड क्रमांक 7 बाजार चौक में मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई की गई। पहले एक खरीददार के माध्यम से शराब की खरीद सुनिश्चित की गई। बिक्री की पुष्टि होने पर सन्नी मेहराकी सफेद रंग की बाइक की डिक्की से 36 प्लास्टिक पाउच महुआ शराब बरामद की गई।इसी तरह नगरदा थाना के वार्ड क्रमांक 11 कुरदा में सुकरिता केंवट पति लक्ष्मण केंवट के घर पर छापा मारा गया। तलाशी के दौरान ईंटों के ढेर में छिपाकर रखे गए 32 प्लास्टिक पाउच (प्रत्येक 250 मिलीलीटर), कुल 8 लीटर महुआ शराब जब्त की गई। सकरेली खुर्द निवासी ललिता लहरें पति नरेंद्र लहरें के अवैध रूप से महुआ शराब बेचने की सूचना पर भी कार्रवाई की गई। मौके से एक सिल्वर बर्तन में भरी 7 लीटर महुआ शराब बरामद कर आरोपी ललिता लहरें को गिरफ्तार किया गया। तीनों मामलों में आरोपियों के खिलाफ आबकारी अधिनियम की धारा 34(1)(क), 34(2) और 59 के तहत तीन अलग-अलग मामले दर्ज किए गए हैं। उन्हें न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां से रिमांड मिलने के बाद जेल भेज दिया गया।


**न्यायालय तहसीलदार दीपका जिला कोरबा (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है आवेदक संस्कार महंत पिता सोनी दास महंत, जाति पनिका, साकिन नरईबोध तहसील दीपका जिला कोरबा (छ.ग.) के द्वारा ग्राम नरईबोध तहसील दीपका में खातेदार तिलक दास पिता आनंद दास के नाम पर हक भूमि स्वामी खसरा नं. 92/1, 142/3, 143/1, 204, 319/1 कुल रकबा 2.16 एकड़ भूमि एस.ई.सी.एल. गेवरा क्षेत्र द्वारा अर्जन कर लिये जाने से अर्जन के एवज में मुआवजा बसाहट एवं अन्य लाभ हेतु वंशवृक्ष सत्यापन बाबत आवेदन प्राप्त हुआ है।

उक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की आपत्ति दावा प्रस्तुत करना हो तो वे दिनांक 28.01.2026 तक स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है, नियत तिथि के बाद में प्रस्तुत आपत्ति दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

अतः आज दिनांक 09.01.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील मुद्रा से ईश्तहार जारी किया गया।

सील

तहसीलदार
दीपका, जिला-कोरबा (छ.ग.)


## 30 टन रॉयल्टी की पर्ची में 40 टन माल का परिवहन

**अकलतरा।** नगर के लटिया रोड स्थित श्री बालाजी माइनिंग क्रशर उद्योग से डोलोमाइट गिट्टी का परिवहन नियमों को दरकिनार कर किया जा रहा था। क्रशर उद्योग से रेलवे स्टेशन के सामने स्थित रेलवे रेक प्वाइंट तक हाईवा वाहनों के माध्यम से 80 एमएम डोलोमाइट गिट्टी भेजी जा रही थी, लेकिन इसमें भारी अनियमितताएं सामने आई हैं।

बीती रात नो-एंट्री के दौरान गिट्टी से लदे भारी वाहनों के नगर में प्रवेश की शिकायत मिलने पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 8 हाईवा वाहनों को जब्त किया है। जानकारी के अनुसार 12 चक्का हाईवा वाहनों की निर्धारित क्षमता 24 टन माल ढोने की होती है, जबकि वाहन का स्वयं का वजन लगभग 15 टन होता है।इस प्रकार कुल निर्धारित भार करीब 39 टन होता है, लेकिन जांच में पाया गया कि संबंधित वाहनों में 10 से 15 टन अतिरिक्त माल लादकर 51 से 52 टन तक गिट्टी का परिवहन किया जा रहा था। इसके साथ ही 30 टन की रॉयल्टी पर्ची पर करीब 40 टन माल का परिवहन किया जाना भी सामने आया है, जो नियमों का स्पष्ट उल्लंघन है। बीती रात करीब 9 बजकर 30 मिनट के बाद नगर में नो-एंट्री लागू होने के बावजूद गिट्टी से लदे भारी वाहनों के प्रवेश से सड़क पर आवागमन बाधित हो गया। इस संबंध में नागरिकों द्वारा पुलिस को शिकायत की गई।


**OFFICE OF THE SUPERINETENDING ENGINEER PUBLIC WORK DEPARTMENT, BILASPUR CIRCLE BILASPUR, CHHATTISGARH**

**(AMENDMENT NOTICE)**

Amendment are made in N.I.T. No. 451, 452 and 455 dated 24.12.2025

| NIT No. | Existing Description | To be read | To be extended |
|---|---|---|---|
| 451 | 3rd call/Last date of tender download-05.01.2026 | 3rd call/Last date of tender download-02.01.2026 | Last date of tender download 22.01..2026 |
| 452 | 2nd call/Last date of tender download-07.01.2026 | 3rd call/Last date of tender download-02.01.2026 | Last date of tender download 22.01..2026 |
| 455 | 1st call/Last date of tender download-13.01.2026 | 3rd call/Last date of tender download-02.01.2026 | Last date of tender download 22.01..2026 |

Other conditions will remain same.

**Superintending Engineer**
**PWD, Bilaspur Circle**
**Bilaspur (C.G.)**

G-252606115/9


## बाइक से गिरे व्यक्ति की इलाज के दौरान हुई मौत

**अकलतरा।** बलौदा मार्ग पर बाइक से गिरकर गंभीर रूप से घायल ग्राम कोटगढ़ निवासी आसाराम कंवर उम्र 35 वर्ष की सीएचसी में इलाज के दौरान मौत हो गई। बाइक पर पीछे में बैठे बुधराम धीवर को गंभीर चोट आई। उसे प्राथमिक इलाज के बाद सिम्स बिलासपुर रेफर किया गया। ग्राम कोटगढ़ निवासी आसाराम कंवर ग्राम बरगवां में निवासरत अपने साथी बुधराम के साथ बाइक क्रमांक सीजी 11 बीपी 8393 पर सवार होकर ग्राम कटघटी गया था। यहां से दोपहर को लौटते समय कटघरी मोड़ के पास चालक ने बाइक से नियंत्रण खो दिया। इससे आसाराम और बुधराम सड़क पर जा गिरे।

## मारवाड़ी युवा मंच की मंडलीय बैठक संपन्नः मंडल-4 की 10 शाखाओं की सक्रिय सहभागिता, संगठन को मिली नई दिशा

**जांजगीर-चांपा।** छत्तीसगढ़ प्रांतीय मारवाड़ी युवा मंच के मंडल-4 की मंडलीय बैठक 18 जनवरी को मारवाड़ी युवा मंत्रएवं जागृति शाखा जांजगीर-नैला के संयाजन में आनंदम निधि वन रिसॉर्ट, जांजगीर-अकलतरा में सफलतापूर्वक आयोजित की गई। संगठनात्मक दृष्टि से महत्वपूर्ण इस बैठक में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अमर सुल्तानिया की गरिमामयी उपस्थिति एवं मार्गदर्शन ने आयोजन को विशेष सार्थकता प्रदान की।

बैठक को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अमर सुल्तानिया ने संगठन को और अधिक सशक्त बनाने, शाखाओं के मध्य समन्वय बढ़ाने तथा युवाओं की भूमिका को प्रभावी ढंग से स्थापित करने पर विस्तार से अपने विचार रखे। उन्होंने कहा कि मंडलीय बैठकें संगठन की जड़ों को मजबूत करती हैं और कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा व दिशा का संचार करती हैं। उनके प्रेरक उद्बोधन ने उपस्थित पदाधिकारियों एवं मंच साथियों में सकारात्मक सोच और सामूहिक उत्तरदायित्व की भावना को और अधिक सुदृढ़ किया।

इस अवसर पर प्रांतीय अध्यक्ष प्रषांत गांधी, कार्यकारी अध्यक्ष रीना केडिया, राष्ट्रीय संयोजक राज अग्रवाल, पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष जयकिशन अग्रवाल, फोरम सदस्य श्रवण अग्रवाल, कार्यकारी अध्यक्ष रीना केडिया, महामंत्री सलभ अग्रवाल, मुख्यालय उपाध्यक्ष राजकुमार अग्रवाल, संयुक्त मंत्री गुंजा सुल्तानिया एवं सहायक मंत्री ललित अग्रवाल की प्रेरक उपस्थिति रही।




बैठक के दौरान प्रांतीय अध्यक्ष प्रषांत गांधी ने अपने उद्बोधन में मंच की गतिविधियों और आगामी कार्ययोजना की विस्तृत जानकारी देकर सदस्यों को प्रेरित किया। वहीं कार्यकारी अध्यक्ष रीना केडिया ने संगठन के गतिविधियों की रिपोर्टिंग करते हुए सदस्यों का मार्गदर्षन किया।

इस अवसर पर मंडलीय उपाध्यक्ष दीपक अग्रवाल ने भी अपने विचार रखते हुए संगठनात्मक एकजुटता, सेवा भाव और निरंतर सक्रियता पर बल दिया। उनके संबोधनों से मंच पर उत्साह और ऊर्जा का वातावरण बना रहा।

अपने संदेश में अमर सुल्तानिया ने कहा कि सभी शाखाओं के साथियों से प्रत्यक्ष संवाद और सहभागिता का अनुभव अत्यंत प्रेरणादायक रहा। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यह एकता और सामूहिक प्रयास संगठन के साथ-साथ समाज को भी नई ऊंचाइयों तक ले जाने में सहायक सिद्ध होंगे।

मंडलीय बैठक में मंडल-4 की 10 शाखाओं अकलतरा, अकलतरा जागृति, बलौदा, करगीरोड कोटा बिलासपुर, बिलासपुर जागृति, बिलासपुर संकल्प, भाटापारा ग्रेन सिटी, भाटापारा, भाटापारा जागृति, जांजगीर नैला, जांजगीर नैला जागृति, राहोद के पदाधिकारियों एवं मंच साथियों ने सक्रिय सहभागिता निभाई। बैठक के दौरान सभी शाखाओं के पदाधिकारियों ने संगठन की वर्तमान गतिविधियों की समीक्षा के साथ-साथ आगामी कार्ययोजनाओं पर विस्तारपूर्वक चर्चा की। विभिन्न शाखाओं द्वारा साझा किए गए अनुभवों और सुझावों ने बैठक को संवादात्मक, उद्देश्यपूर्ण एवं उपयोगी बनाया।

इस अवसर पर स्वागत उद्बोधन आकाष सिंघानिया व पूनम गुप्ता ने दिया वहीं कार्यक्रम का सफल संचालन दीपक सिंघानिया ने व आभार प्रदर्षन विक्रांत अग्रवाल ने किया।

बैठक के सफल आयोजन में मंडलीय उपाध्यक्ष दीपक सिंघानिया, शाखा अध्यक्ष आकाश सिंघानिया, विक्रांत अग्रवाल, नवदीप गुप्ता, अंकित अग्रवाल, निकुंज भोपालपुरिया, चमन अग्रवाल, मनोज अग्रवाल, अरमान शर्मा, शाखा अध्यक्ष पूनम गुप्ता षिखा अग्रवाल, कल्याणी भोपालपुरिया, अनुपमा गोयल, बरखा गोयल, मनीषा अग्रवाल, कंचन अग्रवाल, अनीता अग्रवाल, पूनम अग्रवाल, बबीता गर्ग, ममता मादी, खूषबू शर्मा, गायत्री अग्रवाल, ममता अग्रवाल सहित जांजगीर-नैला एवं जागृति शाखा की पूरी टीम की भूमिका उल्लेखनीय रही, जिन्होंने उत्कृष्ट समन्वय और अनुशासन के साथ कार्यक्रम को संपन्न कराया।

समापन अवसर पर सभी अतिथियों, पदाधिकारियों को मोमेंटो भेंटकर सहभागियों के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

कुल मिलाकर, यह मंडलीय बैठक संगठनात्मक एकजुटता, सकारात्मक ऊर्जा और भविष्य की सुदृढ़ कार्ययोजना का सशक्त उदाहरण बनकर उभरी।

## अनमोल वचन......

**प्यार करने से कभी हार नहीं होती। खुद को रोककर रखने से हमेशा हार होती है।**

# भारत के राष्ट्रीय हित में नहीं

अभी भारत के श्रीलंका में हस्तक्षेप करने की जरूरत सिर्फ स्टालिन को महसूस हो सकती है, जिनकी चुनावी रणनीति में तमिल भावनाओं का उभारना महत्त्वपूर्ण पहलू हो सकता है। मगर ऐसा करना भारत के राष्ट्रीय हित में नहीं होगा। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से श्रीलंका में नया संविधान तैयार करने की प्रक्रिया में दखल देने की अतार्किक मांग की है। कहा जा सकता है कि इस संबंध में प्रधानमंत्री को लिखा गया उनका पत्र राजनीतिक मकसद से प्रेरित है। पहली बात तो यह कि श्रीलंका के नए संविधान का प्रारूप अभी जारी नहीं हुआ है। बल्कि 2026 के बजट में इसके लिए कोई प्रावधान नहीं है- यानी इस वर्ष संविधान निर्माण प्रक्रिया के आगे बढ़ने की संभावना नहीं है। अब तक जितनी जानकारियां उपलब्ध हैं, उनके मुताबिक श्रीलंका सरकार का इरादा उसी तरह का संविधान बनाना है, जिसका वादा उसने 2024 के चुनाव में किया था।

सत्ताधारी नेशनल पीपुल्स पॉवर पार्टी का वादा संसदीय शासन प्रणाली की वापसी, दो सदनों वाली संसद की स्थापना, सभी नागरिकों के बीच समानता एवं सत्ता के सार्थक बंटवारे को सुनिश्चित करने, सत्ता के विकेंद्रीकरण आदि के प्रावधान नए संविधान में शामिल करने का है। फिर गौरतलब है कि 2024 में दशकों बाद श्रीलंका में ऐसा चुनाव हुआ, जिसमें तमिल और सिंहली बहुल इलाकों से एक जैसा जनादेश आया। उससे वहां सिंहली-तमिल विभाजन पटने की संभावना बनी है। इसलिए अभी भारत के वहां हस्तक्षेप करने की जरूरत सिर्फ स्टालिन को महसूस हो सकती है, जिनकी अगले विधानसभा चुनाव की रणनीति में तमिल भावनाओं का उभारना महत्त्वपूर्ण पहलू हो सकता है। मगर ऐसा करना भारत के राष्ट्रीय हित में नहीं होगा। यह याद रखना चाहिए कि नेपाल में संविधान निर्माण के समय मधेसी अधिकारों के लिए भारत की तरफ से बनाए गए दबाव पर वहां विपरीत प्रतिक्रिया हुई थी। उस कारण दोनों देशों के संबंध में दीर्घकालिक दरार पड़ गई। फिलहाल श्रीलंका के अंदरूनी मामलों में हस्तक्षेप करना- और वह भी जब अभी यह जाहिर नहीं है कि तमिलों को उनके अधिकारों से वंचित किया जा रहा है- खुद को नुकसान पहुंचाने वाला कदम होगा। श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा दिसानायके ने भारत और चीन से अपने संबंधों के बीच संतुलन बनाते हुए भारत की चिंताओं पर उचित ध्यान दिया है। इस घटनाक्रम के बीच कड़वाहट पैदा करने की कोई आवश्यकता नहीं है।

## राशिफल

**मेष राशि :** आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। आज लंबे समय से चल रही किसी समस्या से आपको निजात मिलेगी और आपकी चतुराई और योग्यता की सराहना होगी। आज आपको शुभ सूचना मिलने वाला है। जिससे उत्साह और ऊर्जा महसूस होगी।

**वृष राशिः** आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहने वाला है। आज दिन भर भागा-दौड़ी की स्थिति रहेगी लेकिन कार्य भी सुचारु रूप से बनते जाएंगे। सिर्फ सूझबूझ और व्यवहार कुशलता से अपने कार्यों के प्रति व्यस्त रहें। आज व्यस्ततम दिनचर्या रहेगी लेकिन आप अपने कार्यों को सहज ही पूरा कर लेंगे। वर्तमान परिवेश में आपने जो नई नीतियां बनाई है, इस वजह से आपकी काफी समस्याएं हल होंगी।

**मिथुन राशि :** आज का दिन आपके लिए खास होने वाला है आज आप कुछ समय प्रकृति के बीच बिताएंगे आपको मानसिक शांति मिलेगी। आज आपको किसी कार्य को लेकर की गई मेहनत का अनुकूल परिणाम मिलने वाला है। घर में धार्मिक कार्य संपन्न हो सकता है। किसी भी नए निवेश के बारे में प्लान करेंगे जिससे अच्छा लाभ हो सकता है।

**कर्क राशिः** आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज आप किसी समारोह में शामिल होंगे आपकी उपस्थिति को महत्व मिलेगा। पुरानी परेशानियों से राहत मिल सकती है। दोबारा आत्मविश्वास और ऊर्जा से अपने काम में लग जाएंगे। अपने भविष्य को लेकर ज्यादा सक्रिय और गंभीर रहेंगे। प्रयास करने पर कहीं फंसा हुआ पैसा वापस मिल सकता है।

**सिंह राशि :** आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आज व्यवसाय में बहुत अधिक जिम्मेदारियां और काम का बोझ रहेगा। कार्यस्थल पर गंभीरता और ईमानदारी से अपने प्रोजेक्ट को अंजाम दें, इस समय आपकी तरक्की के भी योग बन रहे हैं। आज घर में सुख-शांति भरा माहौल रहेगा। माता जी आपसे कुछ मांग कर सकती है जिसको पूरा करने पर वह खुश होंगी।

**कन्या राशि :** आज का दिन फेवरेबल रहने वाला है। आज आप अपने बड़े भाई से प्रोपर्टी से रिलेटेड बात करेंगे और फाइनेंस सम्बंधित कुछ योजनाये बनेगी। अगर किसी प्रकार की कानूनी समस्या चल रही है तो आज उसका समाधान मिल सकता है। किसी महत्वपूर्ण व्यक्ति अथवा राजनीतिज्ञ के साथ मुलाकात का अवसर मिलेगा।

**तुला राशिः** आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। आज आप करीबी व्यक्ति के बारे में गहराई से विचार करके रिश्ता सुधारेंगे। आज आपको बड़ी उपलब्धि हासिल होगी। आज आपका व्यापारिक दृष्टिकोण हर परिस्थिति में सामंजस्य बनाए रखने में मदद करेगा। अगर सरकारी अथवा कोर्ट के संबंधी मामला अटका हुआ है तो आज उसमें सफलता मिलने की उचित संभावना है। माता-पिता के आशीर्वाद से आपको उपहार आदि भी मिल सकता है।

**वृश्चिक राशि :** आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज किसी भी नकारात्मक स्थिति में घबराने की बजाय उसका समाधान ढूंढे तो जल्दी ही हल भी मिलेगा। वाहन अथवा किसी महंगे उपकरण के खराब होने से बड़ा खर्चा सामने आएगा। विद्यार्थियों को अपनी सोच में और अधिक सकारात्मकता लाने की जरूरत है। आज आपका रुका काम पूरा होने से मानसिक शांति मिलेगी।

**धनु राशि :** आज का दिन आपके लिए नयी उमंग से भरा रहने वाला है। आज आपकी आर्थिक स्थित मजबूत बनी रहेगी आप सामान की खरीददारी करने मार्केट जा सकते हैं। आज का दिन पारिवारिक सुख-शांति में वृद्धि लेकर आएगा। आज किसी प्रकार की समस्या आपकी सूझबूझ से हल हो जाएगी। आपकी कार्यकुशलता तथा योग्यता की सराहना होगी। आज अपने करियर और पढ़ाई को लेकर सजग रहेंगे ।

**मकर राशिः** आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज कठिन परिस्थितियों में आपका परिवार आपकी ढाल बनकर सामने रहेगा, इससे आपकोसाहस मिलेगा। आज का दिन पारिवारिक सुखों में वृद्धि लेकर आएगा। यदि किसी वजह से उलझन बनी हुई है, तो आज उससे छुटकारा मिलेगा।

**कुंभ राशि :** आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज प्रोजेक्ट कार्य में आपको जीवनसाथी का सहयोग मिलेगा। आपका कार्य करने का तथा सफलता हासिल करने का जुनून आपको कामयाबी देगा। बिजनेस की रुकावटें दूर होंगी। इंश्योरेंस और कमीशन के बिजनेस में विशेष सफलता मिलेगी।

**मीन राशिः**आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। आज किसी पॉलिसी में निवेश करने की योजना बन रही है, तो दिन शुभ है। ये निवेश आने वाले दिनों में बेहतर फायदा देने वाला रहेगा। आज मेहमान नवाजी में भी समय बीतेगा तथा घर में आए लोगों के साथ महत्वपूर्ण मुद्दे पर विचार विमर्श करेंगे।

# रूस-चीन की दिलचस्पी सैनिक कार्रवाई रही नहीं

//उमेश चतुर्वेदी //

**पिछली सदी के आखिरी दशक तक, जब तक सोवियत संघ अस्तित्व में रहा, कम से कम दुनिया के कमजोर और साधनहीन देशों को उम्मीद रहती थी कि अगर अमेरिका ने उनकी ओर आंख तरेरी तो सोवियत संघ का साथ मिलेगा और अगर सोवियत संघ ने निगाहें तीखी कीं तो अमेरिका उसकी मदद करने पहुंचेगा।**



साल 2026 के तीसरे ही दिन अमेरिका ने जिस तरह वेनेजुएला के खिलाफ सैन्य कार्रवाई की, उसके बाद से विशेषकर सैनिक रूप से कमजोर देशों में चिंता की लहर है। चाहे अमेरिकी खेमे में हो या फिर अमेरिका विरोधी खेमे में, हर देश आशंकित हो उठा है। अमेरिका के सर्वोच्च पद पर डोनॉल्ड ट्रंप के रहते ऐसी चिंताएं स्वाभाविक भी हैं। जिस तरह अपने ही खेमे के देश डेनमार्क के ग्रीनलैंड द्वीप पर ट्रंप ने अपनी नजर टिका रखी है, उससे दुनिया को चिंतित होना ही चाहिए। ऐसे में विश्व की निगाह दुनिया के सैनिक रूप से दूसरे शक्तिशाली देश रूस और आर्थिक रूप से दूसरे और सैनिक रूप से तीसरे ताकतवर देश चीन पर लगना स्वाभाविक है। लेकिन दोनों ही देशों ने वेनेजुएला पर जिस तरह रस्मी प्रतिक्रिया जताई है, उससे लगता नहीं कि वे भविष्य में ऐसी अमेरिकी कार्रवाइयों के खिलाफ अपने मित्र देशों के पक्ष में खड़े होने आएंगे।

पिछली सदी के आखिरी दशक तक, जब तक सोवियत संघ अस्तित्व में रहा, कम से कम दुनिया के कमजोर और साधनहीन देशों को उम्मीद रहती थी कि अगर अमेरिका ने उनकी ओर आंख तरेरी तो सोवियत संघ का साथ मिलेगा और अगर सोवियत संघ ने निगाहें तीखी कीं तो अमेरिका उसकी मदद करने पहुंचेगा। सोवियत संघ के विघटन के बाद उसका सबसे बड़ा हिस्सा रूस शक्तिशाली तो बना रहा है, लेकिन मौजूदा अमेरिका-ब्रिटेन प्रेरित-पोषित आर्थिक दुनिया में सोवियत संघ जैसी ताकत बना नहीं रह सका। सोवियत संघ के वजूद में रहते तक विश्व में खुलेतौर पर दो दुनिया थी और दो मुद्राओं का जोर भी था। बेशक डॉलर, सोवियत और आज के रूस की मुद्रा रूबल की तुलना में ताकतवर था, लेकिन ऐसा भी नहीं था कि आर्थिक रूप से पूरी दुनिया को नियंत्रित कर सके। लेकिन आज आर्थिक क्षेत्र में डॉलर को कोई चुनौती नहीं है। ब्रिक्स देशों ने अपनी-अपनी मुद्राओं को आपसी आर्थिक व्यवहार में आगे बढ़ाने की कोशिश तो की है, हालांकि वह डॉलर को चुनौती देने की स्थिति में नहीं आ पाई हैं। अमेरिका जानता है कि उसकी आर्थिक ताकत को बड़े स्तर पर चुनौती देने की हालत में दुनिया की दूसरी यानी चीन की अर्थव्यवस्था नहीं है, इसलिए ट्रंप बेफिक्र होकर कभी मैक्सिको को अपना उपनिवेश बनाने की वकालत करते हैं तो कभी कनाडा को अमेरिका का 51वां राज्य बनाने का ऐलान करते हैं। ग्रीनलैंड पर निगाह और वेनेजुएला पर सैन्य कार्रवाई उनकी इसी सोच का विस्तार है।

वेनेजुएला पर कार्रवाई को लेकर रूस और चीन ने चिंताएं तो जाहिर कीं, लेकिन वे वेनेजुएला को सैनिक सहयोग करने के लिए इच्छुक नहीं दिखे। इसकी मोटे तौर पर दो वजहें सामने आती हैं। वेनेजुएला से रूस ने 2010 में समझौता तो किया, लेकिन वह रणनीतिक, तकनीकी और आर्थिक मामलों पर केंद्रित है। सैनिक सहयोग की बात उसमें नहीं है। दिलचस्प यह है कि वेनेजुएला के विशाल तेल भंडार का सबसे ज्यादा फायदा उठाने वाला चीन भी इस मामले में उसको सैनिक सहयोग करने से दूर है। वेनेजुएला के तेल निर्यात का 50 से 89 प्रतिशत तक हिस्सा सिर्फ चीन जाता था। मोटे तौर पर चीन रोजाना वेनेजुएला से चार लाख बैरल से लेकर छह लाख साठ हजार बैरल तेल आयात कर रहा था। इसके बावजूद वह वेनेजुएला को सैनिक सहायता देने से हिचक रहा है।

चीन की स्थिति यह है कि वह एशिया में अपनी सैन्य ताकत का गाहे-बगाहे मुजाहिरा तो करता है, लेकिन वह सुदूर दक्षिणी अमेरिकी या अफ्रीकी महाद्वीप के देशों में ऐसा करने से हिचक रहा है। इसकी वजह यह है कि चीन की नीतियां कम से कम एशिया से बाहर सिर्फ और सिर्फ आर्थिक मुद्दों पर ही टिकी हैं। पारंपरिक भारतीय शब्दावली में कह सकते हैं कि चीन बनिया बन चुका है। यानी उसका पूरा ध्यान आर्थिक लाभ और हानि पर है। फिर ट्रंप काल में अमेरिका से कारोबारी मुद्दे पर उसकी ठनी हुई है। जिसे वह सहज करने की कोशिश में है। इसलिए वह कोई ऐसा कदम नहीं उठाना चाहता, जिससे ट्रंप नाराज हों और अमेरिका से उसके कारोबारी रिश्तों पर असर पड़े। चीन की पूरी कोशिश अमेरिका से जारी व्यापार युद्ध को खत्म करे और आर्थिक मोर्चे पर अपनी ताकत बढ़ाए। उसकी कोशिश किसी तरह अमेरिका को खुश करने की भी होगी, ताकि वेनेजुएला से वह पहले की तरह तेल का भारी आयात कर सके।

वेनेजुएला के मसले पर रूस की भी स्थिति बहुत बेहतर नहीं है। रूस यूक्रेन में फंसा हुआ है। वेनेजुएला से रूस की रणनीतिक संधि तो है, लेकिन उसमें साझा रक्षा का जिक्र नहीं है। फिर रूस के संसाधन, सेना, सैन्य उपकरण आदि यूक्रेन युद्ध में लगे हुए हैं। ऐसे में अगर वह वेनेजुएला का सैन्य सहयोग करता है तो एक तरह से वह अमेरिका के खिलाफ नया मोर्चा खोलना होगा। रूस इस वजह से बचना चाहता है। इसीलिए जब रूसी झंडा लगे पोत को अमेरिकी सेना ने रोका तो रूस ने सिर्फ अमेरिका से रूसी नागरिकों की हिफाजत और उन्हें छोड़ने की अपील ही की। अतीत में जब सोवियत संघ था, तब अमेरिका ऐसी हिम्मत ही नहीं करता था और अगर करता भी तो सोवियत सेनाएं उस ओर कूच कर सकती थीं। जाहिर है कि लगातार अर्थकेंद्रित होती दुनिया में देशों की प्राथमिकताएं बदल गई हैं। किसी मसले को सुलझाने के लिए सैन्य कार्रवाई अब आखिरी विकल्प के तौर पर उभरी है। रूस और चीन इसी मानस से ग्रस्त हैं। इसीलिए वेनेजुएला ही नहीं, ऐसे अपने किसी और साथी के सहयोग के लिए सक्रिय रूप से सामने आने में अब उनकी दिलचस्पी नहीं है। ऐसे में दुनिया, विशेषकर अमेरिकी कोप से आशंकित देशों को चिंतित होने की जरूरत है। उन्हें वैकल्पिक राह भी तलाशनी होगी।

# पांच साल बाद भी कांग्रेस नहीं समझ पाई

अजीत द्विवेदी

**चुनाव में कांग्रेस ने राज्य की 20 में से 19 सीटों पर जीत हासिल की। राहुल गांधी अमेठी की पारंपरिक सीट से हार गए थे लेकिन केरल की वायनाड सीट से रिकॉर्ड वोटों से जीते। वे दो साल केरल की राजनीति में सक्रिय भी रहे लेकिन 2021 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस बुरी तरह से चुनाव हार गई। कांग्रेस के नेता आजतक किसी निष्कर्ष पर नहीं पहुंचे कि आखिर केरल में हारे कैसे। यह गुत्थी कांग्रेस के लिए चिंता की बात इसलिए है क्योंकि आजादी के बाद से केरल में पांच साल पर सत्ता बदलने का रिवाज रहा है। लेकिन वह रिवाज 2021 में टूट गया। सीपीएम के नेतृत्व वाला लेफ्ट मोर्चा लगातार दूसरी बार चुनाव जीता। इससे पहले इसी तरह का रिवाज तमिलनाडु में टूटा था, जहां 2016 में अन्ना डीएमके लगातार दूसरी बार जीत गई थी। लेकिन 2021 में डीएमके ने शानदार वापसी की और बड़ी जीत हासिल की।**

सो, कांग्रेस को उम्मीद है है कि 2021 का चुनाव अपवाद रहा और इस बार वह बड़ी जीत हासिल करेगी। 2024 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस गठबंधन ने शानदार प्रदर्शन किया और इस बार तो 20 में से 20 सीटें जीत गई। कांग्रेस को सिल्वर लाइनिंग स्थानीय निकाय चुनाव में दिखी है। दिसंबर में हुए स्थानीय निकाय चुनाव में कांग्रेस के नेतृत्व वाले यूडीएफ ने बड़ी जीत दर्ज की और छह नगरीय निकायों में से चार में कांग्रेस का एक में सीपीएम का मेयर बना। एक तिरूवनंतपुरम का मेयर पद भाजपा के खाते में गया। ध्यान रहे 2019 के लोकसभा चुनाव में जीत के बाद 2020 में कांग्रेस स्थानीय निकाय चुनावों में पिछड़ गई थी। इस बार ऐसा नहीं हुआ है। इस बार लोकसभा और स्थानीय निकाय दोनों में कांग्रेस का गठबंधन जीता है। सो, 2021 जीतने का भरोसा है।

आमतौर पर केरल के बारे में हिंदी पट्टी में बहुत सी गलत धारणाएं हैं। जैसे यह धारणा है कि वहां मुस्लिम और ईसाई आबादी 45 फीसदी के करीब है तो ये दोनों ही तय करेंगे कि किसकी सरकार बनेगी। लेकिन असल में केरल की राजनीति 55 फीसदी हिंदू तय करते हैं। केरल के ब्राह्मण राजनीति में अहम भूमिका अदा करते हैं तो पिछड़ी जातियां खास कर एझवा का भी अहम रोल होता है। ऐसे ही एझवा के एक बड़े और लोकप्रिय नेता वेल्लापल्ली नतेशन को साथ लेकर मुख्यमंत्री पिनरायी विजयन घूम रहे हैं। नतेशन मुस्लिम विरोधी भाषणों के लिए चर्चित रहे हैं फिर भी विजयन उनको साथ रखे हुए हैं तो कारण यह है कि अगर मुस्लिम वोट कांग्रेस की ओर रूझान दिखाता है तो पिछड़ी जातियों के वोट लेफ्ट के साथ जुड़ें। कांग्रेस के पास एझवा समुदाय के दिग्गज नेता वायलार रवि थे लेकिन उनके नहीं रहने के बाद इस स्पेस में कांग्रेस की राजनीति कमजोर हुई है। पारंपरिक रूप से केरल के ब्राह्मण लेफ्ट पार्टियों का समर्थन करते रहे हैं। दूसरी ओर भारतीय जनता पार्टी ने हिंदू वोटों की गोलबंदी की राजनीति तेज की है। उसका वोट प्रतिशत हर चुनाव के साथ बढ़ रहा है। उसे पिछले विधानसभा चुनाव में 12 फीसदी से ज्यादा वोट मिले थे। हालांकि उसे एक भी सीट नहीं मिली थी। उसके बाद हुए लोकसभा चुनाव 2024 में भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए को 19 फीसदी से ज्यादा वोट मिले और उसका खाता भी खुला। त्रिशुर में सुरेश गोपी चुनाव जीते तो तिरूवनंतपुरम में राजीव चंद्रशेखर सिर्फ 16 हजार वोट से शशि थरूर के हाथों हारे। पांच लोकसभा सीटों पर भाजपा को दो लाख से ज्यादा वोट मिले, जिनमें से दो सीटों पर उसके वोट तीन लाख से ज्यादा थे। तभी भाजपा अब एक बड़ी ताकत के तौर पर इस बार चुनाव मैदान में उतर रही है। अगर उसे ओवरऑल 20 फीसदी वोट मिलता है और तिरूवनंतपुरम, त्रिशुर, कासरगौड, अलापुझा आदि इलाकों में फोकस करके वह चुनाव लड़ती है तो वह अच्छा प्रदर्शन कर सकती है और यह कांग्रेस व लेफ्ट दोनों के लिए चिंता की बात होगी।

अगर कांग्रेस की बात करें तो गुटबाजी उसके लिए सबसे बड़ी समस्या है। केरल कांग्रेस में कई गुट हैं और कोई एक केंद्रीय नेता नहीं है। जब तक एके एंटनी सक्रिय थे तब तक केरल के फैसले वे करते थे। उनके साथ वायलार रवि और ओमन चांडी भी बड़े नेता थे। उनके बाद रमेश चेन्निथला धुरी बन सकते थे लेकिन राहुल गांधी के प्रयोगों के कारण केसी वेणुगोपाल बड़े नेता बन गए हैं। उनके अलावा वीडी सतीशन, के सुधाकरन, सनी जोसेफ सहित कई और नेता हो गए हैं। कम से कम आधा दर्जन नेताओं ने अपने गुट बनाए हैं। यह आम धारणा बनी है कि अगर कांग्रेस जीती तो वेणुगोपाल मुख्यमंत्री हो सकते हैं।

इस तरह की बातों से कांग्रेस का प्रचार बिखरा हुआ दिख रहा है। शशि थरूर वैसे तो अब कांग्रेस लाइन पर ही चलने की बात कर रहे हैं लेकिन उनकी राजनीति का ऊंट चुनाव तक किस करवट बैठेगा यह नहीं कहा जा सकता है। प्रियंका गांधी वाड्रा वायनाड सीट से सांसद हैं और वे अगर सक्रिय होकर पार्टी को एकजुट करने की कोशिश करती हैं तभी कांग्रेस मजबूती से लड़ने के लिए आगे बढ़ेगी। दूसरी समस्या इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग की ज्यादा सीटों की मांग है। पिछली बार वह 20 सीटों पर लड़ी थी लेकिन इस बार वह सीधे दोगुनी सीटों की मांग कर रही है। कांग्रेस केरल की 140 में से एक सौ से ज्यादा सीटों पर लड़ना चाहती है। उसे मुस्लिम लीग के अलावा केरल कांग्रेस के दो और आरएसएपी के दो खेमों को एडजस्ट करना होता है। तीसरी समस्या मुस्लिम वोट पर कांग्रेस की निर्भरता की है। कांग्रेस के लिए अच्छी बात यह है कि भाजपा से लड़ने वाली इकलौती मजबूत ताकत के तौर पर कांग्रेस और राहुल गांधी को देखा जा रहा है। इसलिए हो सकता है कि मुस्लिम और ईसाई दोनों भाजपा को रोकने के लिए कांग्रेस का साथ दें।

दूसरी ओर लेफ्ट के गठबंधन की चुनौती 10 साल की एंटी इन्कम्बैंसी की वजह से है। 10 साल से पिनरायी विजयन मुख्यमंत्री हैं और इस दौरान गोल्ड स्मलिंग से लेकर कई तरह के आरोप भी लगे हैं। उनकी बेटी के खिलाफ ईडी की जांच चल रही है। सहयोगी पार्टी सीपीआई ने केंद्रीय मदद के लिए भाजपा के एजेंडे पर सरकार चलाने के आरोप लगाया है तो मुस्लिम विरोधी वेल्लापल्ली नतेशन के साथ विजयन के संबंधों को लेकर भी निशाना साधा है। लोकसभा चुनाव और स्थानीय निकाय चुनाव में लेफ्ट की हार से पार्टी कार्यकर्ताओं का मनोबल गिरा है। हालांकि लेफ्ट के नेता इस नैरेटिव पर यकीन कर रहे हैं कि केरल के लोग दिल्ली के लिए कांग्रेस और तिरुवनंतपुरम के लिए लेफ्ट को चुनेंगे। कांग्रेस नेतृत्व वाले यूडीएफ और सीपीएम के नेतृत्व वाले एलडीएफ की इस सीधा लड़ाई में पहली बार भाजपा मजबूत चुनौती पेश कर रही है।

## भारत की विदेश नीति का अमृतकाल!

भारत की विदेश नीति शांतिपूर्ण सहअस्तित्व के सिद्धांत पर आधारित रही है। लेकिन आज स्थिति है कि दक्षिण एशिया में, जहां आबादी और भौगोलिक कारणों से भारत को दादा होना चाहिए था वहां भी कोई देश भारत की बात नहीं सुन रहा है। न किसी देश में भारत के लिए प्यार बचा है और न किसी के मन में भारत की चिंता या भय है। नेपाल इसकी मिसाल है। बड़ी मुश्किल से नेपाल ने भारत के दो सौ और पांच सौ रुपए की नोट रखने और स्वीकार करने की इजाजत दी है। उसने एक दशक से ज्यादा समय से भारत की एक सौ रुपए से ऊपर के मूल्य की मुद्राओं को स्वीकार करना बंद कर दिया था। अब भी एक सीमा लगाई गई कि कोई भी भारतीय या नेपाली नागरिक दो सौ या पांच सौ रुपए के नोट 25 हजार रुपए से ज्यादा नहीं रख सकता है। नेपाल एक समय दुनिया का एकमात्र हिंदू राष्ट्र माना जाता था। भगवान शिव के द्वादश ज्योर्लिंगों में से एक पशुपतिनाथ का मंदिर काठमांडू में है। लोग तीर्थाटन करने से लेकर घूमने और व्यापार करने के लिए नेपाल जाते थे। बिहार व पूर्वी उत्तर प्रदेश के बड़े हिस्से के लोगों की रिश्तेदारियां नेपाल में हैं। दोनों तरफ शादियां होती रही हैं। लेकिन धीरे धीरे नेपाल कूटनीतिक, राजनीतिक, आर्थिक और सामाजिक रूप से भारत से दूर हो गया है। नेपाल के लोगों में भारत के प्रति अविश्वास है। भारत के नेताओं के बयानों और सरकार के कई फैसलों ने लोगों को नाराज किया है। नेपाल में हिंदी फिल्मों का बहिष्कार होता है। भारत की मुद्रा का तिरस्कार होता है। लोग भारत विरोधी नारे लगाते हैं। सीमा के पास खेतों में काम करने वाले लोगों पर हमले होते हैं। नेपाल कालापानी और लिपूलेख जैसे भारत के इलाकों को अपना बताता है। चीन की कूटनीति नेपाल पर हावी है और भारत उससे दूर हो गया है। नेपाल के साथ भारत के संबंध कभी भी पहले जैसे होंगे इसमें अब संशय है। चीन की मदद से पाकिस्तान के लोगों की नेपाल में कद्र है लेकिन भारत के हिंदू बेगाने हो रहे हैं। बांग्लादेश का निर्माण भारत ने कराया था। भारत की तत्कालीन सरकार ने मुक्ति वाहिनी की लड़ाई को हर तरह से मदद दी थी। पाकिस्तान की सेना ने भारत के सामने सरेंडर किया था और भारत ने सबसे पहले एक स्वतंत्र देश के तौर पर बांग्लादेश को मान्यता दी थी। लेकिन आज बांग्लादेश में सबसे ज्यादा नफरत भारत से है और हिंदुओं से है। आए दिन हिंदुओं पर हमले हो रहे हैं। उनको देश छोड़ने या धर्म परिवर्तन के लिए बाध्य किया जा रहा है। नेपाल में चीन और पाकिस्तान का अड्डा बन रहा है। पाकिस्तान के ढाका स्थित उच्चायोग से पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई के अधिकारी भारत विरोधी साजिशें कर रहे हैं। कट्टरपंथी ताकतें मजबूत हो रही हैं और सीमा पर भारत की स्थिति कमजोर होती जा रही है। कमोबेश यही हाल हर पड़ोसी के साथ है। चीन के साथ सीमा का विवाद है और घनघोर अविश्वास है। भारत एक तरह से चीन का आर्थिक उपनिवेश बन गया है फिर भी चीन की नजर भारत के अरुणाचल प्रदेश पर है।


## तस्वीरों की दुनिया



लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने केरल के कोच्चि में पार्टी के नए चुने गए स्थानीय निकाय प्रतिनिधियों की महापंचायत में सभा को संबोधित किया।



नई दिल्ली में कर्तव्य पथ पर गणतंत्र दिवस की रिहर्सल के दौरान सेंट्रल रिजर्व पुलिस फोर्स और सशस्त्र सीमा बल के जवानों ने मोटरसाइकिल फॉर्मेशन बनाया।



एक मीटिंग के दौरान विदेश मंत्री एस. जयशंकर पोलैंड के उप प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री राडोस्लाव सिकोरस्की के साथ।



उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग जिले के चंद्रपुरी इलाके में एक दुकान में आग लगने के बाद कूलिंग ऑपरेशन चल रहा है।



जम्मू और कश्मीर के किश्तवाड़ जिले में आतंकवादियों को ढूंढकर खत्म करने के लिए चलाए जा रहे सर्च ऑपरेशन के दौरान एक सुरक्षा अधिकारी।



केंद्रीय मंत्री और बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा नई दिल्ली में पार्टी के नए राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव के लिए पार्टी मुख्यालय पहुंचे।



नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी ने नई दिल्ली में एनसीसी गणतंत्र दिवस कैंप 2026 का दौरा किया।

## क्या सबरीमाला में बदली गई सोने की प्लेट ?

# केरल हाई कोर्ट ने एसआईटी जांच पर रिपोर्ट पर की ये टिप्पणी

नईदिल्ली, 20 जनवरी [एजेंसी]।



केरल हाई कोर्ट ने सोमवार को कहा कि रासायनिक विश्लेषण रिपोर्ट से सबरीमाला मंदिर में सोने की प्लेट बदलने की आशंका पुष्ट होती है। ऐसा लगता है कि द्वारपालक के दरवाजों और श्रीकोविल से सोने की प्लेटों को हटाकर सोने की परत चढ़ी तांबे की प्लेट लगा दी गई है। जस्टिस राजा विजयराघवन वी और केवी जयकुमार की खंडपीठ ने अय्यप्पा मंदिर में सोने की चोरी की जांच कर रही एसआईटी द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट का अवलोकन करने के बाद यह टिप्पणी की। अदालत ने कहा कि यह देखते हुए कि विक्रम साराभाई अंतरिक्ष केंद्र (वीएसएससी) द्वारा तैयार रिपोर्ट अत्यधिक तकनीकी प्रकृति की है, केंद्र सरकार के विज्ञानियों और तकनीकी विशेषज्ञों का विस्तृत बयान दर्ज करना होगा। अदालत के निर्देश के मुताबिक एसआईटी ने सोमवार को जांच की प्रगति का विस्तृत विवरण देते हुए एक रिपोर्ट प्रस्तुत की। रिपोर्ट में कहा गया है कि द्वारपालक (संरक्षक देवता) के दरवाजों और श्रीकोविल (गर्भगृह) से सोने की चोरी से संबंधित दो मामलों में अब तक 11 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है, जबकि तीन अन्य लोगों की संलिप्तता की सक्रिय रूप से जांच की जा रही है।

हाई कोर्ट ने रिपोर्ट देखने के बाद कहा-हमने जांच एजेंसी द्वारा प्रस्तुत विश्लेषण का ध्यानपूर्वक अध्ययन किया है। इस स्तर पर जांच का मुख्य उद्देश्य यह पता लगाना है कि वर्ष 1998 में मूल रूप से कितनी मात्रा में सोने की प्लेट चढ़ाई गई थी। वर्ष 2019 के दौरान बाद में चढ़ाई गई प्लेट में कितना सोना इस्तेमाल किया गया था और क्या मूल सोने की प्लेटों को हटाकर उनकी जगह नई परत चढ़ाई गई थी।

### शराब घोटाला मामला, सांसद पीवी मिथुन रेड्डी को ईडी का समन

**नई दिल्ली।** ईडी ने आंध्र प्रदेश के कथित 3,500 करोड़ रुपये के शराब घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में वाईएसआर कांग्रेस के सांसद पीवी मिथुन रेड्डी को पूछताछ के लिए समन जारी किया है। राजमपेट से सांसद मिथुन रेड्डी को 23 जनवरी को ईडी के क्षेत्रीय कार्यालय में पेश होने को कहा गया है, जहां उनका बयान धन-शोधन निवारण अधिनियम के तहत दर्ज किया जाएगा। यह मामला वाईएसआर कांग्रेस की पिछली सरकार के कार्यकाल में लागू की गई शराब नीति से जुड़ा है। मिथुन रेड्डी को आंध्र प्रदेश पुलिस की विशेष जांच टीम ने जुलाई 2025 में आरोपित बनाया था और गिरफ्तार भी किया था। वह फिलहाल जमानत पर बाहर हैं। ईडी ने इस मामले में पूर्व सांसद विजयसाइ रेड्डी को भी 22 जनवरी को तलब किया है। एसआईटी की एफआईआर में आरोप है कि शराब कारोबार से जुड़े अवैध धन को विजयसाई रेड्डी के जरिए पूर्व मुख्यमंत्री वाईएस जगन मोहन रेड्डी तक पहुंचाया गया। हालांकि जगन मोहन रेड्डी ने इन आरोपों को राजनीतिक साजिश बताया है और उन्हें अब तक आरोपित नहीं बनाया गया है।

## भोपाल से खाड़ी देशों तक फैला गोमांस तस्करी का अंतरराष्ट्रीय नेटवर्क, सामने आया चौंकाने वाला राज



**भोपाल।** भोपाल शहर के जिंसी स्थित स्लॉटर हाउस में पकड़े गए 26 टन गोमांस के मामले में अब चौंकाने वाले राज सामने आ रहे हैं। यह एक सुनियोजित अंतरराष्ट्रीय निर्यात गिरोह का हिस्सा है।जांच में सामने आया है कि असलम कुरैशी उर्फ असलम चमड़ा नगर निगम के कथित सरकारी संरक्षण की आड़ में प्रतिबंधित गोमांस को बैंकॉक, दुबई सहित अन्य खाड़ी देशों तक पहुंचा रहा था।इस पूरे खेल में अत्याधुनिक तकनीक, फर्जी दस्तावेज और समुद्री बंदरगाहों का इस्तेमाल कर एक सेफ कॉरिडोर तैयार किया गया था। इस गिरोह की कार्यप्रणाली बेहद शातिर थी। जिंसी स्लॉटर हाउस में गोवंश के कटान के बाद उसे वैज्ञानिक तरीके से पैक किया जाता था। इस अवैध खेप को वैध बनाने के लिए पशु चिकित्सक के फर्जी या साठगांठ वाले प्रमाण-पत्रों का उपयोग किया जाता था। गोवंशियों के मांस को नगर निगम के सरकारी पशु चिकित्सक डॉ. बीपी गौर ही कागजों पर भैंस का मांस घोषित करते थे। कस्टम और निर्यात संबंधी कागजी कार्रवाई में इसी फर्जी सर्टिफिकेट को आधार बनाकर जांच एजेंसियों की आंखों में धूल झोंकी जा रही थी।तस्करों ने इसे पूरी तरह कॉर्पोरेट रंग दे दिया था। सूत्रों के अनुसार जब्त किए गए मांस की पैकेजिंग अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप पाई गई है।

प्रत्येक पैकेट पर विशेष क्यूआर कोड और टैग लगाए गए थे, ताकि विदेशी खरीदार को माल की पहचान करने में आसानी हो।वहीं, मांस को लंबे समय तक सुरक्षित रखने के लिए अत्याधुनिक वैक्यूम सीलिंग तकनीक का प्रयोग किया जाता था, जिससे उसकी गंध बाहर न आए और वह महीनों तक खराब न हो। अवैध मांस का कंटेनर सीधे मुंबई और चेन्नई के बंदरगाहों पर भेजा जाता था। तस्करों ने कई बार रेलवे पार्सल सेवा का भी दुरुपयोग किया। हिंदू उत्सव समिति के अध्यक्ष चंद्रशेखर तिवारी ने बताया कि इस मामले में बड़े लोग शामिल हैं। असलम के संपर्क दुबई में भी हैं। वह प्रत्येक सप्ताह जुआं खेलने के लिए दुबई जाता था। न तो सीएम इस मामले में कुछ बोल रहे हैं और न ही पुलिस ने अभी तक असलम चमड़े को रिमांड पर लिया है।

## देहरादून में सेना के जवान से ठगी, प्लॉट दिलाने के नाम पर जालसाज ने आठ लाख रुपये ऐंठे



**देहरादून।** जमीन दिलाने का झांसा देकर एक आरोपित ने सेना के जवान से आठ लाख रुपये की ठगी कर दी। इस मामले में पटेलनगर कोतवाली पुलिस ने आरोपित के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस को दी तहरीर में सचिन रावत निवासी ग्राम कीर्तिखाल पौड़ी गढ़वाल ने बताया कि वह सेना में हैं और उनकी ड्यूटी छत्तीसगढ़ के नक्सल इलाके में है।रुपये जोड़कर उन्होंने देहरादून में प्लाट खरीदने की योजना बनाई। जिसके लिए उन्होंने प्रापर्टी डीलर शिवानिश रावत निवासी बडोवाला, आरकेडिया ग्रांट से संपर्क किया। शिवानिश रावत ने विश्वास दिलाया कि वह एक प्लाट 25.53 लाख में बिकवा रहा है, जिसका भूस्वामी आर्मी में है। जब वह छुट्टी आएगा तो तब वह जमीन की बात करेगा। शिवानिश रावत ने बहला फुसलाकर बयाने के रूप में उनसे 20.51 लाख रुपये ले लिए। धनराशि देने के बाद जब शिवानिश रावत पर रजिस्ट्री कराने का दबाव बनाया गया तो वह यह कहकर टालने लगा कि भूस्वामी को छुट्टी नहीं मिल रही है ।शिवानिश रावत पर शक होने पर जब जमीन के कागज की जांच सब रजिस्ट्रार आफिस में कराई तो पता चला कि वह जमीन किसी और के नाम पर दर्ज है।पीड़ित ने बताया कि शिवानिश रावत को जब पुलिस के पास जाकर शिकायत करने की बात कही, तब उसने दो लाख रुपये वापिस कर दिए और जल्द ही बकाया 18.51 लाख रुपये लौटाने की बात कही। जब उन्होंने मुकदमा दर्ज कराने की बात कही तो तब शिवानिश रावत ने 10.50 लाख रुपये लौटा दिए, लेकिन शेष आठ लाख रुपये अभी तक नहीं दिए।

## महिषी की ऐतिहासिक पहचान, सहरसा में नहीं मिल रहा मंडन मिश्र-शंकराचार्य शास्त्रार्थ डाक टिकट

सहरसा, 20 जनवरी [एजेंसी]।



सहरसा स्थित महिषी का नाम मंडन मिश्र और शंकराचार्य शास्त्रार्थ देश विदेश में चर्चित है। महिषी के इस गौरवशाली इतिहास को संजोने और शास्त्रार्थ परंपरा को जीवित करने के उद्देश्य से डाक विभाग द्वारा मंडन मिश्र-शंकराचार्य शास्त्रार्थ डाक टिकट जारी किया गया। जिला का यह पहला एक ऐसा ऐतिहासिक प्रसंग है जिस पर डाक विभाग ने टिकट जारी किया। ताकि भारत सरकार के डाक विभाग के अभिलेख में भी मंडन मिश्र और शंकराचार्य शास्त्रार्थ जीवंत बना रहे। लेकिन यह डाक टिकट मंडन मिश्र की धरती पर अब तक नहीं पहुंच पाया है। मंडन मिश्र-शंकराचार्य शास्त्रार्थ पर डाक विभाग पटना में करीब तीन माह पहले बिहार राज्य स्तरीय डाक टिकट संग्रह प्रदर्शनी के माध्यम से आम लोगों के बीच प्रदर्शित किया। डाक टिकट जारी होने के बाद भी आज तक सहरसा के डाकघर में वह डाक टिकट नहीं पहुंच पाया है। इच्छुक लोग जिज्ञासापूर्वक अपने इतिहास को डाक टिकट के माध्यम से संजोकर रखने के लिए डाकघर खरीदने जाते हैं लेकिन उन्हें निराश होकर वापस लौटना पड़ता है। लोगों का कहना है कि जब सहरसा के इतिहास को डाक विभाग में जगह मिला और यहां वह डाक टिकट उपलब्ध नहीं हो पा रहा है तो अन्य जगहों का क्या कहना।

मंडन मिश्र-शंकराचार्य पर शास्त्रार्थ को लेकर डाक टिकट खरीदने पहुंचे महिषी गांव के शिक्षाविद दिलीप चौधरी ने बताया कि अब तक यह डाकघर में नहीं मिल पा रहा है। वह दो बार डाक टिकट जारी होने के बाद उसे खरीदने पहुंचे ताकि वह अपने गांव के इतिहास को डाक टिकट के माध्यम से संग्रहित कर रख सकें। लेकिन डाकघर में नहीं मिल पा रहा है। बताया कि नए पिढ़ी के लोग इस डाक टिकट के माध्यम से उत्सुकता वस उस पहलु से अवगत हो सकेंगे।

सरकार ने अच्छी पहल की है यह डाकघर में जल्द उपलब्ध कराया जाए।महिषी में उग्रतारा मंदिर और मंडन मिश्र धाम बन रहा है। पर्यटन विभाग द्वारा इसे तैयार किया जा रहा है। करीब 14 करोड़ की लागत से मंडन मिश्र और शंकराचार्य वाले स्थल पर वह कारिडोर बनाया जा रहा है। ताकि उस इतिहास को धरोहर के रूप में संरक्षित कर रखा जा सके। यह निर्माण काम भी चल रहा है। ऐसी जानकारी पूर्व से नहीं थी। बहुत जल्द यह डाक टिकट डाकघर में उपलब्ध कराया जाएगा।

## पाकिस्तान में दिल दहला देने वाली घटना, युवक ने परिवार के 7 लोगों को गोलियां बरसाकर उतारा मौत के घाट



खैबर पख्तूनख्वा 20 जनवरी। पाकिस्तान के उत्तर-पश्चिमी खैबर पख्तूनख्वा प्रांत से एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जहां घरेलू विवाद ने हिंसक रूप ले लिया।सोमवार को एक व्यक्ति ने अपने ही घर में अंधाधुंध गोलीबारी कर दी, जिसमें उसकी पत्नी और दो महीने की मासूम बेटी सहित सात लोगों की मौके पर ही मौत हो गई।पुलिस के अनुसार, आरोपित की पहचान फारूक उर्फ फारूके के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि घरेलू कलह के बाद उसने घर में मौजूद परिजनों पर ताबड़तोड़ गोलियां चला दीं। हमले में उसके दो भाइयों और उनकी पत्नियों के अलावा उसकी अपनी पत्नी और नवजात बेटी की भी जान चली गई। पुलिस ने आरोपित को घटना के बाद गिरफ्तार कर लिया है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि इस सामूहिक हत्या के पीछे लंबे समय से चला आ रहा पारिवारिक तनाव और आपसी रंजिश कारण बनी। पुलिस ने घटनास्थल से हथियार और अन्य सबूत जब्त कर लिए हैं और मामले की गहन जांच की जा रही है।

## घुमुरा महोत्सव के समापन पर सीएम माझी की बड़ी सौगात 891 करोड़ की 3,612 परियोजनाओं का लोकार्पण-शिलान्यास



भुवनेश्वर, 20 जनवरी [एजेंसी]।

ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने कालाहांडी के प्रसिद्ध घुमुरा महोत्सव के समापन समारोह में शिरकत की।इस अवसर पर उन्होंने जिले के विकास को नई ऊंचाई देने के लिए 891.39 करोड़ रुपये की कुल 3,612 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि उनकी सरकार कालाहांडी को राज्य का अग्रणी कृषि और औद्योगिक केंद्र बनाने के लिए संकल्पित है। समारोह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री माझी ने एक बड़ी घोषणा की।

उन्होंने बताया कि 3,325 करोड़ रुपये की लागत वाली उतेई रौल सिंचाई परियोजना को केंद्र सरकार से मंजूरी मिल गई है और जल्द ही इस पर काम शुरू होगा। इसके साथ ही उन्होंने बेलगाम अंथानदी जलाशय परियोजना और सांदुल बैराज के काम में तेजी लाने का निर्देश दिया, जिससे क्षेत्र के किसानों को सीधा लाभ मिलेगा।मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले 18 महीनों में कालाहांडी के लिए 1,500 करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं की शुरुआत की जा चुकी है। उन्होंने जिला प्रशासन और किसानों से आह्वान किया कि वे कालाहांडी को ओडिशा का नंबर-1 कृषि जिला बनाने में सहयोग करें। उन्होंने बताया कि इस वर्ष किसान पंजीकरण की संख्या 1.12 लाख से बढ़कर 1.21 लाख हो गई है, जो क्षेत्र की कृषि प्रगति का प्रमाण है।

### मॉल हादसे में मरने वालों की संख्या बढ़कर 26 हुई , 60 लोग लापता

**कराची।** पाकिस्तान में शॉपिंग मॉल में लगी भीषण आग में मरने वालों की संख्या बढ़कर 26 हो गई है। कराची स्थित गुल प्लाजा में शनिवार रात आग लगी थी। इस पर रविवार रात को काबू पाया जा सका। आग लगने के तुरंत बाद ही छह शव बरामद किए गए थे। उन लोगों की मौत दम घुटने से हुई थी, जबकि दर्जनों घायलों को अस्पतालों में भेजा गया था। कराची कमिश्नर हसन नकवी के अनुसार, मृतकों की संख्या 50 से अधिक हो सकती है। शनिवार को आग तेजी से फैलने के कारण बचाव दल अंदर नहीं जा पाए थे। आग बुझने के बाद जब दमकलकर्मी अंदर पहुंचे तो वहां अन्य शव बरामद हुए। इनमें से कुछ बुरी तरह झुलसे हुए थे। अब भी कम से कम 60 लोग लापता हैं। आग से इमारत लगभग पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई है। दमकलकर्मी अब भी बचे हुए लोगों की तलाश कर रहे हैं।

## शराब कारोबारी नवीन केडिया के खिलाफ लुक आउट नोटिस जारी, झारखंड शराब घोटाले में ACB की कार्रवाई





**रांची।** झारखंड में शराब घोटाला मामले में भ्रष्टाचार निरोधक अधिनियम के तहत जांच कर रही एसीबी ने छत्तीसगढ़ के शराब कारोबारी नवीन केडिया के विरुद्ध लुक आउट नोटिस जारी करवाया है। सीबीआई के माध्यम से सभी एयरपोर्ट को यह नोटिस जारी किया गया है कि नवीन केडिया जहां भी दिखे, उसे वहीं रोकें। अगर वह देश में है तो अब देश से बाहर नहीं भाग सकेगा। हालांकि, सूचना यह भी है कि वह देश से बाहर भाग चुका है। गिरफ्तारी नहीं होने की स्थिति में एसीबी उसे कानूनी तौर पर तीन नोटिस करेगी और उसके बाद उसके विरुद्ध एसीबी स्थित रांची की विशेष अदालत से नवीन केडिया के घर की कुर्की-जब्ती के लिए अनुमति लेगी। एसीबी ने नवीन केडिया को गोवा में आठ जनवरी को स्पा सेंटर में मसाज कराते वक्त पकड़ा था। उसे ट्रांजिट रिमांड के लिए गोवा की अदालत में प्रस्तुत किया गया था, जहां से उसे चार दिनों के लिए ट्रांजिट बेल मिला था। उसे 12 जनवरी की शाम तक तक हर हाल में रांची स्थित एसीबी के अनुसंधानकर्ता के सामने उपस्थित होने का निर्देश दिया गया था। इस ट्रांजिट बेल के दौरान नवीन केडिया गोवा से निकलने के बाद फरार हो गया। 12 जनवरी तक जब वह एसीबी रांची के अनुसंधानकर्ता के सामने नहीं पहुंचा तो एसीबी के अधिकारियों की एक टीम उसके छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिले के बिलासपुर स्थित आवास व उसके शराब फैक्ट्री में छापेमारी की, लेकिन उसका कहीं कोई सुराग नहीं मिला।गोवा की अदालत ने उसे इस शर्त पर ट्रांजिट बेल दिया था कि वह देश छोड़कर नहीं जाएगा।

उसे 12 जनवरी तक का ट्रांजिट बेल था और उसे इस अवधि में एसीबी रांची के अनुसंधानकर्ता के सामने उपस्थित होना था। उसने न्यायालय के आदेश की भी अवमानना की है, जो एक गंभीर अपराध है।छत्तीसगढ़ के यह शराब कारोबारी ने झारखंड में पूर्व की उत्पाद नीति के दौरान देसी शराब की आपूर्ति की थी।

वह शराब कंपनी छत्तीसगढ़ डिस्टिलरी का संचालक है।आरोप है कि उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग के पूर्व प्रधान सचिव विनय कुमार चौबे के कार्यकाल में उसने झारखंड में बेखौफ होकर देसी शराब की आपूर्ति की। उसने जिस देसी शराब की आपूर्ति की थी, वह निम्न गुणवत्ता की थी। उक्त शराब में शीशे के कण मिले थे।

# ईरान संकट ने बढ़ाई दिल्ली के थोक बाजारों की चिंता, 4,000 करोड़ रुपये के कारोबार प्रभावित



नईदिल्ली, 20 जनवरी [एजेंसी]।

ईरान में गृह युद्ध जैसे हालात बने हुए हैं। सरकार के विरूद्ध विरोध प्रदर्शनों में कमी जरूर आई है, लेकिन हालात तनावपूर्ण बने हुए हैं, जिसके चलते इंटरनेट और फोन सेवा अभी भी ठप है। उसके चलते खारी बावली के ईरान से पिस्ता, आलू बुखारा व मामरा जैसे सूखे मेवे आयात करने वाले थोक कारोबारी धीरज सिंधवानी चिंतित हैं। वह कहते हैं कि एक वर्ष से अधिक समय से ईरान में आंदोलन के चलते सूखे मेवे की आपूर्ति प्रभावित है। समय पर उत्पाद न आने से आर्डर को पूरा करने में दिक्कत आ रही है। वह लोग ईरान में संपर्क करने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन नहीं हो पा रहा है।दिल्ली में ईरानी खजूर के साथ पिस्ता काफी लोकप्रिय है। पिस्ता की पूर्ति ईरान के प्रतिद्वंद्वी अमेरिका से पूरी की जा रही है, लेकिन इसके चलते उसका दाम करीब दोगुना हो चुका है। वर्ष 2024 तक खारी बावली में पिस्ता जहां 800 से 1,100 रुपये प्रति किलो में उपलब्ध था। अब वह 1,400 से 1,800 रुपये तक पहुंच गया है। वहीं, ईरान में चांदनी चौक का लहंगा, शेरवानी के साथ अन्य परिधान काफी लोकप्रिय है, जिसका भी निर्यात बाधित है।दिल्ली हिंदुस्तानी मर्केंटाइल एसोसिएशन के महामंत्री श्रीभगवान बंसल के अनुसार, कई निर्यातकों का बकाया भी फंसा हुआ है, जो चिंता की बात है। साथ ही तैयार माल के निर्यात में वहां अस्थिरता के चलते अनिश्चितता बनी हुई है। चैंबर आफ ट्रेड एंड इंडस्ट्री (सीटीआई) के अनुसार, दिल्ली के प्रमुख थोक बाजारों के ईरान से कारोबार रिश्तें काफी पुराने और प्रगाढ़ संबंध रहे हैं। सीटीआई के चेयरमैन बृजेश गोयल कहते हैं कि अगर ईरान में संकट लंबे समय तक बरकरार रहा तो दिल्ली का करीब 4,000 करोड़ रुपये का कारोबार प्रभावित होगा। उनके अनुसार, फिलहाल दोनों में कारोबारी गतिविधियां न्यूनतम स्तर पर है। चांदनी चौक के भागीरथ पैलेस से दवा व चिकित्सकीय उपकरणों तथा कश्मीरी गेट मार्केट से आटो पार्ट्स का निर्यात भी ईरान को होता है। जबकि, दरीबा व कूचा महाजनी जैसे गहनों के बाजार में ईरान से हकीक व फिरोजा समेत अन्य कीमती पत्थर आते हैं। इसी तरह, तिलक बाजार में रसायन भी वहां से आता है। बृजेश गोयल के अनुसार, पुरानी दिल्ली के बाजारों से ईरान को प्रति वर्ष करीब 3,000 करोड़ रुपये तो आयात तो 4,500 करोड़ रुपये का निर्यात होता है।

### दिल्ली में वरना कार से आए चोर, पांच मिनट में स्कार्पियो लेकर हो गए फरार, घटना CCTV में कैद

**बाहरी दिल्ली।** केएन काटजू मार्ग थाना क्षेत्र से सोमवार तड़के वरना कार से आए चोर घर के बाहर खड़ी एक स्कार्पियो कार को लेकर फरार हो गए। स्कार्पियो चोरी की पूरी घटना पास ही लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर सीसीटीवी फुटेज के आधार पर जांच शुरू कर दी है।पुलिस अधिकारी का कहना है कि शुरुआती जांच में कार का नंबर प्लेट फर्जी लग रहा है। वहीं, स्कार्पियो लेकर भागने की दिशा में पुलिस अन्य सीसीटीवी कैमरों की भी जांच कर रही है। पीड़ित कारोबारी विकास कुमार बिहार के सहरसा के रहने वाले हैं। यहां रोहिणी सेक्टर-16 स्थित श्रीराम वंडर स्कूल के पास एक सोसायटी में रहते हैं। विकास ने बताया कि वर्ष 2022 में बिहार में ही स्कार्पियो खरीदी थी। फिलहाल स्कार्पियो दिल्ली में चला रहे थे। रविवार की रात घर के पास ही स्कार्पियो खड़ी कर सोने चले गए। सुबह उठने पर पता चला कि स्कार्पियो गायब है। सीसीटीवी फुटेज देखने पर पता चला कि सोमवार तड़के करीब चार बजे एक वरना कार स्कार्पियो के पास आकर रुकती है। जिसमें से कुछ लोग बाहर आते हैं। लाक तोड़कर पांच मिनट के अंदर ही स्कार्पियो को भी लेकर फरार हो जाते हैं। शिकायत पर पहुंची पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर कार्रवाई शुरू कर दी है।

## वाराणसी में बीमा गिरोह के सरगना की 1.26 करोड़ की संपत्ति कुर्क, संभल पुलिस ने की कार्रवाई



**संभल।** बीमा गिरोह के खिलाफ प्रस्तावित कुर्की की कार्रवाई में सोमवार को वाराणसी में बीमा गिरोह के सरगना ओंकारेश्वर मिश्रा की 1.26 करोड़ रुपये की संपत्ति कुर्की हो गई। हालांकि, ग्रेटर नोएडा में सचिन शर्मा से जुड़ी दो संपत्तियां व गौतम बुद्ध नगर में भाई गौरव की आवासीय संपत्तियों पर कार्रवाई के लिए अब भी इंतजार बाकी है।संभल में जिलाधिकारी न्यायालय ने सात जनवरी को फर्जी बीमा गिरोह की अपराध से अर्जित 11.89 करोड़ रुपये की संपत्ति गैंग्स्टर एक्ट के अंतर्गत कुर्क करने के आदेश दिए थे। इसके बाद 12 जनवरी को सचिन शर्मा उर्फ मोनू की संभल के बबराला, शिवपुरी में दो मकान, एक ट्रैक्टर एजेंसी और एक प्लाट पर मुनादी करते हुए 9.19 करोड़ की संपत्ति कुर्क की थी।कई दिनों से लंबित कार्रवाई के बाद संभल प्रशासन ने वाराणसी व नोएडा से संबंधित संपत्तियों का रिसीवर सदर तहसीलदार को नामित किया था। सोमवार को वाराणसी सदर तहसील की नायब तहसीलदार प्रीति पांडे व बहजोई के उपनिरीक्षक महेश कुमार फोर्स के साथ फुलवरिया गांव पहुंचे। यहां ओंकारेश्वर मिश्रा की आवासीय संपत्ति पर ताला लगाया। उस पर बैनर लगाकर ढोल नगाड़े के साथ मुनादी करते हुए संपत्ति कुर्क की। वहीं, गौतमबुद्ध नगर में गौरव व सचिन शर्मा से जुड़ी ग्रेटर नोएडा के ब्लाक डी सेक्टर गामा-1 व ब्लाक सी सेक्टर अल्फा-1 स्थित आवासीय संपत्तियों पर सोमवार को कार्रवाई नहीं हो सकी।18 जनवरी 2025 की रात एएसपी दक्षिणी अनुकृति शर्मा व रजपुरा पुलिस ने काली स्कार्पियो रोककर 11.44 लाख रुपये, चार मोबाइल फोन व 19 फर्जी दस्तावेज बरामद किए थे। मोबाइल जांच में 30 हजार से अधिक फर्जी बीमा पालिसी, मृत्यु प्रमाण पत्र व अन्य कागजात मिले।

### हाई कोर्ट में याचिका दायर कर सकते हैं अभ्यर्थी, MP में OBC के होल्ड पदों के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने दी स्वतंत्रता

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मध्य प्रदेश के विभिन्न विभागों में ओबीसी के होल्ड पदों के मामले में अभ्यर्थियों को हाई कोर्ट में याचिका दायर करने की स्वतंत्रता दी है। सुप्रीम कोर्ट के न्यायमूर्ति एमएम सुंदरेश व न्यायमूर्ति एनके सिंह की युगलपीठ ने याचिका में हस्तक्षेप से मना करते हुए उक्त व्यवस्था दी।दरअसल, पूर्व में हाई कोर्ट ने इन मामलों पर सुनवाई से मना कर दिया था। जबलपुर निवासी भावना यादव, शिवपुरी निवासी शक्ति पाल, रतलाम निवासी विजेंद्र सिंह व अन्य की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता रामेश्वर सिंह ठाकुर व वरुण ठाकुर ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि ये मामला प्राथमिक शिक्षक भर्ती से जुड़ा है। दरअसल, महाधिवक्ता के अभिमत के आधार पर ओबीसी के 13 प्रतिशत पद होल्ड कर दिए गए थे। दलील दी गई कि जिस याचिका के तहत इनके पद होल्ड करने के आदेश हुए थे, वो 28 जनवरी, 2025 को निरस्त हो चुकी है। सुप्रीम कोर्ट से भी वह याचिका निरस्त हो चुकी है।







# तैमोर पिंगला अभ्यारण्य की रौनक बढ़ाई बाघों ने

**हमारी पृथ्वी इस विशाल ब्रह्मांड का एक ऐसा हिस्सा है जहां पर जीवन है अन्यथा इसके चारों ओर निर्वाण शून्य अंतरिक्ष फैला हुआ है। यदि हम अपनी पृथ्वी की स्थिति को इस विशाल ब्रह्मांड की तुलना में देखते हैं तब हमारी पृथ्वी एक रेत के कण से भी छोटी दिखाई पड़ती है, लेकिन इस पृथ्वी पर रहने वाला मानव अपने भौतिक विकास और प्रतिस्पर्धा के दौड़ में एक दूसरे को नीचा दिखाने की होड़ में लगा हुआ है। वह पूरी पृथ्वी पर साम्राज्य स्थापित करने की चेष्टा करता है। खगोल शास्त्र के इस सिद्धांत को हमारे ऋषियों ने बहुत गहराई से महसूस किया था उन्हें मालूम था कि एक न एक दिन हमारी आकाशगंगा के साथ हमारा सूर्य और हमारी पृथ्वी भी नष्ट हो जाएंगी, और हम भी इसी अंतरिक्ष में समा जाएंगे। इसलिए उन्होंने प्रकृति की पूजा एवं संरक्षण का ज्ञान दिया। पृथ्वी पर पैदा होने वाले सभी जीव जंतुओं पशु पक्षियों के साथ मानव को सह- अस्तित्व जीवन का मंत्र दिया जिसमें इस पृथ्वी पर जो भी आया है अपने अलग-अलग जीवन के साथ वह अपना जीवन यापन करेगा यह उसका अधिकार है। मानव संपूर्ण पृथ्वी का उत्तराधिकारी नहीं है क्योंकि उसकी अपनी उम्र पार करने के बाद वह किस जीव की आत्मा में प्रवेश करेगा यह उसे मालूम नहीं है। यही कारण है कि पृथ्वी पर जीवन बाद में पैदा हुआ और उसके पहले भरण पोषण एवं जीवन को बचाए रखने के लिए प्रकृति ने पेड़ पौधे जीव जंतु एवं समस्त पर्याप्त संसाधन उपलब्ध करा दिए गए जो हमारी आवश्यकताओं के साथ-साथ अन्य जीव जंतुओं के जीवन के लिए उपयोगी है। प्रकृति ने आज की पीढ़ी के साथ आगामी पीढ़ी को भी जीवन जीने और विकास के लिए पर्याप्त संसाधन पृथ्वी पर उपलब्ध कराए हैं।**

वैज्ञानिकों के अनुसार इस विशाल ब्रह्मांड के कन्या सुपर क्लस्टर में हमारी पृथ्वी स्थित है। इसके मिल्की वे आकाशगंगा के अरबों तारों में से एक तारा हमारा सूर्य है। इस सूर्य के गुरुत्वाकर्षण में बंधे कई ग्रहों के बीच लगभग 15 करोड़ किलोमीटर दूरी पर हमारी पृथ्वी स्थित है। सूर्य से यह दूरी एवं तापमान जीवन के अनुरूप होने के कारण यहां जीवन संभव हो पाया जो सभी जीव जंतुओं के साथ-साथ पृथ्वी पर पैदा होने वाले पेड़ पौधों को जीवित रहने एवं बढ़ने की शक्ति प्रदान करता है। इसलिए भारतीय अध्यात्म पृथ्वी पर सभी को समान अधिकार के साथ जीवन जीने का अधिकार देता है।

सहजीवन के अस्तित्व को स्वीकारते हुए आज विश्व के सभी देश समस्त जीव जंतुओं को बचाने का प्रयास कर रहे हैं। विश्व में लुप्तप्राय प्रजाति के जीव को भी बचाने का प्रयास किया जा रहा है। दुनिया के अलग-अलग हिस्से में पाए जाने वाले जीव जंतुओं के संरक्षण की जिम्मेदारी उस हिस्से में बसे देश की होती है। इसी का अनुसरण करते हुए दक्षिण एशिया के क्षेत्र में पाए जाने वाले जीवन में बाघ को बचाने का प्रयास भारत एक लंबे समय से कर रहा है। यही कारण है कि वर्ष 1972 में वन्य जीव संरक्षण अधिनियम के




तहत भारत सरकार द्वारा राज्यों को इन वन्य प्राणियों के संरक्षण हेतु अधिसूचित करने का अधिकार दिया गया। राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण की सलाह पर यह अधिसूचना जारी की जाती है। अब तक अन्य जीव जंतुओं के साथ भाग के संरक्षण हेतु कई राज्यों में उनके आवास संरक्षण तथा वृद्धि के लिए संरक्षित क्षेत्र घोषित किए गए हैं जिसमें आंध्र प्रदेश के नागार्जुन सागर श्रीशैलम असम का मानस टाइगर रिजर्व बड़े बाघ अभ्यारण है। छत्तीसगढ़ में बाघों के आवास के लिए पहले से तीन अभयारण्य बीजापुर जिले के इंद्रावती, गरियाबंद का उदंती सीता नदी और पेंड्रा गौरेला मरवाही जिले का अचानकमार बाघ अभयारण्य संचालित थे किंतु बाघों की बढ़ती संख्या एवं अन्य अभयारण्यों से जुड़ाव के कारण छत्तीसगढ़ में वर्ष 2024 में गुरु घासीदास तैमोर पिंगला बाघ अभयारण्य की घोषणा की गई जो अपनी विस्तृत सीमाओं के कारण भारतवर्ष का तीसरा सबसे बड़ा बाघ अभयारण्य कहलाया।

मध्य प्रदेश से छत्तीसगढ़ के विभाजन के बाद जैव विविधता से समृद्ध तीन बा अभ्यारण अस्तित्व में थे लेकिन मध्य प्रदेश के संजय दुबरी और बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व तथा झारखंड के पलामू रिजर्व जैसे पड़ोसी राज्यों के बाघों के आवागमन को ध्यान में रखते हुए पुराने गुरु घासीदास अभ्यारण एवं तैमूर पिंगला अभयारण्य को जोड़कर एक नए गलियारे को बाघों के आवागमन के लिए खोल दिया गया। केंद्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण ने अक्टूबर 2021 में अधिसूचना को स्वीकृति प्रदान की, जिसे बाद में 18 नवंबर 2024 को विधिवत 56 वें बाघ अभ्यारण क्षेत्र घोषित किया गया । छत्तीसगढ़ के मनेन्द्रगढ़ -चिरमिरी - भरतपुर जिले से शुरू होकर यह अभयारण्य कोरिया , सूरजपुर, एवं बलरामपुर जिले तक फैला हुआ है जिसमें कुल 2050 वर्ग किलोमीटर का क्षेत्र बाघों का मुख्य आवास एवं 780 वर्ग किलोमीटर सुरक्षित बफर क्षेत्र घोषित किया गया है। सुरक्षित बफर क्षेत्र बाघों के आवागमन का वह स्थान होता है जहां बाघ अपने विचरण के लिए आ सकते हैं। यह अभयारण्य अपने पास के राज्यों में स्थित मध्य प्रदेश के बांधवगढ़ बाघ अभ्यारण एवं झारखंड के पलामू बाघ अभ्यारण से जुड़े होने के कारण बाघों के विचरण के लिए लगभग 4500 वर्ग किलोमीटर का विस्तृत गलियारा तैयार करता है। इसी चुनाव के कारण यह अभयारण्य अब देश के महत्वपूर्ण बाघ अभ्यारण में शामिल है।

गुरु घासीदास- तैमोर पिंगला बाघ अभयारण्य पहले कोरिया जिले से प्रारंभ होता था लेकिन कोरिया जिले के विभाजन के बाद जनकपुर ,कमर्जी एवं कोटाडोल रेंज मनेन्द्रगढ़- चिरमिरी- भरतपुर नए जिले में शामिल हो गया। अपनी जैव विविधता के लिए पूरे देश में चर्चित इस क्षेत्र में 753 प्रजातियां पाई जाती हैं जिसमें 230 पक्षी एवं 55 स्तनपाई वन्य जीव की प्रजातियां शामिल है। 2005 के सर्वेक्षण गणना में यहां 04 बाघ, 45 तेंदुआ, 14 गौर ,110 चीतल, 250 कोटरी, 510 नीलगाय, लगभग 5000 लाल मुंह के बंदर, 1260 जंगली सूअर, 1250 शाही, 3000 काले मुंह के बंदर तथा कहीं-कहीं पैंगोलिन और नेवला के भी मिलने की जानकारी मिलती है। विगत 20 वर्षों में वन्य प्राणियों की संख्या में काफी परिवर्तन हुए हैं इसके अतिरिक्त हिरण। बिल्ली, बड़ी गिलहरी, सांभर, चौसिंघा, चिकारा, लोमड़ी, सियार, नेवला, लकड़बग्घा, खरगोश की बहुतायत संख्या का आवास यह अभ्यारण रहा है। इसमें से कुछ की संख्या में वृद्धि हुई है वहीं वन्य जीवों की संख्या भोजन तथा आवास की कमी के साथ-साथ हिंसक जानवरों के साथ साथ मानव और पशु के द्वंद्व की घटनाओं के कारण इनकी संख्या प्रभावित होती रही है।

पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के सूत्रों के अनुसार वर्ष 2022 में देश में बाघों की संख्या से 10 से 15% वृद्धि की संभावना है उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार 2022 तक 3682 भागों की संख्या थी जो 2027 में अंतिम रिपोर्ट आने के बाद आगे इनकी बढ़ोतरी की स्थिति स्पष्ट हो पाएगी। बाघों के शिकार के लिए पर्याप्त संख्या में पशु नहीं होना भी बाघों के संरक्षण की चिंता में शामिल हो रहा है इसलिए कई अभ्यारण क्षेत्र में शिकार के अनुरूप हिरण, कोटरी, गौर, नीलगाय, जंगली सूअर , इस क्षेत्र में लाकर संरक्षित करने और उनके विकास के लिए कार्य किए जाने की योजना की जानकारी इस बाग अभ्यारण के अधिकारियों से प्राप्त हुई है । बाघों के संरक्षण के लिए सुप्रीम कोर्ट ने भी कुछ गाइडलाइन जारी किए हैं जिसमें बाघों के निवास के कोर जोन में पर्यटकों की सफारी चलने पर प्रतिबंध शामिल है। यह निर्णय पर्यटकों और बाघ अभ्यारण को प्रभावित कर सकता है लेकिन बफर जोन में यदि इसे संचालित किया जाए तब पर्यटक भी इसका आनंद ले पाएंगे और बाघों के संरक्षण भी प्रभावित नहीं होंगे।

कोरिया जिले में इस बाघ अभ्यारण्य की भौगोलिक सीमा उत्तर में आनंदपुर से दक्षिण मे मेंड्रा ग्राम तक तथा पूर्व में जोगिया (सुखतरा) से पश्चिम में गरनई (चंदहा) ग्राम तक इसके 1440 वर्ग किलोमीटर भूभाग में फैला हुआ है। मनेन्द्रगढ़ -चिरमिरी- भरतपुर जिले के जनकपुर के चूल गांव से प्रारंभ होकर सूरजपुर जिले के सीमा में मोहली गांव तक यह विस्तार पाता है। गुरु घासीदास - तैमोर पिंगला अभ्यारण के उप संचालक एस बी द्विवेदी एवं संचालक सौरभ सिंह ठाकुर से चर्चा में जानकारी मिली कि इस अभ्यारण में प्रवेश करने के लिए तीन मुख्य द्वार अधिकृत किए गए हैं जिसमें जनकपुर कोटा डोल मार्ग पर खिरकी ग्राम में, बैकुंठपुर सोनहत के मेंड्रा ग्राम में एवं बिहार पुर की ओर से मकरद्वारी प्रवेश द्वार खोले गए हैं, जहां पर्यटकों के अतिरिक्त अभ्यारण की सीमा से बाहर रहने वाले स्थानीय निवासी भी आना-जाना करते हैं।



कोरिया एवं मने-चिर-भरतपूर जिले के क्षेत्र में जनकपुर से सोनहत तक विचरण करते बाघों में मास्टर टावर के पास आमापानी एवं भादा टावर के पास ज्यादातर बाघ देखे गए हैं। विगत दिनों मादा बाघिन द्वारा दो शासको को जन्म देने का स्थान भी यही क्षेत्र था। वर्तमान में कोटाडोल , कमर्जी एवं जनकपुर रेंज मने-चिर-भरतपूर जिले में आता है । सुरक्षा एवं संरक्षण के लिए किए जाने वाले उपायों की चर्चा में जानकारी मिली कि प्रवेश द्वार पर चार पहिया एवं दो पहिया वाहनों की संपूर्ण जानकारी पंजीबद्ध की जाती है। इसका उद्देश्य आप जहां जा रहे हो उसकी संपूर्ण जानकारी वन विभाग को होना आवश्यक है। निर्धारित स्थल से इधर-उधर जाने को प्रतिबंधित किया जाता है। आपकी गाड़ी की गति 30 किलोमीटर से अधिक नहीं होनी चाहिए ताकि रास्ते में विचरण करते वन्य जीव प्रभावित न हो। इसी तरह किसी भी आग्नेय अस्त्रों को इस क्षेत्र में ले जाना प्रतिबंधित है। अपने पर्यटन के दौरान वन क्षेत्र में कहीं भी आगे बढ़ने से पहले वन विभाग से जानकारी जरूर ले लें। जानकारी में पता चला कि अलग-अलग क्षेत्र में वन्य जीव अलग-अलग पाए जाते हैं जनकपुर क्षेत्र में नीलगाय, तेंदुआ, खरगोश, चीतल,जंगली मुर्गा, जैसे वन्य जीव मिलते है जबकि सोनहत के जंगलों में जंगली सूअर गौर, कोटरी, भारतीय गिद्ध, शाही, जंगली मुर्गा, सियार, काले और लाल मुंह के बंदर पाए जाते हैं।

भविष्य में पर्यटन को बढ़ावा देने की जानकारी लेने पर बताया गया कि यहां पर बफर जोन में पर्यटकों के लिए अभयारण्य में वन विभाग द्वारा गाड़ियां चलाने पर विचार किया जा रहा है, जिसमें इस अभ्यारण की जैव विविधता, वनस्पतियों, नदियों, पर्वतमालाओं और वन्य जीव की जानकारी शामिल होगी। इसी तरह सोनहत के जंगलों में हिरण, कोटरी एवं नीलगाय की प्रजाति को लाकर संरक्षित किए जाने की योजना भी विचाराधीन है। जो इस अभ्यारण के उज्जवल विकसित भविष्य का संकेत देती है। अब तक आने वाले पर्यटकों की संख्या पर उन्होंने बताया हिमालय क्षेत्र मैं ट्रैकिंग करने वाली ' इंडिया हाईक 'कंपनी के द्वारा इस क्षेत्र को ट्रेकिंग के लिए चयनित किया गया है जो अपनी टीम लेकर विगत 07 साल से यहां आ रही है। इनका टूर 8 से 10 दोनों का होता है जिसमें 10 किलोमीटर की यात्रा और पहाड़ियों की चढ़ाई शामिल होती है। अब तक लगभग 150 पर्यटक ट्रैकिंग के लिए आ चुके है। उन्होंने बताया कि ट्रैकिंग का उद्देश्य नई पीढ़ी को जैव विविधताओं एवं वाइल्ड लाइफ से परिचित कराना होता है क्योंकि यही पीढ़ी आगे चलकर वन संरक्षण एवं जैव विविधता को आगे बढ़ाने में सहयोगी सिद्ध होगी। पर्यटकों की संख्या के संदर्भ में पर्यटकों की संख्या के संदर्भ में उन्होंने बताया कि लगभग चार से 5000 पर्यटक प्रति वर्ष यहां पहुंचते हैं लेकिन इसमें वह ग्रामवासी भी शामिल होते हैं जो अभ्यारण के उस पार बसे दूसरे गांव जाने के लिए आते हैं।

गुरु घासीदास- तैमोरपिंगला अभ्यारण जहां बाघों का नया आवास बन गया है वही बाघों की बढ़ती जनसंख्या के कारण उनके आवास अभी भी कम पड़ रहे हैं। क्योंकि एक मादा बाघ को जहां 200 से लेकर 1000 वर्ग किलोमीटर के क्षेत्र की आवश्यकता होती है वही एक नर भाग को अपने शिकार एवं छिपने के लिए इससे दुगुने से लेकर 15 गुना स्थान की जरूरत होती है, ताकि उन्हें उनका भोजन और आवास की स्वतंत्रता मिल सके। इस बाघ अभ्यारण में बाघ संरक्षण के साथ-साथ जैव विविधता के विभिन्न कारक नदी पहाड़ एवं सघन वनों की उपस्थिति इसे पर्यटकों के लिए विशिष्ट आकर्षक बनाती है।

> **खुद तेरी जिंदगी है केवल चार दिनों की पर जिद है तुझे पूरी कायनात चाहिए**

विंध्याचल एवं कैमूर पहाड़ियों की ऊंची नीची पहाड़ियों के बीच यहां का प्राकृतिक सौंदर्य अपने आंचल में विशाल साल वनों का फैलाव रखता है वहीं मिश्रित वनों की श्रृंखला के साथ-साथ विविध जड़ी बूटियां और लताओं का सौंदर्य प्रस्तुत करता है। यहां की आकर्षक पहाड़ियों में बालमगढ़ी, खेखरा बोड़ा, माझी- गढ़, भैरवगढ़, गढ़पहाड़, रेवला चाटिया जैसी पहाड़ियों का सौंदर्य अपने आप में अनूठा है। किसी विशाल नदी का उद्गम स्रोत देखने का सौंदर्य अलग होता है यहां पर बहती नदियों का उद्गम स्रोत उस बच्चे की तरह होता है जो अभी चलना सीख रहा हो, इस तरह की बाल लीलाएं और डगमग कदमों से चलती नदी में यहां हस्दो, गोपद, बनास,पैरी, बीजाधुर, बेनिया, तीन झरिया, जैसी नदियों का उद्गम है हसदो सोनहत पहाड़ के पूर्व दिशा से निकलती है वहीं इसके पश्चिम में 10 किलोमीटर दूर गोपद नदी का उद्गम है जो अलग-अलग दिशाओं में बहती हुई अलग-अलग प्रवाह तंत्र को प्रस्तुत करती है। मिश्रित वनों में साल मुख्य रूप से यहां के सघन वनों में शामिल है, लेकिन इसके साथ चार - चिरौंजी, जामुन ,बरगद ,आंवला, पीपल, मैक्सी, हर्रा, बहेरा, तथा हृदय रोग का रामबाण वृक्ष अर्जुन और कल्लू के पेड़ बहुतायत में पाए जाते हैं । जी हां यह वही कुल्लू है जिसकी गोंद खाने के काम आती है और इसी से लड्डू बनाए जाते हैं। साल वनों की गोंद धूप दीप में जलाने के काम आती है यह इतनी तीव्रता से जलता है कि चिता की अग्नि तेज करने के लिए पंडित अंत्येष्टि संस्कार की सामग्रियों में दो से चार किलो साल की गोंद जरूर लिखवा देते हैं। हृदय रोग में उपयोग आने वाले अर्जुन के पेड़ इन्हीं नदियों के किनारे सैकड़ो की संख्या में मिलते हैं। पानी के बहाव में इसके बीज इसके अंकुरण एवं विकास में सहायक होते हैं।

पृथ्वी के अलग-अलग हिस्सों में अपने अनुकूल जलवायु के अनुसार विभिन्न प्रकार के जीव जंतु विकसित होते हैं इसी तरह बाघ के आवासीय क्षेत्र उष्णकटिबंध, वर्षावन सदाबहार वन, समशीतोष्ण मेग्रोव दलदल, घास के मैदान और सवाना जैसे स्थानों पर पाए जाते हैं। यही कारण है कि दुनिया में बाघ भारत, नेपाल, भूटान, बांग्लादेश, म्यांमार, रूस,चीन, मलेशिया और इंडोनेशिया में मिलते हैं। प्राकृतिक बदलाव और आवास तथा भोजन की कमी के कारण कंबोडिया,लाओस और वियतनाम जैसे दक्षिण एशियाई देशों में अब बाग समाप्त हो गए हैं जो हमारी चिंता में शामिल होना चाहिए। इंटरनेशनल अंतरराष्ट्रीय बिग कैट एलाइंस (IBCA) जैसी वैश्विक संस्थाएं इनका संरक्षण करने के लिए विभिन्न अभियान चलाकर इन्हें बचाने का प्रयास करती रहती है जो सह- अस्तित्व जीवन के क्षेत्र में एक सशक्त कदम माना जा सकता है।

वर्तमान भारत में बाघों की सबसे बड़ी संख्या होना भारत की जागरूकता का परिणाम है जो विश्व बाघ संरक्षण में भारत को विशेष दर्जा प्रदान करता है। 2022 में भारत में बाघों की संख्या 3167 थी जो 2027 में बढ़कर 3682 होने की संभावना है यह आंकड़े केवल एक वन्य प्राणी के संरक्षण की नहीं बल्कि

सह- अस्तित्व के साथ प्रकृति में जीने की भारतीय संस्कृति और दर्शन को आगे बढ़ाती है।

गुरु घासीदास- तैमूर पिंगला बाघ अभ्यारण की जंगलों के बीच पहाड़ों और गुफाओं में आदिमानव के आवास की जानकारी भी मिलती है। यहां पर पहाड़ों की गुफाओं में 4000 से लेकर 5000 साल तक के पुराने भित्ति चित्रों का मिलना इसे प्रमाणित करता है। जनकपुर वन क्षेत्र में कोहबउर (भंवरखोह) तथा मितौली गढ़ पहाड़ (घोड़ासर) , सहित देवगढ़ की पहाड़ियों में कई भित्ती चित्र पाए गए है इसमें बैल, हिरण मानव आकृतियां,हाथ के पंजे का निशान, स्वास्तिक जैसे चिन्ह शामिल है। यह भित्ति चित्र इतिहासकारों एवं भूगर्भ शास्त्रियों के खोज एवं प्रमाण की जरूरत को भी आमंत्रित करते हैं। इसी तरह जोगीमाड़ा, सीता बेंगरा कैलाश- गुफा, डीपाडीह में मिलने वाले चित्र लिपि के भित्ति चित्र भी प्रागैतिहासिक काल की जीवन शैली कला और उनके चित्रांकन के साथ-साथ उसे काल गणना के कई अनसुलझे प्रश्न हमारे सामने प्रस्तुत करता है, जिस पर खोज के साथ-साथ प्रमाणीकरण के कार्य अभी शेष है जो हमारी नई पीढ़ी के खोजी वैज्ञानिकों के लिए चुनौती रहेगी।

वनवासी भगवान राम के वन गमन के समय काल की यादों को समेटे सीतामढ़ी हरचौका, घाघरा सीतामढ़ी, और कोटाडोल में छतौड़ा आश्रम , देवगढ़ एवं रामगढ़ की पहाड़ियों पर उनके पदचिन्हो की आस्था आज भी अंचल में निवासरत आदिवासियों के तीज- त्यौहार के गीतों, सांस्कृतिक परंपराओं में रची बसी है। जो आध्यात्मिक पन्नों में वर्णित त्रेता युग की कहानियां और घटनाओं से यह अंचल स्वयं को पहाड़ों जंगलों और प्रकृति से जोड़ती है । वनवासी राम का चरित्र जंगलों पहाड़ों से गुजरते हुए इन्हीं बंदरों भालुओं की सेना तैयार करने और अन्याय तथा अत्याचार के विरुद्ध जीत दर्ज करने का इतिहास रचा है। इतिहास की यह घटनाएं

सह-अस्तित्व जीवन और प्रकृति संरक्षण का बहुत महत्वपूर्ण उदाहरण है। वर्तमान समय के पन्नों पर यह आज हमारी धरोहर है जो हमें आगे भी इसी संस्कृति को बचाए रखने और आगे बढ़ाने हेतु प्रोत्साहित करती रहेगी। समय की आवाज को महसूस करने और प्रकृति संरक्षण को बनाए रखने में मानव को यथासंभव प्रयास करना उसकी जिम्मेदारी है, और इसके प्रति संकल्पित होकर कार्य करना आज की आवश्यकता है। हमें यह ध्यान रखना होगा कि इस विशाल अंतहीन ब्रह्मांड में मात्र पृथ्वी पर आज जीवन है। इस पृथ्वी के चारों ओर अंतरिक्ष का निर्वाण शून्य है जो हमें कब अपने बाहुपाश में बांधकर स्वयं में शामिल कर लेगा यह हमें मालूम नहीं। इसलिए विस्तृत मस्तिष्क के स्वामी होने के कारण मानव को अपना जीवन बचाए रखने के लिए सह अस्तित्व जीवन के प्रति सचेत रहना होगा। सहस्तित्व- जीवन का सिद्धांत ही मानव को धरती पर लंबे समय तक बचाए रख सकता है।

### स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी ने संवाद में देरी को लेकर लोगों को बतायी खास वजह

# क्षेत्र के संतुलित विकास के लिये 50 वर्षों की रूपरेखा पर काम जारी

**चिरमिरी।** छत्तीसगढ़ के स्वास्थ्य मंत्री ने नववर्ष मिलन समारोह और पत्रकार संवाद कार्यक्रम में क्षेत्र के विकास कार्यों की विस्तृत जानकारी दी । इस अवसर पर उन्होंने कहा कि पत्रकार केवल पत्रकार नहीं बल्कि लोकतंत्र के सशक्त स्तंभ और हमारे मतदाना भी हैं ।

स्वास्थ्य मंत्री ने का कि पिछले दो वर्षों में जनहित से जुड़ी व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने पर विशेष ध्यान दिया गया है । पत्रकारों द्वारा उठाए गए मुद्दों की उन्होंनि हमेशा सकारात्मक रूप से लिया है और जी भी कमियां सामने व्यई उन्हें तत्काल दूर करने का प्रयास किया गया। उन्होंने बताया कि जिला अस्पताल में कार्यों की गति तेज की गई है और गुणवत्ता सुधार पर विशेष जोर दिया गया है। रायपुर के मेकाहारा अस्पताल पर व्यापालथ द्वारा संज्ञान लिया जाना व्यवस्था सुधार का उदाहरण है । प्रदेश में मेडिकल कॉलेजों की संख्या 10 से चढ़ाकर 15 कर दी गई है। फिजियोथेरेपी सेवाओं का विस्तार हुआ है तथा मानसिक अस्पतालों की क्षमता भी बढ़ाई गई है। स्वास्थ्य मंत्री ने



कहा कि मनेंद्रगढ़ में मेडिकल कॉलेज की मांग लंबे समय से थी जिसे अब पूरा किया जा रहा है । नर्सिंग कॉलेव को मेडिकल कॉलेज परिसर में ही स्थापित किया जायेगा और चिरमिरी में नगिंग आईआईटी पैटर्न पर विकसित होगा। गॉलिटेक्निक कॉलेज प्रारंभ हो चुका है। रेलवे एवं सड़क कनेक्टिविटी पर बोलते हुए मंत्री जायसवाल ने बताया कि रेलवे से जुई कार्यों पर 241 करोड़ को 500 करोड़ रुपयों से अधिक की राशि स्वीकृत की गई है। पत्रकारों के सवालों का जवाब देते देते हुए स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जावस्त्वात ने कहा कि चिरमिरी-बिलासपुर रेल मार्ग को रायपुर तक विस्तार करने के प्रयास किये जा रहे हैं। सड़क अध्धोसंरचना के अंतर्गत 350 करोड़ रुपयों की लागत से 100 से अधिक सड़?कों का निर्माण किया जा रहा है । हसदेव नदी पर प्रदेश का सबसे ऊंचा मेरो उधनापुर पुल, जराधेल पुल तथ खड़गवां को जोड़ने चलो सड़क निर्माणाधीन है। विरमिरी खड़गवां शॉर्टकट रोड का चौड़ीकरण कार्य भी जारी है । जल संसाधन विभाग से संबंधित जानकारी देते हुए मंत्री ने बताया कि चिरमिरी में 185 करोड़ रुपयों की जलापूर्ति योजना की एनओसी प्रक्रिया चल रही है । ग्रामीण क्षेत्रों को पुरानी नहरों में पहुंचना शुरू हुआ है । केवई नदी परियोजना के अंतर्गत प्रस्तावित जैम से भविष्य में लगभग 6000 हेक्टेयर भूमि सिंचित होगी और पूरा विधानसभा क्षेत्र लाभान्वित होगा। कोयला खदानों को लेकर उठे सवालों पर मंत्री ने कहा कि किसी प्रकार के भ्रम में वा रहें। जहां सुरक्षा और नियमों के अनुसार संभव होगा चहां खदानें चालू रखी जायेगी। अंजन हिल मर्दस इसका उशहरण है जो 12 से 15 वर्षों बाद पुन: शुरू होने जा रही है। स्वास्थ्य सुविधाओं पर उन्होंने बताया कि जिला अस्पताल चिरमिरी में जल्द ही अंतरराष्ट्रीय ब्रांड की डायलिसिस सेवा शुरू की जाएगी तथा मेडिकल कॉलेज में एमआरआई सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी । आरटीओ कार्यालय बंद होने के प्रश्न पर मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री से अनुरोध करेंगे कि राजस्व सूजन करने वाले सभी आवश्यक सेटअप पूर्ण रूप से दिए जाए। अंत में उन्होंने कहा कि किसी भी राजनीतिक दल से जुड़े व्यक्ति सुझाव दे सकते हैं। पत्रकारों ने सदैव उनका मनोबल बढ़ाया है और क्षेत्र के विकास में उनकी भूमिका अहम रही है। मई के प्रथम सतह में पत्रकारों के साथ एक और संवाद बैठक आयोजित की जायेगी अब ऐसी स्थिति निर्मित नहीं होगी मेरी स्थिति एक बहु के सामान्य हो गई है पहले में एक विधायक था अब आपके हर बुलावे पर रात हो या दिन उपस्थित हो जाता था अब इस बड़ी जिम्मेदारी पर मेरी हालत उस बहु के रूप में है जो अपने ससुराल में रह कर अपनी जिम्मेदारी निभा रही है इस कारण हम लोगो को मिलने में इतना समय लगा आज के इस आयोजन के बाद पुन: आप सभी को इसकी शिकायत नहीं होगी।

## जिला जेल में मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम का आयोजन, 170 कैदियों ने लिया लाभ

**कोरिया बैकुंठपुर।** कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी के आदेशानुसार एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला कोरिया डॉ. प्रशांत सिंह के मार्गदर्शन में जिला जेल बैकुंठपुर में व्यापक मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य जेल में निरुद्ध कैदियों के मानसिक स्वास्थ्य की जांच, जागरूकता बढ़ाना तथा आवश्यकता अनुसार उपचार एवं परामर्श उपलब्ध कराना रहा। कार्यक्रम के प्रथम सत्र में मानसिक रोगों के कारण, लक्षण एवं उपचार के विषय में विस्तृत जानकारी दी गई। चिकित्सा मनोवैज्ञानिक डॉ. सुमन कुमार ने अवसाद, एंजायटी, समेटोफॉर्म डिसऑर्डर, नशा, मोबाइल एडिक्शन, मेनिया एवं सिजोफ्रेनिया जैसे प्रमुख मानसिक रोगों के लक्षण, उनके कारणों तथा उपचार की विधियों को सरल भाषा में समझाया। उन्होंने बताया कि समय रहते पहचान और उपचार से मानसिक रोगों को काफी हद तक नियंत्रित किया जा सकता है। द्वितीय सत्र में तनाव प्रबंधन पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस दौरान डॉ. सुमन कुमार ने विभिन्न एक्टिविटीज के माध्यम से तनाव कम करने के व्यावहारिक उपाय बताए। इन गतिविधियों में जेल के सभी 170 पुरुष कैदियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और तनाव से निपटने की तकनीकों को सीखा। तृतीय चरण में कैदियों की मानसिक स्थिति का मूल्यांकन किया गया, जिसमें 18 पुरुष कैदियों में विभिन्न मनोवैज्ञानिक समस्याएं पाई गईं। इनमें एक सिजोफ्रेनिया, दो अवसाद, चार एंजायटी, एक मेनिया, एक माइग्रेन, एक टेंशन हेडेक, दो समेटोफॉर्म, दो नशा संबंधी तथा अन्य मिश्रित समस्याएं शामिल थीं। इन सभी कैदियों को फार्माकोथेरेपी (दवाइयों द्वारा उपचार), साइकोथेरेपी एवं काउंसलिंग की सुविधा प्रदान की गई। चौथे सत्र में टेली मानस सेवा की जानकारी दी गई। मनोचिकित्सा काउंसलर श्रीमती शीबा ने भारत सरकार द्वारा संचालित निशुल्क ऑनलाइन काउंसलिंग सेवा टेली मानस नंबर 14416 के बारे में विस्तार से बताया और मानसिक स्वास्थ्य सहायता हेतु इसके उपयोग की जानकारी दी।

## 23 से 25 तक पुरखौती मुक्तांगन में भव्य आयोजन

**कोरिया बैकुंठपुर।** छत्तीसगढ़ की समृद्ध साहित्यिक, सांस्कृतिक एवं बौद्धिक परंपरा को राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिष्ठित करने के उद्देश्य से रायपुर साहित्य उत्सव-2026 का आयोजन 23, 24 एवं 25 जनवरी 2026 को नवा रायपुर अटल नगर स्थित पुरखौती मुक्तांगन में किया जाएगा।

तीन दिवसीय इस साहित्य उत्सव में देश-प्रदेश के लगभग 120 ख्यातिप्राप्त साहित्यकार, लेखक, विचारक एवं बुद्धिजीवी सहभागिता करेंगे। आयोजन के दौरान 42 साहित्यिक सत्रों में समकालीन सामाजिक, सांस्कृतिक, राजनीतिक एवं बौद्धिक विषयों पर गहन विमर्श होगा। सत्रों में भारतीय ज्ञान परंपरा, संविधान, सिनेमा और समाज, नव जागरण, छत्तीसगढ़ का साहित्य, इतिहास और साहित्य, शिक्षा संस्थानों में भाषा एवं साहित्य, नाट्यशास्त्र, समकालीन महिला लेखन, जनजातीय साहित्य, लोक संस्कृति, पत्रकारिता, शासन, डिजिटल युग में लेखन तथा प्रकाशन जगत की चुनौतियों जैसे विषय शामिल हैं। उत्सव का उद्घाटन 23 जनवरी 2026 को राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश करेंगे। उद्घाटन समारोह में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय तथा वर्धा अंतर्राष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय की कुलपति डॉ. कुमुद शर्मा विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगी। समापन समारोह 25 जनवरी 2026 को आयोजित होगा, जिसमें डॉ. सच्चिदानंद जोशी एवं डॉ. चंद्रप्रकाश द्विवेदी सहित कई प्रतिष्ठित सांस्कृतिक व्यक्तित्व शामिल होंगे। 23 जनवरी को सायं 7 बजे प्रख्यात अभिनेता मनोज जोशी द्वारा 'चाणक्य' नाटक का मंचन, अभिनेता नीतीश भारद्वाज एवं फिल्म निर्देशक अनुराग बसु की सहभागिता, 24 जनवरी को पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की स्मृति में विशेष काव्य-पाठ सत्रों के लिए चार मंडप बनाए गए हैं, जिनका नामकरण स्व. विनोद कुमार शुक्ल, पं. श्यामलाल चतुर्वेदी, लाला जगदलपुरी और अनिरुद्ध नीरव के नाम पर किया गया है। आयोजन स्थल पर विशाल पुस्तक मेला लगेगा, जिसमें लगभग 15 राष्ट्रीय प्रकाशक भाग लेंगे। छत्तीसगढ़ के साहित्यकारों एवं विद्यार्थियों की पुस्तकों का प्रदर्शन एवं नई पुस्तकों का विमोचन भी किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, छत्तीसगढ़ के 25 वर्षों के विकास पर आधारित प्रदर्शनी, युवाओं एवं लोक कलाकारों के लिए टैलेंट ज़ोन, क्विज प्रतियोगिताएं, लोकनृत्य एवं गीत-संगीत की प्रस्तुतियां भी होंगी। पुरखौती मुक्तांगन तक आवागमन के लिए पुराने रायपुर से 20 नि:शुल्क बसों की व्यवस्था की गई है। आयोजन की व्यवस्थाओं में लगभग 500 अधिकारी- कर्मचारी लगे हुए हैं। स्थानीय व्यंजनों के लिए 15 फूड स्टॉल, पेयजल, स्वच्छता एवं शौचालय की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है। रायपुर साहित्य उत्सव-2026 छत्तीसगढ़ की बौद्धिक चेतना, सांस्कृतिक विरासत और समकालीन विचारधारा का सशक्त राष्ट्रीय प्रदर्शन है, जो साहित्य और संवाद के माध्यम से समाज को जोड़ने का कार्य करेगा।

# धान खरीदी में विसंगति पर कांग्रेस ने घेरा कार्यालय

**एमसीबी।** जिले में व्याप्त गंभीर जनसमस्याओं, भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों एवं जिला प्रशासन की उदासीन कार्यप्रणाली के खिलाफ जिला कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में पहले एक विशाल आम सभा का आयोजन किया गया। आम सभा के उपरांत कांग्रेस नेताओं, कार्यकर्ताओं एवं बड़ी संख्या में आम नागरिकों ने संगठित रूप से कलेक्टर कार्यालय का घेराव कर अपना तीव्र विरोध दर्ज कराया। कार्यक्रम के दौरान जनता का आक्रोश स्पष्ट रूप से दिखाई दिया और प्रशासन से तत्काल, ठोस व प्रभावी कार्रवाई की मांग की गई।



आम सभा को संबोधित करते हुए कोरबा लोकसभा सांसद ज्योत्सना चरणदास महंत ने कहा कि भाजपा सरकार के कार्यकाल में आम जनता की बुनियादी समस्याओं को लगातार नज़रअंदाज़ किया जा रहा है। मनरेगा को कमजोर करने की साज़िश, किसानों को परेशान करना, अतिक्रमण के नाम पर गरीबों के घर तोड़ना, दूषित पेयजल से मौतें और बिजली कटौती जैसी घटनाएँ सरकार और प्रशासन की विफलता का परिणाम हैं। कांग्रेस जनता के अधिकारों की रक्षा के लिए हर स्तर पर संघर्ष करेगी । जिला कांग्रेस अध्यक्ष अशोक श्रीवास्तव ने कहा कि जिले में प्रशासनिक संवेदनशीलता पूरी तरह समाप्त हो चुकी है। कलेक्टर प्रशासन जनता की शिकायतों पर गंभीरता से संज्ञान नहीं ले रहा है। आम सभा और कलेक्टर कार्यालय घेराव के माध्यम से कांग्रेस ने स्पष्ट कर दिया है कि अब अन्याय और लापरवाही को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा । पूर्व विधायक गुलाब कमरों ने कहा कि यह आंदोलन केवल कांग्रेस का नहीं, बल्कि जिले की जनता की सामूहिक आवाज़ है। जब तक गरीब, किसान, मजदूर और कर्मचारी वर्ग को न्याय नहीं मिलेगा, तब तक यह संघर्ष निरंतर जारी रहेगा । पूर्व विधायक डॉ.विनय जायसवाल ने कहा कि भाजपा सरकार युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही है। रोजगार के अवसर लगातार घट रहे हैं और युवा हताश हैं। आम सभा और घेराव में युवाओं की भारी भागीदारी यह साबित करती है कि अब युवा वर्ग अन्याय के खिलाफ चुप नहीं बैठेगा। उन्होंने ने यह भी कहा कि दूषित पानी से हो रही मौतें और लगातार बिजली कटौती सरकार व प्रशासन की असफलता का जीवंत प्रमाण हैं। जनता इन मुद्दों को कभी नहीं भूलेगी और समय आने पर भाजपा सरकार को करारा जवाब देगी. आम सभा के बाद कलेक्टर कार्यालय का घेराव यह भी संदेश है कि जनता अब केवल आश्वासन नहीं, बल्कि ठोस समाधान चाहती है। यदि समस्याओं का शीघ्र निराकरण नहीं किया गया तो आंदोलन और अधिक व्यापक रूप लेगा। इस कार्यक्रम में कोरबा लोकसभा सांसद ज्योत्सना चरणदास महंत, जिला कांग्रेस अध्यक्ष अशोक श्रीवास्तव, पूर्व विधायक गुलाब कमरों एवं विनय जायसवाल, एन एस यू आई प्रदेश अध्यक्ष नीरज पांडे, विधायक प्रत्याशी रमेश सिंह, जिला पंचायत उपाध्यक्ष राजेश साहू, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष प्रभा पटेल, राजकुमार केसरवानी, मनेंद्रगढ़ शहर ब्लॉक अध्यक्ष सौरव मिश्रा, मनेंद्रगढ़ ग्रामीण अध्यक्ष रामनरेश पटेल, चिरमिरी ब्लॉक अध्यक्ष शिवांश जैन, खड़गवां ब्लॉक अध्यक्ष युधिष्ठिर कमरों, जनकपुर ब्लॉक अध्यक्ष अंकुर सिंह, कोटाडोल ब्लॉक अध्यक्ष रामु सिंह, एन एस यू आई जिला अध्यक्ष कासिम अंसारी, दिव्यम पाण्डेय, युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष हाफिज मेमन, महिला कांग्रेस जिला अध्यक्ष रूमा चटर्जी एवं निर्मला चतुर्वेदी, आदिवासी कांग्रेस जिला अध्यक्ष अमोल सिंह, किसान कांग्रेस जिला अध्यक्ष उपेंद्र द्विवेदी, पूर्व नगर पालिका उपाध्यक्ष कृष्ण मुरारी तिवारी सहित सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ता एवं आम नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## मातृ पोषण की तस्वीर बदलने वाली अनोखी पहल

**कोरिया।** छत्तीसगढ़ के उत्तरी हिस्से में स्थित वनांचल और आदिवासी बहुल कोरिया जिले में एक शांत लेकिन बेहद प्रभावशाली बदलाव देखने को मिला है। यह बदलाव न तो किसी बड़ी इमारत से आया और न ही महंगी तकनीक से, बल्कि एक साधारण से दिखने वाले पोषण लड्डू से। इस अभिनव पहल के पीछे जिला कलेक्टर एवं आईएएस अधिकारी चंदन संजय त्रिपाठी की दूरदर्शी और जनकेंद्रित सोच रही, जिसने मातृ एवं शिशु पोषण की दिशा में नया रास्ता खोला। कोरिया जिला लंबे समय से कुपोषण, महिलाओं में एनीमिया, कम वजन के नवजात शिशुओं और संतुलित आहार की कमी जैसी समस्याओं से जूझता रहा है। विशेषकर दूरस्थ ग्रामीण और आदिवासी क्षेत्रों में सरकारी योजनाओं के बावजूद अंतिम छोर तक पोषण पहुंचाना एक बड़ी चुनौती थी। इस स्थिति को समझते हुए जिला प्रशासन ने एक ऐसा समाधान खोजा, जो स्थानीय, सस्ता, स्वीकार्य और टिकाऊ हो। इसी सोच से जन्म हुआ ग्रामीण पोषण कार्यक्रम, जिसका केंद्र बना पोषक तत्वों से भरपूर लड्डू। इन लड्डुओं में मोटे अनाज (मिलेट्स), मूंगफली, गुड़, तिल, दालें और अन्य स्थानीय रूप से उपलब्ध आयरन व प्रोटीन युक्त सामग्री शामिल की गई। यह लड्डू न केवल पोषण से भरपूर थे, बल्कि स्वादिष्ट और पारंपरिक भी, जिससे गर्भवती और धात्री महिलाओं ने इन्हें सहज रूप से अपनाया। इस कार्यक्रम की सबसे बड़ी ताकत रही स्व-सहायता समूहों की भागीदारी। स्थानीय महिला समूहों को स्वास्थ्य विभाग और आईसीडीएस के मार्गदर्शन में स्वच्छता और पोषण मानकों के अनुसार लड्डू तैयार करने का प्रशिक्षण दिया गया। इससे एक ओर पोषण की गुणवत्ता सुनिश्चित हुई, वहीं दूसरी ओर ग्रामीण महिलाओं को आजीविका के नए अवसर भी मिले। कार्यक्रम को आंगनबाड़ी केंद्रों, आशा कार्यकर्ताओं और स्वास्थ्य कर्मियों के सहयोग से लागू किया गया। गर्भवती महिलाओं की नियमित निगरानी, लड्डुओं का वितरण और स्वास्थ्य संकेतकों की ट्रैकिंग की गई। साथ ही, पोषण परामर्श सत्रों के माध्यम से परिवारों को एनीमिया से बचाव और मातृ-शिशु स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया गया। कुछ ही समय में इसके सकारात्मक परिणाम सामने आने लगे। गर्भवती महिलाओं में हीमोग्लोबिन स्तर में सुधार, गर्भावस्था के दौरान बेहतर वजन वृद्धि और कम वजन वाले शिशुओं के मामलों में कमी दर्ज की गई। इसके साथ ही समुदाय का स्वास्थ्य तंत्र पर विश्वास भी बढ़ा। पोषण अब केवल सरकारी योजना नहीं, बल्कि सामुदायिक जिम्मेदारी बन गया। जिला प्रशासन का मानना है कि इस पहल की सफलता इसकी सरलता और स्थानीय सहभागिता में निहित है। आज कोरिया जिले का यह पोषण लड्डू मॉडल नवाचारपूर्ण शासन का उदाहरण बन चुका है और इसे अन्य आदिवासी व ग्रामीण क्षेत्रों में अपनाने पर चर्चा हो रही है।कोरिया जिले में एक लड्डू ने सिर्फ शरीर को नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ी के भविष्य को भी मजबूत किया है—यह साबित करते हुए कि बड़े बदलाव की शुरुआत अक्सर सबसे सरल विचार से होती है।

## मोतियाबिंद मुक्त भारत के जिले जिले में लगेगा शिविर

**कोरिया बैकुंठपुर।** भारत सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता के अनुसार अटल वयो अभ्युदय योजना के स्टेट एक्शन प्लान फॉर सीनियर सिटिजन्स के तहत 'मोतियाबिंद मुक्त भारत' कार्यक्रम को कार्ययोजना में शामिल किया गया है। इसके तहत जिले के ऐसे वरिष्ठ नागरिक, जो मोतियाबिंद की समस्या से पीड़ित हैं, उनके चिन्हांकन हेतु शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इन शिविरों में समाज कल्याण विभाग, स्वास्थ्य विभाग एवं स्थानीय निकाय की संयुक्त तत्वाधान में मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए पात्र हितग्राहियों का चयन किया जाएगा। इसी क्रम में शिविर का आयोजन 21 जनवरी को सामुदायिक भवन सोनहत में तथा 22 जनवरी को जिला मुख्यालय बैकुंठपुर के मानस भवन में किया जाएगा। इच्छुक वरिष्ठ नागरिक निर्धारित तिथियों पर शिविर स्थल में उपस्थित होकर जांच एवं लाभ हेतु पंजीयन करा सकते हैं।

## शिक्षा को प्रभावी बनाने पालक संघ के साथ शिक्षकों ने की बैठक

**कोरिया बैकुंठपुर।** शासकीय आदर्श कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बैकुण्ठपुर में पालक शिक्षक मेगा बैठक का सफल आयोजन किया गया। बैठक में मुख्य अतिथि शाला प्रबंधन विकास समिति कीअध्यक्ष श्रीमती अनीता तिवारी, सदस्य श्रीमती धर्मवती राजवाड़े, उदय शर्मा उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलन के साथ किया गया ।



सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत के उपरांत प्राचार्य ए. एल .गुप्ता के द्वारा पालक शिक्षक मेगा बैठक के उद्देश्य एवं शाला गतिविधियों से अतिथिगण ,पालक एवं छात्राओं को अवगत कराया गया बैठक में विद्यालय प्रबंधन द्वारा छात्राओं की पढ़ाई, उपस्थिति ,परीक्षा परिणाम एवं सह पाठयक्रम गतिविधियों की जानकारी पालकों को दी गई। कार्यक्रम के दौरान प्राचार्य के उदबोधन उपरांत पास्को एक्ट पर सुश्री एस. ए .अली, छात्र दिनचर्या पर श्रीमती जे. दुबे, बच्चा बोलेगा बेझिझक विषय पर श्रीमती जे.पी.जे.नायर, बच्चों ने आज क्या सीखा विषय पर श्रीमती के .सोनवानी ,बच्चों की अकादमीक प्रगति एवं परीक्षा पर चर्चा पर श्रीमती शर्मा , बस्ता रहित शनिवार पर श्रीमती एस.बानो,विद्यार्थियों के आयु व कक्षा अनुरूप स्वास्थ्य परीक्षण एवं पोषण की जानकारी पर श्रीमती एस मिश्रा ,जाति आय निवास एवं प्रतियोगी परीक्षाओं पर श्रीमती अनुश्री देव तथा डिजिटल प्लेटफॉर्म विषय पर अभिषेक गुप्ता द्वारा व्याख्यान दिया गया। सभी शिक्षक शिक्षिकाओं द्वारा पालकों से संवाद उपरांत शाला प्रबंधन विकास समिति के अध्यक्ष श्रीमती अनीता तिवारी ने पालकों से सीधा संवाद कर उन्हें जागरूक होने एवं बच्चों की दिनचर्या व बच्चों के परिणाम से लगातार अवगत होते रहने हेतु अनुरोध करते हुए जागरूक किया गया। इसी क्रम में श्रीमती धर्मवती राजवाड़े ने पालकों को शिक्षकों से हमेशा संपर्क में रहने हेतु प्रेरित किया। शिक्षकों ने पालको से छात्राओं की नियमित पढ़ाई गृह कार्य में सहयोग तथा सकारात्मक वातावरण प्रदान करने का आग्रह किया साथ ही साथ बालिकाओं के सर्वांगीण विकास हेतु शिक्षा के साथ संस्कारों के महत्व पर भी प्रकाश डाला गया बैठक का उद्देश्य पालकों और शिक्षकों के बीच आपसी संबंध में स्थापित करना तथा छात्राओं की शैक्षणिक प्रगति अनुशासन और सर्वांगीण विकास पर चर्चा करना था ।बालकों ने भी अपने सुझाव प्रस्तुत किया और विद्यालय द्वारा किए जा रहे शैक्षणिक प्रयासों की सराहना की बैठक के अंत में यह संकल्प लिया गया कि विद्यालय एवं पालक मिलकर छात्रों के उज्जवल भविष्य हेतु निरंतर सहयोग करेंगे तथा बोर्ड परीक्षाओं का परिणाम शत् प्रतिशत होने के साथ ही साथ प्रत्येक विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में ही उत्तीर्ण हो इसके लिए भी दृढसंकल्प लिया गया। कार्यक्रम का संचालन विपिन मिश्रा द्वारा किया गया जिनके द्वारा कार्यक्रम के बीच-बीच में अपने स्वरचित कविताओं द्वारा पालकों व शिक्षकों का मनोबल भी बढ़ाया गया।

# स्कूल वैन चेकिंग अभियान 51 वाहनों पर 29 हजार रुपये का किया चालान



### अगली बार लाइसेंस निरस्तीकरण की चेतावनी

**कोरिया बैकुंठपुर।** जिले में स्कूली बच्चों की सुरक्षित यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिला परिवहन विभाग द्वारा आज विशेष स्कूल वैन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत चरचा, सोनहत एवं बैकुंठपुर क्षेत्र में संचालित कुल 110 स्कूल वैनों की जांच की गई।

जांच के दौरान विभिन्न अनियमितताएं पाए जाने पर 51 स्कूल वैनों पर कुल 28,500 रुपये का चालान किया गया। प्रमुख रूप से बिना फिटनेस प्रमाण-पत्र, निर्धारित क्षमता से अधिक बच्चों का परिवहन तथा अन्य यातायात नियमों का उल्लंघन पाया गया। जिला परिवहन अधिकारी अनिल भगत ने वाहन चालकों एवं वाहन मालिकों को कड़े निर्देश देते हुए कहा कि भविष्य में इस प्रकार की लापरवाही बरतने पर लाइसेंस निरस्तीकरण सहित सख्त कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि स्कूली बच्चों की सुरक्षा से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। श्री भगत ने स्कूल प्रबंधन से भी अपील की कि वे अपने अधीन संचालित वाहनों एवं चालकों को स्पष्ट निर्देश दें और यह सुनिश्चित करें कि सभी नियमों का पालन हो। किसी भी प्रकार की लापरवाही की स्थिति में संबंधितों पर कठोर कार्यवाही की जाएगी।जिला परिवहन विभाग ने बताया कि आगे भी इस तरह के चेकिंग अभियान नियमित रूप से जारी रहेंगे, ताकि बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

## कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समीक्षा बैठक

**कोरिया बैकुंठपुर।** राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के प्रावधानों के अनुरूप शिक्षा की मुख्य धारा से अलग रह गए असाक्षर व्यक्तियों को मुख्य धारा में लाकर साक्षर बनाने के लिए उल्लास नवभारत साक्षरता अभियान चलाया जा रहा है। इसी के में नव भारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत जिला कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक साक्षरता अभियान को प्रभावी रूप से सफल बनाने हेतु चर्चा को गई। राज्य शासन के निर्देशानुसार 26 जनवरी 2026 को पूरे जिले में उल्लास मेले का आयोजन किया जाएगा। साथ ही, जिले को शत-प्रतिशत साक्षर बनाने हेतु 26 जनवरी तक नवीन सर्वेक्षण कार्य पूर्ण करना है। कलेक्टर श्रीमती त्रिपाठी ने निर्देश दिए कि साक्षरता मेले की तैयारी ग्राम स्तर पर तत्परता से की जाए तथा असाक्षर लोगों का सर्वेक्षण शत-प्रतिशत सुनिश्चित हो। उन्होंने नवसाक्षरों से मेले में क्रियात्मक प्रदर्शन की उम्मीद जताई। बैठक के उपरांत जिले को शत-प्रतिशत साक्षर बनाने हेतु उपस्थित सभी लोगों को शपथ दिलाई गई।

## भाजपा महिला मोर्चा की जिला कार्यसमिति सूची जारी



**कोरिया बैकुण्ठपुर।** भाजपा प्रदेशाध्यक्ष किरण सिंहदेव एवं प्रदेश महामंत्री संगठन पवन साय के मार्गदर्शन में भाजपा महिला मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष विभा अवस्थी के दिशा निर्देशानुसार एवं भाजपा जिलाध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी के सहमति से महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष रीता यादव ने महिला मोर्चा की जिला कार्यसमिति एवं मंडल अध्यक्षों की सूची घोषित की है। महिला मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष संगीता गुप्ता, रेखा वर्मा, लक्ष्मी यादव, जिला महामंत्री पुष्पा राजवाड़े, ममता कुशवाहा, जिला मंत्री लक्ष्मी साहू, बेगमती चिकनजूरी, कृष्णी राजवाड़े, रीना साहू, आंचल सिंह, जिला कोषाध्यक्ष विमला सिंह, सह कोषाध्यक्ष शीला राजवाड़े, जिला कार्यालय मंत्री गीता साहू, सह कार्यालय मंत्री पार्वती रजक, जिला मीडिया प्रभारी लक्ष्मी दास, सह मीडिया प्रभारी सरिता सोनी, जिला सोशल मीडिया प्रभारी रूपवती सोनपाकर, सह सोशल मीडिया प्रभारी ममता देवनाथ को पदाधिकारी नियुक्त किया गया। इसी क्रम जिला कार्यसमिति सूची में- उर्मिला साहू, सोनिया राजवाड़े, सरिता शिवहरे, कल्पना सारथी, शिल्पा शर्मा, गायत्री साहू, अंजू पैकरा, नीतू सिंह, गीता गिरी, सीमा सिंह, शिव कुमारी साहू, आरती काशी, सविता मिश्रा, राज कुमारी सिंह, परमेश्वरी, प्रमिला यादव, सुनिता चरेवा, रेखा चिकनजूरी, लीना शिवहरे, ललिता सोनी, राधा सोनी, दीपा साहू, सुमित्रा पाल, संगीता सोनी को बनाया गया है। स्थाई आमंत्रित सदस्य - अंजली जायसवाल, रमावती राजवाड़े, परमजीत कौर, नूरजहॉं शेख, मीना पैकरा, धर्मवती राजवाड़े, चुन्नी पैकरा, मंजू जिवनानी, रेखा सिंह, रेणु सिंह, सुनिता कुर्रे, ओमेश्वरी राजवाड़े, श्यामवती को बनाया गया है। विशेष आमंत्रित सदस्य - वंदना राजवाड़े, नविता शिवहरे, गायत्री सिंह, शिव कुमारी सोनपाकर, आशादेवी सोनपाकर, गीता राजवाड़े, संगीता सोनवानी, रीमा जायसवाल, ममता गोयन, प्रमिला सिंह, ज्योति देवांगन, शिल्पा गुप्ता, कुन्ती चक्रधारी, रूची बड़ेरिया, बलजीत कौर को बनाया गया है। महिला मोर्चा मंडल अध्यक्षों की सूची जारी - बैकुण्ठपुर मंडल से कुसुम जायसवाल, चरचा मंडल से झरमिला चेरवा, सलका से सुशीला राजवाड़े, कुड़ेली मंडल से बसंती पैकरा, पटना मंडल से चन्द्रकली राजवाड़े, बचरापोड़ी मंडल से आभा चौहान एवं सोनहत मंडल से लक्ष्मी राजवाड़े को बनाया गया है।

## राष्ट्रीय बाल निधि योजना के अंतर्गत हिंसा-प्रभावित बच्चों को शिक्षा एवं संरक्षण सहायता प्रदान करने की दिशा निर्देश जारी

**कोरिया बैकुंठपुर।** भारत सरकार के महिला एवं बाल विकास के तहत यह निर्देश जारी किया गया है कि राष्ट्रीय बाल निधि (नेशनल चिल्ड्रन फंड-एनसीएफ) योजना के अंतर्गत उन बच्चों को सहायता प्रदान की जाएगी जो आतंकी हिंसा, वामपंथी उग्रवाद अथवा सीमा पार फायरिंग के कारण अनाथ या बेसहारा हो गए हैं, जो आदिवासी एवं सीमावर्ती संवेदनशील क्षेत्रों में आता है, वहां ऐसे कई परिवार और बच्चे प्रभावित हुए हैं। ऐसे सभी पात्र बच्चों को इस योजना के अंतर्गत शिक्षा, छात्रवृत्ति, पालन-पोषण, स्वास्थ्य सुविधा एवं पुनर्वास सहायता दी जाएगी। योजना के अंतर्गत जिले में दी जाने वाली प्रमुख सहायता: स्कूल एवं उच्च शिक्षा के लिए छात्रवृत्ति भोजन, कपड़े एवं आवास सहायता चिकित्सा एवं मानसिक परामर्श बाल संरक्षण सेवाएं, पुनर्वास एवं भविष्य निर्माण सहायता, जिला प्रशासन, महिला एवं बाल विकास विभाग, बाल कल्याण समिति तथा जिला बाल संरक्षण इकाई द्वारा ऐसे बच्चों की पहचान कर उन्हें राष्ट्रीय बाल निधि योजना से जोड़ा जाएगा। जिले के सभी पात्र परिवारों से अपील है कि वे अपने क्षेत्र की बाल कल्याण समिति, जिला बाल संरक्षण कार्यालय से संपर्क कर इस योजना का लाभ प्राप्त करें। यह योजना हिंसा से प्रभावित बच्चों को सुरक्षित भविष्य, शिक्षा और सम्मानजनक जीवन प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।उक्त संबंध में अन्य आवश्यक जानकारी हेतु जिला बाल संरक्षण इकाई, महिला एवं बाल विकास विभाग बैकुण्ठपुर या दूरभाष नंबर 9425256713 पर संपर्क कर सकते है।

# पेसा एक्ट के प्रावधानों पर अमल किया तो मुश्किल में पड़ जाएगी रूंगटा की राह

## कोयला खनन की प्रक्रिया को लेकर तीखे हैं तेवर

**कोरबा।** भारत सरकार ने कोरबा जिले में रूंगटा कंपनी को कोल ब्लॉक का आवंटन सीमांत क्षेत्र में किया है। एमसीबी जिले के चिरमिरी के नजदीक यह इलाका विजय वेस्ट माइंस के आसपास का बताया जा रहा है। लोगों ने रूंगटा कंपनी को कोल ब्लॉक का आवंटन को लेकर नियमों की बेकद्री करने का आरोप लगाया है। अगर इस मामले में पेसा एक्ट के सभी प्रावधानों पर अमला होता है तो मौके से कोयला खनन की प्रक्रियाएं लटक सकती है, इसकी पूरी गुंजाइश है।

कोरबा जिले में पीआईएल के बाद बालको को चोटिया क्षेत्र में कोयला खनन के अधिकार पिछले वर्षों में दिए गए। खबर के अनुसार जितनी मात्रा में कोयला का दोहन किया जाना था, उससे कहीं ज्यादा का विदोहन यहां से किया गया, बाद में इसे लेकर विवाद की स्थिति निर्मित हुई। जिले में किसी और क्षेत्र में एसईसीएल के अलावा गैर कंपनी को इस तरह के अधिकार उपरोक्त दो मामलों के अलावा नहीं दिए गए। हालिया स्थिति में रूंगटा कंपनी को पोड़ी उपरोड़ा विकासखंड में कोल ब्लॉक आवंटित करने के बाद से ही विवाद बना हुआ है। बीजाडांड, पुटीपखना, सेमरा और आसपास के पांच गांव के लोग इसके विरोध में हैं। रानीअटारी क्षेत्र तक विरोध की आग फैली हुई है। लोगों का सीधे तौर पर कहना है कि जब जिले को पांचवीं अनुसूची में शामिल किया गया है और यहां कानून के हिसाब से पेसा एक्ट प्रभावशील है तो ग्रामसभा और उसके प्रस्ताव की अनदेखी कैसे की गई। इसके बिना जनसुनवाई भी नहीं हो सकती और न ही अगली प्रक्रियाओं को बढ़ाया जा सकता है।

लोगों ने जिला प्रशासन को ज्ञापन के साथ एसडीएम को भी अवगत कराया है। किसी प्रकार की हलचल न होने पर उन्होंने बेमुद्दत आंदोलन शुरू कर दिया। उनका कहना है कि नियम-कायदे के साथ ही यहां पर काम हो सकता है। इसके बिना हम किसी कंपनी को घुसने नहीं देंगे।



### अमेरा घटनाक्रम ने डराया सिस्टम को

याद रहे साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड द्वारा अंबिकापुर जिले में अमेरा कोल माइंस के विस्तार को लेकर पिछले दिनों कवायद की गई। जंगल और जल स्त्रोत के पास तक खनन विस्तार को लेकर अड़ गए। उन्होंने अपने स्तर पर कार्यों का विरोध किया। उनका कहना था कि हर मामले में मनमानी की जा रही है और वर्दी की धौंस पर हम लोगों को डराया जा रहा है। सरकारी दबाव तेज हुआ तो लोग भी सामने आ गए। इस दौरान झड़प के साथ खून-खराबा की स्थिति भी निर्मित हुई। यही एक कारण है कि पोड़ी उपरोड़ा विकासखंड में रूंगटा कंपनी के कोल ब्लॉक को लेकर विरोध की आग भड़की हुई है। सिस्टम को चलाने वाला वर्ग अमेरा से डरा हुआ है।

# कुत्तों के प्रति दीवानगी के चक्कर में बढ़ रहे अटैक के मामले, लोग भयभीत

**कोरबा।** शहर और आसपास के इलाकों में इंसानों पर बड़े और आवारा कुत्तों के हमले लगातार बढ़ रहे हैं। पिछले दो-तीन महीनों के औसत पर नजर डालें, तो हर महीने 25 से अधिक लोग इन कुत्तों के शिकार होकर घायल हो रहे हैं। शहर में कुत्तों को नियंत्रित करने वाली यूनिट की मौजूदगी नाममात्र की रह गई है, जिससे लोग भय के माहौल में जी रहे हैं।

नगर निगम क्षेत्र में कुत्तों के हमलों की घटनाएं अन्य इलाकों की तुलना में अधिक हैं। हालांकि ग्रामीण और बाहरी क्षेत्रों में भी ऐसे मामले सामने आ रहे हैं, पर उनकी संख्या अपेक्षाकृत कम है। आवारा और आक्रामक कुत्तों को नियंत्रित करने का जिम्मा जिनके पास है, वे खुद ही नदारद दिखाई दे रहे हैं।

सूत्रों के अनुसार, कुत्ता काटने की घटनाओं में पीड़ितों को सरकारी अस्पतालों में चिकित्सा सुविधा प्रदाय की जा रही है। मेडिकल कॉलेज से लेकर सभी सीएचसी और पीएचसी में रैबिज के इंजेक्शन उपलब्ध कराए गए हैं। सामान्य तौर पर ऐसे प्रकरणों में निजी स्तर पर सेवाएं लेना लोगों को महंगा पड़ सकता है जबकि सरकार ने अपने अस्पतालों में कम्युनिटी फेसेलिटी के अंतर्गत इस चिकित्सा को नि:शुल्क किया है। बताया गया कि कुत्ते के अटैक के प्रकरणों में 3-4-7 और 28 दिन की अवधि में



इंजेक्शन लेने से खतरों को टाला जा सकता है।

### खतरे को ना करें नजरअंदाज

कुत्तों के द्वारा इंसान को कांटे जाने के मामले में यह बात मायने नहीं रखती की जिस स्थान पर अटैक हुआ है वहां से खून निकला या नहीं। कपड़े के ऊपर से भी अगर कुत्ते ने अटैक किया है और दांत के निशान उभरे हैं, तब भी हर हाल में बचाव के लिए रेबीज के इंजेक्शन लगवाने जरूरी हैं। भले ही सामान्य तौर पर आपको कुछ ना हो लेकिन इसका असर 6 महीने बाद दिख सकता है।

**डॉ पुष्पेश कुमार, मेडिकल ऑफिसर केएमसी कोरबा**

## नितिन के अध्यक्ष बनने पर मनाया जश्न

**कोरबा।** प्रदेश के भाजपा प्रभारी नितिन नवीन को अंतत: पार्टी का राष्ट्रीय अध्यक्ष चुन लिया गया। वे निर्विरोध निर्वाचित हुए। इससे पहले उन्हें पिछले महीने कार्यवाहक अध्यक्ष नियुक्त किया गया था। आज राष्ट्रीय अध्यक्ष की घोषणा होने के साथ कार्यकर्ता खुश नजर आए। ट्रांसपोर्ट नगर चौराहे पर पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी करने के साथ लोगों का मुंह मीठा कराया। इस अवसर पर जिला भाजपाध्यक्ष गोपाल मोदी, महामंत्री अजय विश्वकार्म, संजय शर्मा, कोषाध्यक्ष अजय पांडेय सहित अनेक पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## पाम मॉल के सामने जाम, अधिकारियों को करनी पड़ी बैठक

**कोरबा।** सड़क सुरक्षा जागरूकता माह 31 जनवरी तक संचालित होगा। सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के साथ-साथ आवागमन से जुड़ी चुनौतियों का समाधान खोजना इसका उद्देश्य है। ट्रांसपोर्ट नगर चौराहा के आगे पाम मॉल के सामने अक्सर लगने वाले जाम को लेकर अधिकारियों को आज बैठक करनी पड़ गई। सिविल लाइन पुलिस थाना में यह बैठक रखी गई, जिसमें कई बिंदुओं पर विचार मंथन हुआ।

समय से महसूस किया जा रहा है कि दोपहर से लेकर रात तक कई मौके पर माल के सामने जाम की स्थिति निर्मित होती है जिसके कारण आवागमन पर बुरा असर पड़ता है। लोग परेशान होते हैं। दुपहिया से लेकर चार पहिया वाहनों की लंबी लाइन लग जाने के चक्कर में जन सामान्य को भारी दुश्वारियां को झेलना पड़ता है। इस वजह से कामकाज प्रभावित होता है और लोग सही समय पर कार्य स्थल भी नहीं पहुंच पाते। ऐसे में एक दूसरे से आगे निकलने की होड़ के चक्कर में दुर्घटनाएं भी हो जाती हैं वही टेंशन को लेकर इस रास्ते में कई मौके पर मारपीट लेकर अभद्रता हो चुकी है। इन सब चीजों को ध्यान में रखते हुए नगर पुलिस अधीक्षक प्रतीक चतुर्वेदी ने आज अधिकारियों की बैठक ली। इस बैठक में तहसीलदार दीपक पटेल, नगर निगम के जोन कमिश्नर अखिलेश शुक्ला, सिविल लाइन थाना प्रभारी नवीन पटेल सहित व्यावसायिक संस्थान के नितेश सिंह, अनिकेत पांडेय, ट्रैफिक पुलिस से असिस्टेंट सब इंस्पेक्टर मनोज राठौर महिपाल सिंह और कारपोरेशन के विकास शुक्ला ने उपस्थिति दर्ज कराई। इस बैठक में जाम लगने के जिम्मेदार कारणों एवं इसके समाधान पर विमर्श हुआ। अधिकारी ने जाना की मुख्य मार्ग के ठीक सामने जिस तरह की परिस्थितियों पैदा हो रही है, उसे दूर करने के लिए व्यावसायिक संस्थान क्या कर रहा है और ट्रैफिक पुलिस किस तरह की कार्रवाई कर रही है। इस बात पर भी मंथन हुआ कि स्थाई रूप से ऐसे मसले सामने ना आए, इसके लिए क्या हो सकता है। बताया गया की बैठक में की पॉइंट नोट किए गए और इसके हिसाब से आगे कार्य योजना बनाने का निर्णय लिया गया।



## 84बड़े बकायादारों के नाम सार्वजनिक किए निगम ने

**कोरबा।** नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा आज 84 बड़े बकायादारों के नाम सार्वजनिक करते हुए उनसे कहा है कि वे शीघ्र करों की बकाया राशि निगम कोष में जमा कराएं अन्यथा उनके विरूद्ध कुर्की की कार्यवाही की जाएगी, जिसके लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे। निगम के इन बड़े बकायादारों के द्वारा बकाया कर की राशि नहीं जमा कराई जा रही परिणाम स्वरूप यह बकाया करों की राशि करोड़ों में पहुंच चुकी है। निगम को सम्पत्तिकर, जलकर, भवन, दुकान किराया सहित अन्य करों की करोड़ो रूपये की राशि बकायादारों, करदाताओं से प्राप्त करना शेष है। निगम द्वारा बार-बार नोटिस वारंट आदि जारी किए जाने व ताकीद किए जाने के बावजूद अनेक बकायादारों द्वारा बकाया राशि का भुगतान नहीं किया जा रहा है, इससे एक ओर जहाँ निगम को आर्थिक क्षति उठानी पड़ रही है, वहीं दूसरी ओर बकाया करों की राशि बढ़ती जा रही है, साथ ही बकायादारों की इस उदासीनता से नगर का विकास अवरूद्ध होता है।

## शरीर को स्वस्थ रखने के लिए जरूरी है खेल: गोपाल



**कोरबा।** भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष गोपाल मोदी ने कहा है कि मानसिक विकास के लिए जिस तरह से हमें बौद्धिक संपदा से जुड़ी चीजों पर ध्यान देना चाहिए। उसी प्रकार से शरीर को ठीक-ठाक रखने के लिए खेलकूद पर भी ध्यान दिया जाए। ऐसे खेल किसी भी प्रकार के हो सकते हैं।

कोरबा जिले के तिलकेजा गांव में आयोजित प्रदेश स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता के समापन अवसर पर गोपाल मोदी ने इस बात को कहा। उन्होंने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करने के साथ पुरस्कार भी बांटे। नगर निगम कोरबा के पार्षद रामकुमार साहू विशेष अतिथि के तौर पर इस कार्यक्रम में शामिल हुए। श्री मोदी ने कहां की कबड्डी भारत का लोकप्रिय खेल है और सरकार की नई खेल नीति से इसे काफी बढ़ावा मिला हुआ है। उन्होंने याद दिलाया कि पिछले दिनों बांग्लादेश में महिला कबड्डी का आयोजन हुआ था जिसमें हमारी भारतीय टीम विजेता रही । कबड्डी टूर्नामेंट में प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों की अनेक टीमों ने भागीदारी की और अपने बेहतर खेल का प्रदर्शन किया। नॉकआउट पद्धति से टूर्नामेंट का आयोजन स्थानीय संगठन की ओर से कराया गया। अनेक प्रतियोगिताओं में भागीदारी करने वाले रेफरी इस टूर्नामेंट में सेवा देने के लिए आमंत्रित किए गए जिन्हें अंतिम दिवस सम्मानित किया गया।

## भूविस्थापितों की समस्याओं पर होगी चर्चा

**कोरबा।** एसईसीएल मानिकपुर परियोजना के द्वाराग्राम भिलाई खुर्द की जमीन को अतिग्रहित किया गया है। अभी तक भूविस्थापितों के समस्याओं को दूर नही करने से ग्रामीणजन नाराज है आज सभी समस्याओं को लेकर विस्तार के साथ चर्चा की जाएगी। जिसमें प्रदेश के पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल शहर अध्यक्ष मुकेश राठौर नारायण कुर्रे पालू राम साहू रामकुमार कुर्रे एडी जोशी राजेन्द्र तिवारी सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहेगें। यहां के ग्रामीण लंबे समय से मुआवजा व नौकरी की मांग कर रहे है। कई बार अधिकारियों के साथ वार्ता भी हो चुकी है। ठोस नतीजे नही आने से ग्रामीण जन नाराज है।

## सम्मेलन में शामिल हुए कार्यकर्ता

**कोरबा।** बसपा के राष्ट्रीय नेता मायावती के जन्म दिन पर सारागढ़ में एक सम्मेलन आयोजित किया है। जिसमें बसपा के जिलाध्यक्ष फुलचंद सोनवानी के नेतृत्व में दो सौ कार्यकर्ता शामिल हुए कटघोरा विधानसभा क्षेत्र के अध्यक्ष राघवेन्द्र मनहरण कोरबा गज्जू चौहान, त्रिवेणी भास्कर, महेन्द्र निराला, राजकुमारी नारंगें के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

# स्थानीय प्रतिभाओं के साथ बालको लिख रहा आत्मनिर्भर छत्तीसगढ़ की इबारत

**कोरबा।** आज के समय में बेहतर करियर के लिए युवाओं को अक्सर अपने परिवार, गाँव-शहर और जड़ों से दूर जाना पड़ता है। करियर के अवसर और अपनों के साथ रहने के बीच चयन करना आज के युवाओं के लिए एक आम दुविधा बन गया है। छत्तीसगढ़ की एकमात्र एल्यूमिनियम उत्पादक कंपनी बालको इस धारणा को बदलते हुए राज्य में ही रोजगार के अवसर उपलब्ध करा रही है। इससे स्थानीय प्रतिभाओं को बिना अपने राज्य से बाहर गए, अपने घर के पास रहते हुए आगे बढ़ने का अवसर मिला है।

बालको ने विस्तार परियोजना, आधुनिक तकनीक और कौशल विकास में लगातार निवेश किया है। इससे इंजीनियरिंग, प्रचालन, रखरखाव, सुरक्षा, प्रशासन, सामुदायिक विकास और अन्य क्षेत्रों में अच्छे रोजगार के अवसर बने हैं। इससे स्थानीय प्रतिभाओं को राज्य से बाहर जाए बिना ही बड़े और वैश्विक स्तर के काम करने का मौका मिल रहा है। युवाओं के लिए बालको में नौकरी सिर्फ एक रोजगार नहीं, बल्कि परिवार के सपनों की पूर्ति है। इन्हीं में से एक रायगढ़ के रिशोरा गांव की रहने वाली स्मिता प्रधान, जो बालको में जूनियर एग्जीक्यूटिव के रूप में कार्यरत हैं, वे कहती हैं कि जब मैंने अपने माता-पिता को बताया कि मेरा चयन बालको में हो गया है, तो उनकी खुशी का ठिकाना नहीं रहा। उनके लिए यह सपना सच होने जैसा था



कि उनकी बेटी छत्तीसगढ़ में रहकर ही अपना भविष्य बना रही है। तीन साल के अनुभव को साझा करते हुए स्मिता बताती हैं कि मुझे कभी नहीं लगा कि मेट्रो शहर में काम न करने से मैं कुछ खो रही हूं। मैं यहां लगातार सीखते हुए आगे बढ़ रही हूं, इसके लिए मैं कंपनी की बेहद आभारी हूं।

इसी तरह रायगढ़ की मिथिला प्रधान, जो पॉटलाइन में जूनियर एग्जीक्यूटिव के रूप में कार्यरत हैं। वे बताती हैं कि रसायन विज्ञान में मास्टर्स करते समय मैंने कभी नहीं सोचा था कि मुझे इतना आधुनिक और औद्योगिक वातावरण मिलेगा। यहाँ हर दिन कुछ नया सीखने को मिलता है, जो मेरे भविष्य को आकार दे रहा है। साथ ही अपने जड़ों से जुड़े रहते हुए आगे बढ़ना मेरे लिए बेहद संतोषजनक है।

फाउंड्री में शिफ्ट इंचार्ज देवाशीष पटेल के लिए बालको का माहौल उनके कॉलेज के दिनों की याद दिलाता है। वे कहते हैं कि यहां सीखने का तरीका बहुत सहयोगात्मक और व्यावहारिक है। काम के बाद टाउनशिप के खुले और हरित वातावरण में समय बिताना उन्हें सुकून देता है। बालको अस्पताल के बारे में वे बताते हैं कि मेरे माता-पिता को नियमित स्वास्थ्य सुविधा मिलती है, इससे मुझे बहुत मानसिक शांति मिलती है।

बेक ओवन में कार्यरत पीजीटी मनीष कुमार पटेल बताते हैं कि बालको छत्तीसगढ़ के कॉलेजों से युवाओं को अवसर देता आ रहा है। वे कहते हैं कि जो अवसर पहले दूर लगते थे, वे आज हमारे अपने राज्य में ही मिल रहे हैं। हाल ही में शादी के बाद मनीष कहते हैं कि बालको ने संयंत्र के वातावरण को लेकर मेरी सोच बदल दी है। यहां हरा-भरा परिसर, परिवार के लिए आवास और अच्छा कार्य-जीवन संतुलन मिलता है। आज जब जूनियर मुझसे सलाह लेते हैं, तो मैं गर्व से अपने काम और संगठन दोनों के बारे में बताता हूं।

ऐसे समय में जब अवसर अक्सर दूरी की मांग करते हैं, बालको एक स्थायी और समावेशी विकल्प प्रस्तुत करती है, ऐसी प्रगति, जो अपनी जड़ों में पनपती है और समुदाय को भीतर से सशक्त बनाती है। बालको के 70 प्रतिशत से अधिक प्रत्यक्ष कर्मचारी और 80 प्रतिशत से ज्यादा अप्रत्यक्ष कर्मचारी छत्तीसगढ़ से ही हैं। कंपनी स्थानीय प्रतिभाओं को पहचान कर उन्हें आगे बढ़ने का मंच देती है।

शॉपफ्लोर से लेकर तकनीकी, सुपरवाइजरी और प्रबंधन स्तर तक, बालको योग्यता और क्षमता के अनुसार अवसर प्रदान करता है। इस तरह बालको न सिर्फ छत्तीसगढ़ के विकास में योगदान दे रहा है, बल्कि आत्मनिर्भर भारत के सपने को भी साकार कर रहा है। यही कारण है कि बालको आज भारत की एक प्रतिष्ठित और भरोसेमंद एल्यूमिनियम कंपनी के रूप में पहचानी जाती है।

## बिजली खंभे को ठोका वाहन ने

**कोरबा।** कोरबी चौकी पोड़ी खुर्द गांव में भारी वाहन की ठोकर से एक बिजली खंभा क्षतिग्रस्त हो गया। इसका असर आसपास के कुछ हिस्से के खंभों पर हुआ। लाइन ट्रिप होने से परेशानी हुई। बताया गया कि चालक की लापरवाही के कारण यह घटना हुई। कोरबी पुलिस ने सूचना पर चालक के खिलाफ लोक संपत्ति को नुकसान पहुंचाने का मामला दर्ज किया है। चौकी प्रभारी एसके जोगी ने बताया कि सीएसईबी को मामले से अवगत कराया गया। कुछ घंटे बाद मैदानी अमले की ड्यूटी लगाई गई। उसने आपूर्ति को व्यवस्थित किया। इससे पहले भी कुछ इलाकों में ऐसे मामले प्रकाश में आए।

**आवश्यकता है**
SKIN CARE CLINIC
एचआईजी-4 नेहरू नगर बुधवारी बाजार के पास, कार्य करने हेतु महिला की आवश्यकता है।
संपर्क करें
मो. नं.-98263 89894

## ड्यूज बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता, कृष्णा इलेवन व एमएस क्लब कोरबा ने अपने-अपने मैच जीते



**कोरबा।** मन्दयंती स्पोर्ट्स सोसायटी, कोरबा द्वारा आयोजित अखिल भारतीय ड्यूज बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता के दूसरे दिन सेंट्रल स्टेडियम, एसईसीएल में कृष्णा इलेवन विरुद्ध ...ष्ट बिलासपुर के मध्य खेला गया।

जिसमें कृष्णा इलेवन विजय रहा प्रथम मैच के मुख्य अतिथि श्री राकेश श्रीवास्तव , विशिष्ट अतिथि सुशील गर्ग उपस्थित रहे।दूसरा मैच ब्रजराज नगर (उड़ीसा) विरुद्ध रूस क्लब कोरबा के मध्य खेला गया जिसमें रूस क्लब कोरबा विजय रहा। दूसरे मैच के मुख्य अतिथि बी.बी साहू अध्यक्ष, जिला क्रिकेट संघ कोरबा व एमबी पटेल टी आई, कोतवाली व विशिष्ट अतिथि विवेक शर्मा जी,जीत सिंह उपस्थित रहे।इस अवसर पर विकास सिंह , अध्यक्ष, मन्दयंति स्पोर्ट्स सोसायटी, अशोक लोध ,सुनील शर्मा , महेंद्र सिंह ,अनिल प्रजापति ,अंकित वर्मा जी,वीर सिंह जी,अमित सिंह व भारी संख्या में खेलप्रेमी एवं दर्शकगण उपस्थित रहें।







स्वामी कौशल किशोर मिश्र की ओर से प्रकाशक, मुद्रक सुभाष अग्रवाल द्वारा आकाश आफसेट प्रिंटर्स से मुद्रित कर तिलक मार्ग, ट्रांसपोर्ट नगर, कोरबा से प्रकाशित, संपादक सुभाष अग्रवाल फोन: 221149, मो. : 9425224167 आर.एन.आई. पंजी. नं. 50254/89, ई-मेल tarunpresskrb@gmail.com